## संक्षिप्त खबरें

### अंजान शहीद पर मिलाद शरीफ का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा प्रखंड के हुर मध्या गांव स्थित हजरत अब्दुल लतीफ बियाबानी रहमतुल्लह अलैह (अंजान शहीद) की मजार पर शुक्रवार को मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। इसके पूर्व कुरआन ख्वानी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अकीदतमंदों ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत की। मिलाद शरीफ की शुरुआत कुरआन शरीफ की आयत तिलावत कर की गई। शायरों के द्वारा हजरत अब्दुल लतीफ बियाबानी रहमतुल्लह अलैह की शान में नातिया कलाम पेश किया गया। कारी असगर अली कल्याणपूरी ने जिस्म है मेरा कहीं पर और कहीं पर जान है, दिल है हिंदुस्तान में तैबा में मेरा ध्यान है.... नातिया कलाम पेश किया। हाफिज नूर आलम ने आमना की गोद में कौन है इनका सुल्तान है ऐसा लगता है कि जैसे रेहल पर कुरआन है ...., मुफ्ती मोजाहिद हुसैन ने गम के मारे सुनो, बेसहारो सुनो सब कौनेन के आस्ताने चलो.. नातिया कलाम पेश कर खूब वाहवाही लूटी। इसके बाद उपस्थित लोगों के बीच तकरीर करते हुए हाफिज परवेज अख्तर ने कहा कि मुसलमानों को कुरआन की रोशनी में जिंदगी गुजारनी चाहिए।

## आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत लगाया गया शिविर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को हुसैनाबाद प्रखंड के दरूवा बेनी पंचायत में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रौशन कुमार, मुखिया बबिता देवी, पंसस प्रिति सिंह आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है।बीडीओ ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन के द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। मौके पर मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी प्रशांत कनीय अभियंता निरज कुमार कुमार, पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी, शमीम, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, बिमलेश पासवान समेत प्रखंड व अंचल समेत कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में आरसीआईटी के 59 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** आरसीआईटी के सभागार में अयोजित दो दिनी कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में पुणे के सुब्रोस इंडिया लिमिटेड ने 59 छात्रों का चयन किया। आरसीयू के चांसलर डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आरसीयू की ओर से छात्रों को सारी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय इसका भरपूर प्रयास किया जाता है। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह एवं उप निदेशक अनुराग चंद्रवंशी के अथक प्रयास से छात्रों का प्लेसमेंट संभव हो पा रहा है। टी एंड पी के अधिकारी के अनुसार अगले दो महीने में छह कंपनी प्लेसमेंट के लिए आने वाली है जिसमें इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक के छात्रों का चयन करेगी। प्लेसमेंट में गढ़वा पॉलीटेक्निक व विश्रामपुर आइटीआई के छात्र शामिल हुए थे। चयन प्रक्रिया में प्रशिक्षण व प्लेसमेंट के अधिकारी महताब खान, राजमोहन ठाकुर, अफजल अली एवं निलेश सिंह आदि शामिल होकर सफल संचालन किया।

## सोन घाटी पुरातत्व परिषद के संस्थापक सचिव तापस डे का निधन



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद शहर निवासी सोन घाटी पुरातत्व परिषद के संस्थापक सचिव सह दुर्गाबाड़ी हुसैनाबाद के संस्थापक सदस्य 65 वर्षीय तापस डे का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार की सुबह पटना के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनका दाह संस्कार शुक्रवार को पटना स्थित गंगा घाट पर किया गया। निधन की खबर से हुसैनाबाद के राजनीतिक गैर राजनीतिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सोन घाटी पुरातत्व परिषद व दुर्गाबाड़ी समिति ने शोक सभा का आयोजन कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। तापस डे के निधन पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, भाजपा नेता विनोद सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह,प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह, रामप्रवेश सिंह, इंटक के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि तापस डे धार्मिक सामाजिक कार्यों के साथ साथ पुरातत्व के क्षेत्र में काफी सक्रिय रहते थे। उनकी कमी समाज को हमेशा महसूस की जाएगी। उन्होंने उनकी आत्मा की शांति की कामना की। सोन घाटी पुरातत्व परिषद के अध्यक्ष अंगद किशोर, अभिषेक प्रसाद,वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र कुमार चंदेल जफर हुसैन, कमलेश कुमार, आलोक कुमार, उदय प्रकाश ओझा, सैयद नौशाद, संजय कुमार ओझा, अखिलेश पासवान, जेएमएम के रामप्रवेश सिंह, मुखिया संतोष कुमार सिंह, दिनेश कश्यप, उदय सोनी,देवेंद्र प्रसाद गुप्ता समेत अन्य ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की है।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 6 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 6 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 6 लोगों पर 58 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें हैदरनगर थाना क्षेत्र के साजन कुमार, संजय कुमार, बहादेव साव, विजय चौहान, कैलाश चौहान व ब्रजेंद्र सिंह का नाम शामिल हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार व रंजित कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है।

## एचडीएफसी बैंक में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** शहर के चिनिया रोड स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा के परिसर में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय, शाखा प्रबंधक अमित कुमार शुक्ला, एरिया हेड तुषार रंजन, ऑपरेशन हेड छाया कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। रक्तदान शिविर में कुल 26 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। उन्होने कहा कि एचडीएफसी बैंक द्वारा अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए सामाजिक क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन करना बहुत बड़ा सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करना है। शाखा प्रबंधक अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक वर्ष एचडीएफसी बैंक की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में बैंक कर्मी आगे बढ़कर रक्तदान करते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर एचडीएफसी बैंक कर्मियों के द्वारा सामाजिक कार्य किए जाते हैं। एरिया हेड तुषार रंजन ने बताया कि कुल 26 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर संजय कुमार, गोपाल, आशीष कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित है।

## सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति पहुंचना ही मुख्य उद्देश्य : गीता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पड़वा (पलामू) :** शुक्रवार को कजरी पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख गीता मेहता, अंचलाधिकारी हलधर सेठी, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ऊर्फ मंटू सिंह, मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे. इस अवसर पर प्रमुख गीता देवी ने कहा की सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचना ही शिविर का उद्देश्य है. मुखिया रंजना कुमारी ने कहा की समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ मिले इसे लेकर आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से योजनाओं की जानकारी भी मिलता है। शिविर में जेएसएसपीएल के तरफ से समूह की महिलाओं को लॉन के लिए चेक दिया गया।

## पांकी के माड़न में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांकी :** प्रखंड के माड़न पंचायत के राजकीय कृत मध्य विद्यालय माड़न के परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, पंचायत के मुखिया साजदा खातून जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिविर में उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं योग्य लाभुकों को हाथों हाथ आवेदन भी जमा करवाया, इस दौरान प्रखंड प्रमुख के हाथों शिविर में परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया, साथ ही प्रखंड के विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉल, शिविर में ग्रामीणों ने समस्याओं के निष्पादन हेतु दोपहर बाद तक हजारों आवेदन जमा किया, जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पशुधन योजना आयुष्मान कार्ड योजना के लगाए गए स्लॉट में आवेदकों की भारी भीड़ भी देखी गई। शिविर में अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह उपस्थित होकर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना साथ ही परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। मौके पर माड़न मुखिया पति रफीक अंसारी, आशीष कुमार, शिक्षा विभाग बीपीओ राजू कुमार सिंह, सी.आई महावीर प्रसाद, इंजीनियरिंग कनीय अभियंता मनोज कुमार, डॉ. सरना लकड़ा, कृषि विभाग यशवंत कुमार, महिला प्रवेक्षिका गीता सिंह सहित सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## रंका एनएच 343 बुढ़ापरास मुख्य सड़क पर टेलर पिकअप के टक्कर से दो व्यक्ति हुए घायल

**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएच 343 बुढ़ापरास मुख्य सड़क पर पिकअप और टेलर में हुई टक्कर पिकअप चालक उपचालक हुआ घायल। इस संबंध मे सोनदाग पंचायत के मुखिया पति हेमंत पासवान ने बतलाया कि अंबिकापुर से पिकअप रंका हुरदाग अपना घर आ रहा था जो बुढ़ापरस एन एच 343 के पास गढ़वा की ओर से टेलर रामानुजगंज की ओर जा रहा था जो बुढ़ापारस के पास टेलर और पिकअप में आमने-सामने की टक्कर हो गई जिससे पिकअप चालक नंदू यादव का बेटा छोटू यादव घायल हो गया वही उसका एक उप चालक साथी भी घायल हो गया है जिसे रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराई जा रही है आगे बाहर जाकर इलाज के लेकर मुखिया पति के द्वारा आर्थिक सहयोग भी की गई है।

## हरिहरगंज में नियमित रूप से बिजली आपूर्ति बहाल हो : राजीव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** क्षेत्र में निर्वाध रूप से बिजली मिले, इसके लिए हरिहरगंज में स्थाई रूप से विद्युत कनीय अभियंता की पदस्थापना हो अन्यथा उपभोक्ता आंदोलन करेंगे। उक्त बातें भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने शुक्रवार को न्यू सब्जी मंडी स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही, उन्होंने कहा कि बिजली समस्या को लेकर वे पहले भी आंदोलन किया था जिसमें बिजली नियमित रूप से देने का आश्वासन विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा दिया गया था बावजूद पिछले तीन-चार दिनों से बिजली की आपूर्ति बदतर हो गयी इससे उपभोक्ताओं में काफी रोष है। मामले को लेकर उन्होंने विद्युत महाप्रबंधक से नियमित बिजली आपूर्ति तत्काल बहाल करने तथा हरिहरगंज में स्थाई रूप से जेई की पदस्थापना करने की मांग की है। मौके पर शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह, भाजपा नेता विजय प्रजापति, शंभू यादव के अलावे बलराम ठाकुर, छोटू कुमार, अजीत कुमार, अभय कुमार, संजय कुमार, मोहम्मद हुसैन नंदकिशोर मेहता, गोपाल प्रसाद, दिनेश स्वर्णकार आदि मौजूद थे।

## बीडीओ ग्रामीणों की शिकायत पर पीडीएस दुकान की किया जांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने शुक्रवार को जंगीपुर उरांव टोला स्थित जनवितरण प्रणाली की दुकान की जांच किया। जांच के दौरान डीलर बबलू उरांव के द्वारा लाभुकों को कम राशन दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये डीलर को कड़ी फटकार लगाई तथा चार दिनों के अंदर पूरा राशन वितरण करने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार जंगीपुर उरांव टोला के लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ से डीलर बबलू उरांव के द्वारा तीन माह से आधा राशन दिये जाने की शिकायत किया था। शिकायत के बाद बीडीओ ने तत्काल दुकान पहुंचकर मामले की जांच किया. जांच के दौरान लाभुकों की शिकायत सही होने पर डीलर को कड़ी फटकार लगाई तथा अपनी उपस्थिति में लाभुकों के बीच तौल कर राशन का वितरण कराया. उन्होंने डीलर को चार दिनों के भीतर शेष बचे अनाज को वितरित करने का कड़ा निर्देश दिया उन्होंने डीलर को अगली बार शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दिया।

## दो बाइको की टक्कर में तीन लोग घायल एक को मामूली चोट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के समीप शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोगों ने बताया कि 12:30 बजे के करीब कशीयाडवा गांव निवासी राजू मेहता अपने बाइक पर सब्जी बेचने को लेकर केतार बाजार जा रहा था। तभी केतार की ओर से आ रही बाइक पर सवार पाचाडूमर गांव निवासी शिवदत्त उरांव के 20 वर्षीय पुत्र नवलेश उरांव, छठु उरांव के 23 वर्षीय पुत्र जितेंद्र उरांव एवं रामलाल उरांव के 21 वर्षीय पुत्र पिंटू उरांव घायल हो गए। जानकारी पाकर केतार थाना पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची और बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेज दिया गया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

**नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत खैरादोहार मे राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय सिल्दा खुर्द के प्रांगण मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या मे ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी रही है, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान ,प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री संजय कुमार यादव, प्रमुख रेशम कुमारी, पंचायत के मुखिया पातों देवी,पंचयात समिति सदस्य श्री संतोष यादव, प्राचार्य फारूक अंसारी और जन प्रतिनिधिगण ने शिविर मे उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्या सुना और योग्य लाभुकों के हाथों हाथ आवेदन भी जमा करवाया गया। इस शिविर मे जीप सदस्य सुदामा पासवान, बीडीओ संजय कुमार यादव,प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने संयुक्त रूप परिसम्पतियों की वितरण भी किया गया साथी साथ प्रखंड के सभी विभाग के स्टॉल भी लगाई गई थी। शिविर मे अबुआ आवास, आयुष्मान कार्ड,गुरुजी क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन, पशुधन के स्टॉल पर अधिक भीड़ लगी रही। मौके पर बीपीओ दीपक कुमार, एमओ प्रमोद कुमार, पंचायत राज पदाधिकारी बिनोद कुमार राम, अंचल निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, उप निरीक्षक जगत नारायण राम, महिला पर्यवेक्षक गीता चौरसीया, चिकित्सा पदाधिकारी मोहम्मद रजा, वीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शहदेव उरांव समेत अन्य कर्मी लोग मौजूद थे।

## केतार थाना में तीन एसआई का तबादला दो हुए नवपदस्थापित



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार थाना में पूर्व से पदस्थापित तीन एएसआई अरुण यादव, दिनेश चंद्र मांझी, उस्मान शेख का तबादला कर दिया गया है। एक ही साथ थाना से तीन पदाधिकारीयो के पदस्थापना के उपरांत एएसआई सुदामा पांडे एवं विश्वनाथ हेंब्रम का नव पदस्थापना केतार थाना में कर दिया गया है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आये 1117 आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड के करिवाडीह स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविन्द्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, प्रखंड बीस सूत्री समिति अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, मुखिया मंशा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में बीडीओ रविंद्र कुमार ने ग्रामीणों को सरकार की योजना के बारे में जानकारी दिया। साथ ही कहा ग्रामीण अपना आवेदन संबंधित स्टॉल पर दे। ताकि उसका तुरंत रजिस्ट्रेशन करते हुए उसका निष्पादन किया जा सके। वही प्रमुख आभा रानी, बिसूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, मुखिया मंशा देवी ने सरकार के संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगो से समस्या तथा सरकार के संचालित योजनाओं में आवेदन देने की अपील किया। ताकि आपकी समस्याओं को पदाधिकारी निष्पादन कर सके। शिविर मे लोगो ने अबुआ आवास में 892 सहित 1117 आवेदन दिया। प्राप्त आवेदनों में से लगभग 320 आवेदन का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। वही मुखिया, प्रमुख, सीओ, बीडीओ ने पंचायत के सयुक्त रूप से 15 असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान पंचायत की मुखिया मंशा देवी, मुखिया, बीपीओ कमलेश कुमार, पंचायत सेवक उमेश कुमार, विनोद पासवान, सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, अमरेंद्र कुमार, बीडीसी विकास कुमार सिंह, प्रगास राम, रोजगार सेवक गुलाब पासवान सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षा सभी मनुष्यों का सबसे पहला और सबसे आवश्यक अधिकार है : सीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के अत्यंत सुदूरवर्ती पंचायत सचिवालय ढकचा में पहुंची। जहां अंचल अधिकारी यामुन रविदास, अकांक्षी प्रखण्ड कॉर्डिनेटर प्रणव कुमार, एमओ ब्रजेश कुमार, मुखिया उषा देवी, समाजसेवी बलराम भुइंया और पंसस मंजु देवी को राजकीय मध्य विद्यालय के एचएम आनंद मोहन सिंह के नेतृत्व में छात्रा सुष्मा, खुशी, सोनम, जागृति तथा अश्विनी कुमारी के द्वारा स्वागतगान के साथ गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मौके पर सीओ यामुन रविदास ने कहा कि देश आजादी के बाद इस तरह का कार्यक्रम किया जा रहा है। जो आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके द्वार पर प्रशासन पहुंची है। आपकी समस्या को सुन और समाधान कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि निःशुल्क शिक्षा के लिए तरह तरह के योजनाएं चलाई जा रही है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाएं। शिक्षा सभी मनुष्यों का सबसे पहला और सबसे आवश्यक अधिकार है। शिक्षा हमें अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। यह हमारे ज्ञान, कुशलता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में सुधार कर सामाजिक विकास, आर्थिक वृद्धि और तकनीकी उन्नति का रास्ता प्रशस्त करती है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित कई विभागों द्वारा प्रदत्त परिसंपत्तियों का पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधि ने वितरण किया।

## सीनियर नेशनल महिला कब्बडी टीम के लिये झारखंड से बेबी कुमारी का हुआ चयन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीनियर नेशनल महिला कब्बडी टीम के लिये झारखंड से बेबी कुमारी का चयन हुआ है.बेबी कुमारी केतार प्रखंड के मेरौनी ग्राम की है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये गढवा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने बताया कि 70 सीनियर नेशनल महिला कबड्डी चैंपियनशिप पंजाब में आगामी 10 दिसम्बर से 13 दिसंबर तक होना सुनिश्चित है। इस प्रतियोगिता के लिये बेबी कुमारी का चयन झारखंड महिला कबड्डी टीम में हुआ है.उन्होंने बताया कि बेबी कुमारी का यह पहला सीनियर नेशनल चैंपियनशिप होगा। इससे पहले जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में भाग ले चुकी है.कोच अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बेबी निरन्तर आगे बढ़ रही है.उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र से महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले रही है, यह गढवा जिला के लिये गौरव की बात है। श्री स्वदेशी ने कहा कि गढवा जिला कबड्डी संघ का लगातार प्रयास रहा है, कि हमारे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से भी खिलाड़ी निकलें और आगे बढे।

**संक्षिप्त खबरें**

### 8 वर्षों से बैठने में लाचार मरीज़ का पारस अस्पताल में हुआ सफल इलाज

**रांची।** गौरव शर्मा नामक मरीज़ जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है। वह पिछले 1 साल से ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। विगत 7-8 साल से गौरव को फर्श पर बैठने में भी काफ़ी दर्द महसूस होता था। पिछले एक साल से गौरव लाचारी की हालत में बिस्तर पर ही आराम कर रहे थे, लेकिन इस दरम्यान भी उनके दोनों निचले अंगों में लगातार दर्द हो रहा था। अशहनिय दर्द से परेशान होने पर गौरव को उनके परिजनों ने राँची स्थित पारस अस्पताल लायें। पारस एचईसी अस्पताल के ऑर्थोपेडिक्स विभाग में सीनियर कंसलटेंट डॉ. अंकुर सौरव और कंसल्टैंट डॉ. कुमार विशाल ने मरीज़ की शुरुआती जाँच की। जाँच में गौरव के दोनों कूल्हे क्षतिग्रस्त पाए गए। तत्पश्चात् डॉ अंकुर सौरव/डॉ कुमार विशाल ने मरीज़ की असहनीय स्थिति को देखते हुए दोनों तरफ के ।।ढ्ढक्क प्रतिस्थापन की योजना बनाई गई। पारस एचईसी अस्पताल की ऑर्थोपेडिक्स टीम ने मरीज़ के दोनों तरफ के कुल हिप रिप्लेसमेंट का सफल इलाज किया। रोगी को अब चलने में कोई परेशानी नहीं हो रही है और वह अब आराम भी महसूस कर रहा है। सर्जरी के तुरंत बाद मरीज को पूरे वजन के साथ चलने की अनुमति दी गई थी।

### हॉकी इंडिया 22 सदस्यीय टीम में झारखंड के 4 खिलाड़ी शामिल

**रांची :** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले आगामी 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए 22 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।भारत टूर्नामेंट में आयरलैंड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम के खिलाफ खेलेगा जो 13 जनवरी 2024 से शुरू होने वाले सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से पहले तैयारी कार्य के रूप में काम करेगा। शीर्ष गोलकीपर सविता को कप्तान और अनुभवी प्रचारक वंदना कटारिया को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।

# लोगों की आवाज को बुलंद करती है पुस्तक : डॉ कोनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब में ड्रीम ए ड्रीम संस्था के तत्वावधान में ''कैसे प्रतिकूलता और प्रतिकूल अनुभव बच्चों एवं किशोरों को विकास से रोकते हैं'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में ड्रीम ए ड्रीम संस्था की पुस्तक ''व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स'' के लेखक डॉ. कोनी के चुंग, लेखक सुधीर पाल और लेखक डॉ शाहनवाज कुरैशी ने अपने विचार साझा किये। मुख्य अतिथि हार्वर्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन की डॉ. कोनी के चुंग ने इस अवसर पर कहा कि यह पुस्तक उन लोगों की आवाज को बुलंद करती है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों पर विजय प्राप्त की है। यह पुस्तक न केवल बदलाव की कहानियां बयां करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे देखभाल




करने वाले वयस्क युवा दिमागों को आगे बढ़ने और अपने समुदायों का नेतृत्व करने में मदद कर सकते हैं. उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ने में ड्रीम ए ड्रीम के प्रयासों की सराहना की। संस्था के सह-संस्थापक विशाल तलरेजा ने झारखंड के सन्दर्भ में झारखण्ड के युवाओं की कहानियों को एकजुट करने का सुझाव दिया. सुधीर पाल ने कहा कि पुस्तक प्रतिकूल परिस्थितियों में युवाओं का मार्गदर्शन करती है. उन्होंने झारखंड में युवाओं की बेहतरीन कहानियों की भी पहचान करने पर बल दिया। डॉ शाहनवाज कुरैशी ने झारखंड में महिला हॉकी पुस्तक में समस्याओं से जूझने और सफलता हासिल करने की कहानी बतायी। उन्होंने यह कहा कि झारखंड के युवाओं में विषम परिस्थियों से जूझते हुए आगे बढ़ने का नैसर्गिक गुण है।ड्रीम ए ड्रीम के शारिक मशहदी ने कहा कि हम जल्द ही झारखंड के परिपेक्ष्य में युवाओं की परिस्थितियों एवं प्रतिकुलाताओं को समझने हेतु एक शोध कार्य करेंगे।

# डायल 112 इंडिया ऐप को लेकर पुलिस चला रही जागरुकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अब किसी भी आपातकालीन सेवा के लिए राज्य में डायल 112 इंडिया ऐप तैयार किया गया है। इस डायल 112 में फोन करने या ऐप के माध्यम से देश के नागरिक किसी भी कोने में सुरक्षा और सहायता आसानी से पा सकते हैं। इस महत्वपूर्ण डायल 112 को लेकर आम लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। लातेहार जैसे छोटे जिले में भी डायल 112 को लेकर आम लोगों को पुलिस डिपार्टमेंट के द्वारा जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के अधिकारियों के द्वारा आम लोगों को यह बताया जा रहा है कि किस प्रकार डायल 112 लोगों को हर आपातकालीन स्थिति में मदद उपलब्ध कराने के लिए 24 घंटे सक्रिय है। किसी भी प्रकार की मुसीबत होने पर जब कोई व्यक्ति डायल 112 पर फोन करता है या ऐप के माध्यम से अपनी समस्याओं को भेजता है तो राज्य स्तर पर बनाई

**डायल 112 हर आपातकालीन स्थिति में काफी सहायक एसपी**



गई कंट्रोलिंग टीम के द्वारा तत्काल इस पर एक्शन लिया जाता है। राज्य की टीम पूरी सूचना लेने के बाद तत्काल संबंधित थानों को या फिर संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देता है। इसके बाद सूचना देने वालों को सहायता पहुंचाई जाती है। राज्य स्तर के अलावा जिला स्तर और थाना में भी इसके लिए एक टीम कार्यरत है, जो 24 घंटे सक्रिय रहती है। इसके अलावा मॉनिटरिंग टीम के द्वारा सूचना मिलने से लेकर सहायता पहुंचने तक की पूरी मॉनिटरिंग की जाती है।इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि डायल 112 पूरे देश में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए डायल 112 इंडिया ऐप भी बनाया गया है, जो लोग स्मार्टफोन या आईफोन का उपयोग करते हैं, वह अनिवार्य रूप से अपने फोन में डायल 112 इंडिया ऐप को डाउनलोड कर लें। यह डायल 112 हर आपातकालीन स्थिति काफी सहायक है। एसपी ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से पुलिस विभाग से संबंधित सहायता तो प्राप्त की ही जा सकती है। साथ ही आपातकालीन मेडिकल, अग्निशमन अन्य आपातकालीन स्थिति में भी इसके माध्यम से सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## धीरज साहू को अविलंब गिरफ्तार किया जाए : बाबूलाल मरांडी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** धीरज साहू के यहां आइटी रेड से बरामद रुपए के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आइटी की छापेमारी के दौरान सांसद धीरज साहु के घर से मिले करोड़ों रुपयों मामले पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि धीरज साहु के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिये। उनसे कड़ाई से पूछना चाहिये तभी पता चलेगा कि किन-किन पार्टनरों के पैसे हैं। उन्होंने कहा छापेमारी के दौरान जितने पैसे मिले उनमें कांग्रेस के नेताओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि छापेमारी में अबतक तीन सौ करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। अब बात साफ हो गयी कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जांच से क्यों मना कर रहे हैं। इसी प्रकार राज्य के भ्रष्ट अफसरों और दलालों को बचा रहे हैं। अब तक तो मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिये। मौके पर प्रवक्ता शिव पूजन,प्रतुल शाहदेव मौजूद थे।

## बच्चों का भविष्य बनाने में शिक्षकों और अभिभावकों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है : जुनैद अनवर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के अंतर्गत बड़गाई स्थित प्रिम रोड़ स्कूल में एक समान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वैसे छात्र-छात्राओं को पुरष्कृत किया गया जिन्होंने 11 नवंबर को कडरू स्थित माही द्वारा हज हाउस में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मेले में हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक मोजहिदुल इस्लाम को मेले से संबंधित मेमोरी फोटो एवं स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड से नवाजा गया एवं मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गए।इस



अवसर पर माही के संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता जुनैद अनवर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके सपनों को हकीकत में बदलने में शिक्षकों और अभिभावकों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है।

वे ही नहीं, आप भी अपने संकल्प के साथ मेहनत और दृढ़ता से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकते हैं। प्रिम रोड़ स्कूल के निदेशक मुजाहिदुल इस्लाम ने संबोधित किया। मंच का संचालन मोहम्मद सलाहउद्दीन एवं धन्यवाद ज्ञापन सरवर इमाम खान ने किया।

इस अवसर पर माही के प्रवक्ता मुस्तफीम आलम, सक्रिय सदस्य मोहम्मद शकील के अलावा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थी।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड 23 व 24 में लगा शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार÷ कार्यक्रम के तहत् रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 23 तथा वार्ड नं 24 में शिविर का अयोजन किया गया। जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। निगम स्तर से दोनो शिविर में कुल मिलाकर 47 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 217 कंबल का वितरण भी किया गया। बता दे कल दिनांक 09.12.2023 को वार्ड नंबर 25(हरमू पार्क) तथा वार्ड नंबर 26 में शिविर का अयोजन किया



जाएगा। रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

# बैंक ऑफ़ इंडिया ने नारी शक्ति बचत खाते का किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ़ इंडिया जो देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक अग्रणी बैंक है, ने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रजनीश कर्नाटक के कर-कमलों से प्रधान कार्यालय, मुंबई में निदेशक मंडल की गरिमामयी उपस्थिति में अपने ÷नारी शक्ति बचत खाता उत्पाद का शुभारंभ किया है। यह एक विशेष बचत बैंक उत्पाद है जिसका उद्देश्य स्वतंत्र आय स्रोत की 18 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। इस बचत खाते को विशिष्ट सुविधाओं और विशेषताओं से समृद्ध करके पेश किया गया है, जैसे 100 लाख रुपये तक का उच्च व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर, रियायती स्वास्थ्य बीमा और वेलनेस उत्पाद, गोल्ड और डायमंड बचत खाताधारकों के लिए आकर्षक छूट के साथ एवं प्लैटिनम बचत खाताधारकों के लिए मुफ्त लॉकर सुविधा, खुदरा ऋण पर ब्याज की रियायती दर, खुदरा ऋण पर प्रसंस्करण शुल्क की छूट, मुफ्त क्रेडिट कार्ड जारीकरण और पीओएस पर 5.00 लाख रुपये तक की उच्चतर उपयोग सीमा। नारी शक्ति बचत खाते की संकल्पना, स्वतंत्र आय की कामकाजी महिलाओं के प्रयोग के अनुकूल, वित्तीय बचत के एक माध्यम के रूप में की गई है ताकि वे सही अर्थों में आत्मनिर्भर बनें और उच्चतर वित्तीय आजादी का अनुभव कर सकें। इस खास अवसर पर राँची आंचलिक कार्यालय में बैंक ऑफ इंडिया टांगर शाखा से ऋण प्राप्त कर सफल उद्यमी बनी श्रीमती मीना उराँव को मुख्य अतिथि के तौर आमंत्रित किया गया। आत्मनिर्भर बनने में बैंक के योगदान के प्रति उन्होंने आभार प्रकट करते हुए बीओआई नारी शक्ति बचत बैंक खाता योजना को हर महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना नारी सशक्तीकरण की दिशा में बैंक की ओर से एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। मौके पर श्री नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक, सुनीत कुमार, उप आंचलिक प्रबंधक (व), महिला उद्यमी, रुपेश कुमार, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, टांगर शाखा और आंचलिक कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## सरप्लस प्रारंभिक शिक्षकों की सूची में काफी विसंगति,सुधार की जरूरत : संघ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि प्राथमिक व मध्य विद्यालय में शिक्षको की जारी सरप्लस सूची में काफी विसंगति खामियां हैं इसे लेकर शिक्षक न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया है यह कार्य एक वर्ष से अधिक से ही चल रहा है चार से पांच बार सूची जारी किया गया प्रत्येक सूची में अलग अलग शिक्षको का नाम था।सरप्लस की गणना जिला पीटीआर के द्वारा किया गया है जब कि इसे विद्यालयवार आरटीई मानक के अनुसार किया जाना चाहिए । आरटीई के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों 1से 5 में कम से कम दो शिक्षक एवं मध्य विद्यालयो में कम से तीन शिक्षक विज्ञान एक सामाजिक विज्ञान एक और भाषा में एक शिक्षक को रखा जाना है जबकि ऐसा न करते हुए कई प्राथमिक विद्यालय में एकल शिक्षक और कई मध्य 6 टू 8,विद्यालय को शिक्षक विहीन कर दिया गया है । पारा शिक्षकों सहायक अध्यापक की संख्या का गणना किया गया है । विद्यालय में शिक्षकों की संख्या के रूप में परंतु सरप्लस शिक्षकों में उनका नाम नहीं जोड़ा जा रहा है, जबकि झारखंड सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 के अनुसार इनकी भी स्थानांतरण समायोजन पंचायत प्रखंड स्तर तक किया जाना है। इस कारण कई प्रारंभिक एवं मध्य विद्यालय सरकारी शिक्षक विहीन हो जा रहे हैं। मध्य विद्यालय एक से आठ में भी केवल पारा शिक्षक ही बच जा रहे हैं । सरप्लस शिक्षकों के गणना के लिए शिक्षक द्वारा फरवरी 2022 का और छात्र संख्या डाटा दिसंबर 2022 का लिया गया है , जबकि अभी वर्ष 23 ट्ट 24 कार्यकाल चल रहा है और स्थानांतरण कार्य दिसंबर 2023 में होना है।

इससे अधिकांश स्कूलों में छात्र संख्या एवं शिक्षकों की संख्या भी बदल गया है अतः इसे 23 24 का डाटा लिया जाना चाहिए जिले द्वारा जारी सरप्लस सूची एवं वैकेंसी सूची में विसंगति जिले द्वारा जो सरप्लस सूची जारी की गई है इससे कई विद्यालय से कम शिक्षकों को सरप्लस बनाया गया है कुछ ऐसे शिक्षक हैं जिन्हें सूची में सरप्लस दिखाया गया है।

# फ्लाईओवर निर्माण वाले मार्ग पर स्थित गड्ढे में गिरने से व्यक्ति की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के वाईएमसीए के नजदीक एक अज्ञात शव शुक्रवार को सुबह में पुलिस ने बरामद किया था । जिसकी जांच पड़ताल करने के बाद पता युवक की पहचान मनोज टोप्पो के रूप में हुई, जो चुटिया थाना अंतर्गत ढुमसा टोली का रहने वाला बताया गया है। पिछले दो-तीन दिनों से अपने घर से लापता था। आसपास के लोगों ने सुबह में जब शव को पानी पर तैरता हुआ देखा तो इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। खादगढ़ा बस स्टैंड के टीओपी प्रभारी मंटू सिंह सदल बल वहां पहुंचे और शव को स्थानीय लोगों की मदद से गड्ढे से बाहर निकलवाया और फिर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आसपास के लोगों का कहना था कि कांटा टोली फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है । आसपास कचरा का अंबार लगा हुआ है । रोड भी सही नहीं है ,कई जगहें गड्ढे भी है, गड्ढे होने के कारण संभवतः युवक रात में गड्ढे में गिर गया होगा और इसी में वह रात भर रह गया होगा बाहर नहीं निकल सका होगा , जिसमें उसकी मौत हो गई । हालांकि गड्ढे किसके द्वारा खोदा गया है यह बताने से सभी परहेज करते रहे। बता दे 2 दिनों से मिचौंग के कारण बारिश भी हो रही थी ।

### पंकज मिश्रा रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती




**रांची :** मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती कराया गया है। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से रिम्स लाया गया, जहां सेंट्रल इमरजेंसी एंड ट्रॉमा सेंटर में इलाज के बाद रिम्स के पेइंग वार्ड के कमरा संख्या 14 में शिफ्ट किया गया। इससे पूर्व 29 जुलाई, 2022 को भी पेट दर्द होने पर उन्हें रिम्स में भर्ती कराया था।

## कांग्रेसी सांसद के यहां से बरामद 200 करोड पर जनता को जवाब दे सरकार : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेताओं के पास नोट छापने की मशीन है, बावजूद इसके झारखण्ड में मुख्यमंत्री हमेशा रोते हैं कि केंद्र पैसा नहीं देता है। केंद्र सरकार पर झूठे आरोप लगाते हैं। मुख्यमंत्री को कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां मिले 200 करोड रुपए पर झारखंड की जनता को जवाब देना चाहिए। पहले कांग्रेस के मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे के यहां से नगदी बरामद होती है और अब कांग्रेस के संसद के यहां से बरामद हो रहा है। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ ने एक बयान जारी करके कहीं।

सांसद सेठ ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री का आरोप रहता है कि केंद्र सरकार राज्य के विकास के लिए पैसे नहीं देती है। राज्य का हक मार रही है तो मुख्यमंत्री आप ध्यान में रखिए कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार करने के लिए पैसा आपको नहीं देगी। आपके साथियों के भ्रष्टाचार के लिए पैसा आपको नहीं दे सकती है। मुख्यमंत्री पहले झारखंड की जनता को इस बात का जवाब दें कि उनके सहयोगी के यहां से इतनी बड़ी राशि कैसे बरामद हुई? यह पैसा किसका था। किस उद्देश्य से जमा करके रखा गया था? यह बात मुख्यमंत्री को स्पष्ट रूप से राज्य की जनता को बताना चाहिए। झारखंड कांग्रेस को भी इस पर जवाब देना चाहिए कि आखिर यह पैसा किस उद्देश्य से रखा गया था। कहीं यह पैसा झारखंड के भ्रष्टाचार का पैसा तो नहीं है क्योंकि कोई भी व्यावसायिक दृष्टिकोण से इतनी बड़ी नगदी घर में नहीं रह सकता है। यह कानूनन अपराध है। संजय सेठ ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मामले में एजेंसियों जांच करनी चाहिए। ईडी को भी इस मामले की जांच करनी चाहिए। इतनी बड़ी राशि सिर्फ व्यावसायिक दृष्टिकोण से नहीं रखी जा सकती है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री स्पष्ट जवाब दें या मुख्यमंत्री स्वीकार करें कि हां, यह भ्रष्टाचार का पैसा है। झारखंड की जनता इनका सच जान चुकी है।

सांसद ने कहा कि मोदी जी ने इस देश को गारंटी दी है कि एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। चाहे वह कोई भी हो। मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी के लोग, कांग्रेस राजद के लोग



झारखंड की जनता के साथ इमोशनल होकर खेलना बंद करें। झारखंड की जनता के साथ भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल करने का काम करें परंतु यह ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलने वाली है। झारखंड की जनता भी इनका सच जान चुकी है। यह सच अब जनता के सामने आ रहा है। मेरी मुख्यमंत्री से मांग है कि इस मामले में जनता को जवाब दें।

# कई अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन की मिली स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा तमाड़, पिठोरिया एवं नामकुम थाना से संबंधित मामले में शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

तमाड़ थाना काण्ड संख्या- 76/2023, पिठोरिया थाना काण्ड संख्या- 144/2022 एवं नामकुम थाना काण्ड संख्या- 551/2023 के प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरांत शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

तमाड़ थाना काण्ड संख्या- 76/2023 में संतोष सिंह मुण्डा, पे0-शत्रुधन मुण्डा, सा0-सोनपुर, थाना-अड़की, जिला-खूँटी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम 25(1-बी)ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा प्रदान की गयी है।पिठोरिया थाना काण्ड संख्या- 144/2022 में मो0 शाहरूख खान उर्फ शाहरूख अंसारी, पे0-मो0 फिरोज, सा0-अरमान गली, निजाम नगर, गली



नंबर-02, उमर फारूक मस्जिद के पास, थाना-हिन्दपीढ़ी, जिला-राँची के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी)ए/25(1)ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति की गयी है।नामकुम थाना काण्ड संख्या- 551/2023 में 04 अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा प्रदान की गयी है। नामकुम थाना से संबंधित प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-25(1-बी) ए/25(6)/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है, नाम निम्न हैः दिलीप रजक, पिता-रामनन्दन रजक, पता-चाय बगान, ज्योतिष झा के मकान के आगे, थाना-नामकुम जिला-राँची। अमरकांत घोष, पिता-स्व0 अनिल कुमार घोष, स्थायी पता-गुरूटोली, नामकुम थाना-नामकुम, जिला-रांची, वर्तमान पता- नीरू कम्पलेक्स के पीछे वन्दना सिंह के मकान में किरायेदार, दुसरा तल्ला, सदाबहार चौक, थाना-नामकुम, जिला-रांची। मो0 शहबाज अंसारी, पिता-मो0 इब्राहीम, पता- ग्वाला टोली डोरण्डा, थाना-डोरण्डा, जिला-राँची। मो0 इब्राहीम, पिता-स्व0 मो0 तयब अंसारी, पता- ग्वाला टोली डोरण्डा, थाना-डोरण्डा, जिला-राँची।

## राज्यपाल से मिले मुख्य सचिव एल. खियांग्ते

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को राज्य के मुख्य सचिव एल. खियांग्ते ने राजभवन में मुलाकात की। यह शिष्टाचार भेंट बतायी जा रही है।

**राज्यपाल ने राज्य की मतदाता सूची में दर्ज कराया नाम**

रांची : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने राजभवन में भेंट की तथा राज्यपाल को राज्य में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे



में जानकारी दी। इस दौरान राज्यपाल ने झारखंड राज्य की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

## राजनगर झामुमो कार्यालय में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष को परिजनों संग कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो कार्यालय राजनगर में शुक्रवार को पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष स्वर्गीय धर्म मुर्मू की पहली पुण्यतिथि मनाई गई। जहां उनकी धर्मपत्नी, बच्चों एवं प्रखंड के सभी झामुमो कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उनकी धर्मपत्नी जमुना मुर्मु, बड़ा बेटा सावन मुर्मु, बेटी ममता मुर्मु सहित झामुमो के वर्तमान प्रखंड अध्यक्ष रामजीत हांसदा, नेबु प्रधान, हीरालाल सतपति,जिला परिषद सदस्य सुलेखा हांसदा, मालती देवगम, मुखिया राजो टुडु, राकेश सतपति,दोबरो देवगम,सूराई मुर्मु, सोमनाथ गोप, राकेश पति, चतुर्भुज प्रधान, सामुराम टुडु, घनश्याम महाकुड़, करमु तांति, श्याम सुंदर टुडु समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा को देश के नए कृषि मंत्री बनाए जाने पर काली शर्मा ने दी बधाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के खूंटी जिले से



बीजेपी सांसद अर्जुन मुंडा को देश के नए कृषि मंत्री बनाए जाने पर भाजयुमो के प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्णा शर्मा काली ने श्री मुंडा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुक्रवार को काली शर्मा ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के 23 सालों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी आदिवासी नेता को केंद्र में एक बड़े मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। काली शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से नई दिल्ली में उनके सरकारी आवास में अर्जुन मुंडा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद रहे।

## प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय विकास कोष एवं छात्र कोष का व्यय करने और विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु चर्चा की गई। मौके पर विधायक ने विद्यालय के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक निधि से मुख्य द्वार से हरेक कमरे तक पेवर्स ब्लॉक सड़क का निर्माण, पेयजल के लिए नए नल की व्यवस्था एवं डीएमएफटी निधि से एक सेमिनार हॉल बनवाने की घोषणा की। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, अश्विनी महतो, सुभाष कर्मकार, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष विश्वनाथ माझी, प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार सेठ, विवेकानंद दरिपा, रूपेश कुमार, रथूनाथ महतो, जयंत रजक, सद्दाम अंसारी व वसीम अकरम आदि उपस्थित थे।

## सुखदेव सिंह हत्या के विरोध में राजपूत समाज ने निकाला मसाल जुलूस सह आक्रोश रैली




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राजपूत समाज की ओर से गुरुवार को करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की जयपुर में की गई हत्या के विरोध में मसाल जुलूस और आक्रोश रैली निकाला गया। संघ के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह के नेतृत्व में अभय सिंह, राजीव रंजन सिंह, नीरज सिंह, शिव शंकर सिंह, जिला परिषद डॉ कविता परमार, नंद कुमार सिंह ने महाराणा प्रताप चौक मरीन ड्राइव से संध्या 5:00 बजे रैली निकाली जो विभिन्न मार्ग से गुजरते हुए साकची गोल चक्कर पहुंची। इस कार्यक्रम में राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह भी उपस्थित हुए। इस दौरान सोनारी इकाई से कार्यकारिणी अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, एसएन सिंह, कृष्ण सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, विनोद सिंह आदि लोग उपस्थित थे। कल्याण चंद्र सिंह ने कहा कि बारिश में भी राजपूत भाइयों का इकट्ठा होना एक गर्व की बात है।

## वृहत जलमीनार योजना के तहत लावा गांव में भूमिपूजन

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह पंचायत के लावा गांव में घर-घर नल जल योजना अंतर्गत वृहत जलमीनार का शुक्रवार को भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया। तिरूलडीह पंचायत के मुखिया रिंकी देवी एवं ग्राम प्रधान जयदेव दास ने शिलान्यास किया। इस जाना से करीब 55 करोड़ रुपए की लागत से सुवर्ण रेखा नदी के हाड़ात से जलापूर्ति का लक्ष्य रखा गया है। वहीं मुखिया रिंकी देवी ने बताया कि लावा में जलमीनार का निर्माण होने से पुरे पंचायत में घर घर नल द्वारा जलापूर्ति किया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य सरस्वती गोप, प्रशांत कुमार दास, मनोज दास सष्ठी दास आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मानगो शूटआउट में टाइगर मोबाइल जवान समेत दो की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो के आजादनगर थाना अंतर्गत सिटी इन होटल के बाहर गुरुवार रात फायरिंग की घटना के बाद शुक्रवार को भी अपराधियों ने पुलिस को चुनौती देते हुए दिन दहाड़े फायरिंग की। अपराधियों ने मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 17 के पास शहजादा उर्फ टांडा पर गोलियां बरसाई. इस दौरान सूचना पाकर पहुंचे टाइगर मोबाइल के जवान रामदेव महतो पर भी अपराधियों ने गोली चला दी. हालांकि, इस बीच स्थानीय लोगों ने एक अपराधी को दबोच लिया और तीन मौके से फरार होने में सफल रहे. घायलों को इलाज के लिए तत्काल टीएमएच ले जाया गया, जहां शहजादा को मृत घोषित कर दिया गया. शहजादा के सिर पर गोली लगी है. वहीं जवान के छाती में गोली लगी है। उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पाकर सिटी एसपी टीएमएच पहुंचे और मामले की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विशाल मेगा मार्ट के पास चारों अपराधी शहजादा से उलझ गए. इसी बीच एक अपराधी ने अपने पिट्ठू बैग से पिस्टल निकाली और शहजादा पर फायरिंग कर दी. गोली शहजादा को लगी, जिससे वह घायल हो गया. शहजादा जान बचा कर गली में भागा, तभी अपराधी भी उसके पीछे फायरिंग करते हुए भागे. इसकी जानकारी पास ही खड़े टाइगर मोबाइल के जवान को दी गई. टाइगर मोबाइल का जवान भी अपराधी के पीछे भागा. इसी बीच गोली जवान रामदेव महतो को भी लगी. एक गोली शहजादा के सिर पर भी लगी, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा. इसी बीच स्थानीय लोगों ने एक अपराधी को पकड़ लिया। मालूम हो कि 29 दिसंबर 2021 को शहजादा के भाई डाबर ने जाकिर नगर रोड नंबर 14 में दानिश की गोली मरवा कर हत्या कर दी थी. इस मामले में डाबर और शहजादा को पुलिस ने जेल भी भेजा था. आशंका जताई जा रही है कि दानिश के मौत का बदला लेने के लिए ही शहजादा की हत्या कराई गई है. हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## टिनप्लेट यूनियन महिला महाविद्यालय में कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गोलमुरी स्थित टिनप्लेट यूनियन महिला इंटर महाविद्यालय में सम्मान समारोह सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कवयित्रीयों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन की ओर से अंतरराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा को मोमेंटो और शॉल देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही ख्याति प्राप्त कवयित्री माधवी उपाध्याय और सुप्रसिद्ध कवयित्री वीणा पांडे भारती को सॉल ओढ़ाकर सम्मानित और अभिनंदन किया गया। इस कवि सम्मेलन के आयोजन में कॉलेज प्रबंधन के चेयरमेन व इंटक के राष्ट्रीय नेता राकेशेश्वर पांडे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के सचिव मनोज कुमार सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट परविंदर सिंह सोहल, कॉलेज की प्राचार्य और कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रंजना भगत और उनकी टीम का महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान रहा।

## गुरुजी क्रेडिट कार्ड से बच्चों का सपना होगा साकार : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी साधुचरण देवगम की अध्यक्षता में सभी उच्च विद्यालय के प्रधनाध्यापक के साथ पास आऊट छात्रों को गुरुजी क्रडिट कार्ड योजना से लाभान्वित हेतु एक बैठक आयोजित की गई. मौके पर बीडीओ श्री देवगम? ने कहा कि वैसे बच्चे जिन्हें उच्च शिक्षा के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वैसे बच्चों के लिए गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही है. ताकि गरीब मजदूर दलित व पिछडा वर्ग के बच्चें भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य बना सके। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम,बीपीएम नाथो महतो,प्रधान लिपिक सुबोध टुडू समेत सभी स्कूल के प्रधान शिक्षक उपस्थित थे.

# आठ सूत्री मांगों को लेकर झारखंड बांग्लाभाषी समिति 11 को राजभवन समक्ष देंगे धरना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राज्य के सभी विद्यालयों में कक्षा एक से दस तक में बंगला भाषा की पढ़ाई शुरू करने समेत अन्य आठ सूत्री मांगों को लेकर झारखंड बांग्लाभाषी उन्नयन समिति के तत्वावधान में आगामी सोमवार, 11 दिसम्बर को रांची में राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। उक्त धरना कार्यक्रम में कोल्हान से दो हजार से अधिक बंग्लाभाषी शामिल होंगे। साथ ही, प्रदेश के अन्य जिलों से भी दस हजार से अधिक लोग धरना कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस बाबत गम्हरिया में एक प्रेस वार्ता अयोजित कर समिति के जिला उपाध्यक्ष राजू चौधरी ने बताया कि झारखंड राज्य गठन के बाद साजिश के तहत प्रदेश में बंगला भाषा का अस्तित्व मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। पहले तो बंग्लाभाषा की पढ़ाई बन्द कर दी गई। उसके बाद आयोग के गठन में भी बंगला भाषा के लोगों को स्थान नहीं दिया गया। अब विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भी बंगला भाषा मे लिखे गए नामों को हटा दिया गया। जबकि राज्य में सर्वाधिक लोग बंगला भाषा ही बोलते हैं और यह उनकी मातृभाषा है। इस बाबत पूर्व में रेल मंत्री और डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन दिया गया था। किंतु उसपर अबतक कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने बताया कि धरना के बाद एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रेस वार्ता में समिति के केंद्रीय कमेटी सदस्य विश्वनाथ घोष, सपन संतरा, जयंत कुमार बोस, चिन्मय पात्रो आदि भी उपस्थित थे।

## खबर का असर : हरकत में आया प्रशासन, खराब पड़े सोलर जलमीनार मरम्मती कार्य प्रारंभ

**कांग्रेस महतो@प्रभात मंत्र**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के चिल्गू पंचायत के चिल्गू गांव में लगे सोलर जलमीनार के खराब होने की खबर प्रभात मंत्र ने अपनी 19 नवंबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और 2 दिसम्बर से चिल्गू पंचायत मुखिया करुना सिंह गांव पहुंच कर खराब सोलर जलमीनारों का जायजा लिया और शीघ्र ही जलमीनारों को दुरूस्त कराने का कार्य शुरू कर दिया है। बता दें कि चिल्गू में ज्यादा विस्थापित लोग निवास करते हैं. ग्रामीण ने बताया


प्रभात मंत्र में 19 नवंबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित खबर।

चिल्गू हाई स्कूल रोड समीप लगा जलमीनार ले रहा है अंतिम सांस, सुध लेने वाला कोई नहीं

कि गांव में जलमीनार पुराने मुखिया के समय लगा था। वर्तमान में खराब है। जलमीनार गिर ना जाये, लोग पानी के लिए डर डर कर लम्बा पाइप के द्वारा पानी भरते हैं। दरासल जलमीनार की चारों स्टेंड सड़ चुका है और कभी भी गिर सकता है। जिससे ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि खबर प्रकशित होने के बाद जलमीनार की कार्य प्रगति पर है।

# टाटा स्टील को मिला सीआईआई का ग्रीनप्रो इकोलेबल प्रमाणन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अपनी पर्यावरण के अनुरूप जिम्मेदार साख को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, टाटा स्टील को अपने ऑटोमोटिव फ्लैट स्टील प्रोडक्ट्स के लिए ग्रीनप्रो इकोलेबलिंग स्टैंडर्ड प्रमाणन प्राप्त हुआ है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के ग्रीन बिजनेस सेंटर द्वारा विकसित, ग्रीनप्रो इकोलेबल एक व्यापक फ्रेमवर्क के आधार पर उत्पाद कितना ग्रीन है का आकलन करता है, जो पर्यावरणीय प्रदर्शन उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आगे का रास्ता तैयार करता है। राजीव मंगल,वाईस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील ने कहा, सीआईआई से यह मान्यता इस्पात उद्योग में सस्टेनेबिलिटी की दिशा में नए मानक स्थापित करने के हमारे जारी प्रयासों को मान्यता प्रदान करती है। प्रभात कुमार, वाईस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग एंड सेल्स (फ्लैट प्रोडक्ट्स), टाटा स्टील ने कहा, ग्रीनप्रो प्रमाणन पर्यावरण-अनुकूल विनिर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। पिछले दो दशकों में, टाटा स्टील ने भारत में सभी प्रमुख ऑटोमोटिव ओईएम और सहायक कंपनियों को हॉट-रोल्ड (एचआर), कोल्ड रोल्ड (सीआर) और गैल्वेनाइज्ड उत्पादों की आपूर्ति करके ऑटोमोटिव उद्योग में पसंदीदा आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है।

# पुरनाडीह कालिंदी टोला में जल मीनार से निकल रहा केंचुआ व दूषित पानी : ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** कराईकेला पंचायत के पुरनाडीह कालिंदी टोला में स्थित सोलर आधारित जल मीनार में दूषित पानी मिलने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई से की। ग्रामीणों की समस्या जानकर डॉ विजय सिंह ने सोलर आधारित जल मीनार का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि यहां नलकूप 45 साल पहले लगाया गया था। यहां का पानी भी स्वादिष्ट है। मगर कुछ सालों से यहां का पानी प्रदूषित हो गया है। पानी लाल आने के साथ साथ पानी मे गंध भी आता है। कभी कभी पानी मे केंचुआ भी आता है। यहां के ग्रामीण इसी पानी को पेयजल के लिए इस्तेमाल करते हैं। काफी पुराना नल होने के कारण ही ये सब पानी मे खराबी आ रहा है।उन्होंने कहा यहां बगल में ही दूसरा नलकूप गाड़ा जाय जिससे लोगों को स्वच्छ पानी मिल सके।ग्रामीण ने कहा कि इस नलकूप से लगभर 100 घर के लोग पेयजल का पानी लेने आते हैं। मौके पर बीस सुत्री सदस्य महेश प्रसाद साहू, सुभाष कालिंदी, बिनोद कालिंदी, दुखु पाठक, गौतम रक्षित, कन्हैया तिवारी, पितनु कालिंदी, मनोज दास, मनोरंजन माहंती,रतन लोहार, नानू लोहार समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क किनारे पार्किंग करने वाले 10 वाहनों का कटा चालान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिले के यातायात थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर सड़क किनारे या सर्विस रोड में वाहन पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर आदित्यपुर टॉल रोड से कांड्रा टॉल रोड तक बड़े वाहनों के पार्किंग के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न कंपनी के लिए माल लेकर आए करीब 10 वाहनों का चालान काट कर जुर्माने की वसूली की गई। विगत चार दिन पूर्व भी रामकृष्णा फोर्जिंग कंपनी के कई गाड़ियों से फाइन काटा गया था। कार्रवाई शुरू होते ही कई वाहन चालक अपने-अपने वाहनों को लेकर इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान वाहन चालकों को दोबारा मुख्य सड़क के किनारे या सर्विस रोड में लगाने पर कोर्ट में कार्रवाई करते हुए दंड वसुलने की सख्त चेतावनी दी गई।

## संत नंदलाल स्कूल में 40वां स्थापना दिवस पर फन फिएस्टा आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला स्थित संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में शनिवार की शाम चार बजे से स्कूल का 40वां स्थापना दिवस पर फन फिएस्टा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी सिंहभूम जिले के उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, विशिष्ट अतिथि कोल्हान विवि के रजिस्ट्रार डॉ. राजेन्द्र भारती शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसकी जानकारी संत नंदलाल के प्रबंधक सह एनसीसी अधिकारी डॉ प्रसेनजीत कर्मकार ने दी।

### मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

# 18 वर्ष या ऊपर आयु के सभी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें : आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में कोल्हान प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार के अध्यक्षता एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, आयुक्त के सचिव प्रेम कुमार तिवारी, अपर उपायुक्त सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी खरसावां विधानसभा सुबोध कुमार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला पारुल सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों झामुमो, भाजपा, राजद आदि के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा उपस्थित राजनीतिक दल के सदस्यों संग 18 वर्ष या ऊपर आयु के सभी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। उन्होंने अपने स्तर से भी क्षेत्र में छूटे हुए योग्य नागरिकों का निबंधन करवाने हेतु आवश्यक पहल करने की उन्होंने राजनीतिक दल के सदस्यों से अपील की। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कैंपेन चलाकर 18 वर्ष आयु पूरा करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का निबंधन कार्य भी प्रगति पर है। समीक्षा के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में फॉर्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त किया जा रहा है। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फॉर्म 6 के तहत 6899, फॉर्म 7 के तहत 4384 तथा 5517 आवेदन प्राप्त किया गया है, सरायकेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फॉर्म 6 के तहत 9201, फॉर्म 7 के तहत 5950 तथा फॉर्म 8 के तहत 4981 गया है तथा खरसावां विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फॉर्म 6 के तहत 3256, फॉर्म 7 के तहत 4245 तथा फॉर्म 8 के तहत 2914 आवेदन प्राप्त किया गया है। आयुक्त ने अधिक से अधिक फॉर्म जनरेट करने हेतू कार्य योजना निर्धारित कर कार्य करने तथा सभी निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को कार्यो का नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोसिएशन के समस्याओं से अवगत हुए विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोसिएशन, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर जिला कमिटी के पदाधिकारियों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन से मिले और उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री पोटका प्रखंड के मानपुर पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्धार कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए पोटका आये हुए थे। डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पोटका विधायक संजीव सरदार एवं जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी को भी अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन देते



हुये डीलर्स की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान डीलर्स एसोसिएशन के जिला समेत पोटका प्रखंड कमिटी के पदाधिकारी भी मौजूद थे। मौके पर दोनो विधायक संजीव सरदार एवं मंगल कालिंदी ने यह आशवासन दिया की डीलर्स एसोसिएशन की मांगों को मुख्यमंत्री से मिलकर बहुत जल्द समाधान कराने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष मोहन साव पारस, महासचिव प्रमोद गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, जितेन्द्र गुप्ता, सागर गुप्ता, सरोज कुमार यादव, आदि थे।

संपादकीया

## चुनाव के निगम

**समाज** में लोकतांत्रिक मूल्य और समुदाय में प्रदेश की छवि को निहारने के लिए स्थनीय निकाय अपने चुनावों के मार्फत मूल्यांकन करते रहते हैं और इसी कड़ी में नगर निगम मेयरों की नुमाइश में सियासी संस्कृति की घुसपैठ देखी जा सकती है। दरअसल जिस बिसात तक मेयर चुनने की तफतीश ले आए हैं, वहां मुद्दे नहीं मंडी के हिसाब से बिकने की नौबत आन खड़ी हुई है। आखिर जनता के पास अब तो इतना कौशल भी नहीं बचा कि वह योग्यता व दक्षता के आधार पर अपने लिए पार्षद चुन सके, तो मेयर चुनना उसके लिए एक अद्भुत लाटरी सरीखा हो गया। पार्षदों की संख्या में मेयर की बाजी अब विधायक के मत से दखलंदाजी हो गई या यही करिश्मा निगम को महज एक चुनाव बना रहा है। धर्मशाला नगर निगम में मेयर को तलाशती आंखें जब खुलती हैं, तो कांग्रेस के हाथ यह पद लग जाता है। पालमपुर अपने चिन्हित इरादों को कांग्रेस के सुपुर्द कर देता है, तो मंडी में भाजपा की वकालत पसर जाती है। अब शीर्षासन पर खड़ा सोलन नगर निगम कसरतें कर रहा है। कभी सूचना पर धुंध, तो कभी कोरम के दरवाजे छोटे पड़ जाते हैं। मेयर का चुनाव न हुआ सियासी जलजला हो गया। सोमवार की चुनावी प्रक्रिया अनुपस्थित हो गई, तो अब कोई चिडिया फिर खेत चुगने आएगी या पार्टियों के बाराती दूल्हा सजाएंगे। कांग्रेस अपने बहुमत के वजूद में आत्मविश्वास ढो पाती है या सात पार्षदों पर टिकी भाजपा की किश्ती में सपने ढोने का कोई बहाना मिल जाएगा। गुरुवार पुनः ताजपोशी एक मेयर की, न जाने कौन सी कहानी लिखेगी, वैसे मेहरबां तेरे कूचे आ के खड़े हैं-हैं नगर निगम के रथ पर बैठे विधायक भी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. राजीव बिंदल गंभीरता से कटाक्ष करते हैं कि इतनी ही जरूरत है तो मेयर का पद विधायक को ही दे दिया जाए। बहरहाल हिमाचल का नागरिक समाज न तो गांव में खुद को बदल पा रहा है और न ही शहरी परिदृश्य में कुछ बदलाव का एहसास कर पा रहा है। सियासत तो उसी सूरत में ढोल बजाती हुई निकल जाएगी, लेकिन शहर को समझने के लिए 'मेयर' का पद मजाक बन गया। हो सकता है और जैसी कि उम्मीद है वर्तमान सरकार भी कुछ और नगर निगम चुन लेगी, लेकिन क्या शहरी रूपरेखा में हिमाचल के पर्वतीय शहर जीना सीख लेंगे। पार्षद को ही मेयर बनाने की बाजी सियासी तौर पर एक कुशल अभिनय हो सकती है, लेकिन इससे शहरी उत्थान का विजन पैदा नहीं होगा। उदाहरण के लिए हमीरपुर में प्रस्तावित नगर निगम की सीमा लगभग दो दर्जन गांवों में घुसेगी, लेकिन इसके बदले मिलेंगे पंद्रह पार्षद और एक मेयर। क्या गांव को नई भूमिका में मेयर समझ पाएगा या दो दर्जन पंचायत प्रधान खोकर शहर का प्रबंधन बदल जाएगा। अंततः शहरी मॉडल को स्थापित करने के लिए दूरदृष्टि, संकल्प, कुशल प्रबंधन व नागरिक आचरण की जरूरत है। दिल्ली में शहरी मसलों पर हुए 'पर्वत मंथन' से यह तो स्पष्ट हुआ है कि कुछ अलग मानदंड से हिमालयी राज्यों के शहरीकरण को संबोधित करने की आवश्यकता है। पर्वतीय राज्यों में भी अब शहरी विकास की होड़ एक ओर नागरिक सुविधाओं की मांग कर रही है, जबकि दूसरी ओर शहर को व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों की अपेक्षा रखती है। पर्वतीय शहर के खाके में पर्यावरणीय खतरे व समाधान के बीच सामंजस्य व अस्तित्व के लिए वनापत्तियों में कुछ छूट चाहिए। हिमाचल जैसे प्रदेश की संरचना में पर्यटन की अहमियत, शहरीकरण की हैसियत तथा जीवन शैली की कैफियत को समझते हुए टीसीपी कानून को सशक्त करना होगा। यह असाधारण प्रक्रिया के तहत होगा और इसके लिए शहरी मानसिकता में बदलाव की जरूरत है। कम से कम पांच नगर निगमों की परिपाटी में इतना तो परिवर्तन लाया जाए कि नागरिक समाज राजनीति से ऊपर उठकर ऐसे पार्षदों का चयन करे जो भविष्य के लिए काम कर सकें। कम से कम मेयर चुनावों ने यह बता दिया है कि नगर निगमों के भीतर भी सियासत के बेकार संदूक भरे हैं, जबकि पर्वतीय शहरीकरण को संबोधित करने के लिए खास विजन के लोग ही आगे आने चाहिएं। यदि मेयर के प्रत्यक्ष चुनाव हों, तो शहरी व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने की दृष्टि से लोग ऐसे उम्मीदवार को ही बढ़त देंगे जो प्रशासनिक अनुभव तथा उच्चकोटि के आचरण से प्रभावित कर पाएगा।

धर्मशाला नगर निगम में मेयर को तलाशती आंखें जब खुलती हैं, तो कांग्रेस के हाथ यह पद लग जाता है। पालमपुर अपने चिन्हित इरादों को कांग्रेस के सुपुर्द कर देता है, तो मंडी में भाजपा की वकालत पसर जाती है। अब शीर्षासन पर खड़ा सोलन नगर निगम कसरतें कर रहा है। कभी सूचना पर धुंध, तो कभी कोरम के दरवाजे छोटे पड़ जाते हैं। मेयर का चुनाव न हुआ सियासी जलजला हो गया। सोमवार की चुनावी प्रक्रिया अनुपस्थित हो गई, तो अब कोई चिडिया फिर खेत चुगने आएगी या पार्टियों के बाराती दूल्हा सजाएंगे। कांग्रेस अपने बहुमत के वजूद में आत्मविश्वास ढो पाती है या सात पार्षदों पर टिकी भाजपा की किश्ती में सपने ढोने का कोई बहाना मिल जाएगा। गुरुवार पुन : ताजपोशी एक मेयर की, न जाने कौन सी कहानी लिखेगी, वैसे मेहरबां तेरे कूचे आ के खड़े हैं-हैं नगर निगम के रथ पर बैठे विधायक भी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा . राजीव बिंदल गंभीरता से कटाक्ष करते हैं कि इतनी ही जरूरत है तो मेयर का पद विधायक को ही दे दिया जाए। बहरहाल हिमाचल का नागरिक समाज न तो गांव में खुद को बदल पा रहा है और न ही शहरी परिदृश्य में कुछ बदलाव का एहसास कर पा रहा है।

### राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है

## हिंदी पट्टी के राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' की संज्ञा देना राजनीतिक बौखलाहट है

ललित गर्ग

**तीन** राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं शानदार जीत से इंडिया गठबंधन के विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है तमिलनाडु की सत्ताधारी दल डीएमके पार्टी के सांसद डीएनवी सेंथिलकुमार के द्वारा संसद में हिंदी पट्टी के राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' की संज्ञा देना। उनके ऐसा बोलते ही संसद से लेकर बाहर के राजनीतिक गलियारों में हंगामा खड़ा हो गया। भाजपा ने सेंथिलकुमार के इस बयान का विरोध किया तो सांसद ने माफी मांग ली और लोकसभा की कार्यवाही से उनका बयान अब हटा दिया गया है। साथ ही कांग्रेस ने भी उनके इस बयान से पल्ला झाड़ लिया है। राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड्यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। गाय न केवल भारत की सनातन परम्परा बल्कि आम जनजीवन में आस्था का सर्वोच्च केन्द्र है। भारतीय गोवंश को माता का दर्जा दिया गया है इसलिए उन्हें 'गौमाता' कहते है, हमारे शास्त्रों में गाय को पूजनीय बताया गया है। हमारी माताएं बहनें रोटी बनाती हैं तो सबसे पहली रोटी गाय को ही देती हैं। गाय का दूध अमृत तुल्य होता है। न केवल गाय का दूध बल्कि समस्त गौ-उत्पाद भी अमूल्य है। इन दिव्य अमृत पंचगव्य का उपयोग यज्ञ, आध्यात्मिक अनुष्ठानों, बीमारी से निजात पाने और संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए किया जाता है। इसलिये गौमाता को आधार बनाकर भाजपा की जीत पर हमला करने की यह कुचेष्टा न केवल मानसिक दिवालियापन है बल्कि इससे भारत की जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान हुई है। गौमाता पर की गयी यह टिप्पणी एक सम्पूर्ण परम्परा एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा है। ऐसी कुचेष्टाएं एवं साजिशें पूर्व में भी हुई हैं। तब भी गौमाता की तरह ही सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानों से देश को तोड़ने का षड्यंत्र हुआ। तब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया था। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए. राजा ने तो हदें ही लांघते हुए हिंदू धर्म को 'न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप तक कह दिया था।' इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, माफी मांग ली। अपनी कही बातों से किनारा पाने की इस बार भी पूर्व की तरह चेष्टा हुई, ये स्थितियां भारतीय राजनीति की विडम्बना




एवं विसंगति है। कांग्रेस की हार का कारण ऐसी विसंगतियां ही बनती रही हैं। प्रश्न है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी क्या उत्तर भारतीयों के खिलाफ अपने सहयोगी दल के अपमानजनक बयानों से सहमत हैं? तीन राज्यों में से दो राज्यों- राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में ही इन चुनावों से पहले उसी की सरकारें थीं। क्या हिन्दी राज्यों का अपमान एवं तिरस्कार करते हुए कांग्रेस आगे बढ़ने की सोच भी सकती है? कांग्रेस कब तक देश को विघटित करने की राजनीति करती रहेगी? क्योंकि कांग्रेस के दबदबे वाली इंडिया गठबंधन में भी डीएमके एक अहम साझेदार है। उत्तर भारत मे 'गौमाता' पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से कांग्रेस को किनारा करना, उसकी सूझबूझ एवं विवेक से ज्यादा विवशता है। यही कारण है महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मिलिंद देवड़ा ने इस टिप्पणी पर नाराजगी जताई और इसे अफसोसजनक बताया। उन्होंने खुद को सनातनी कहा है। कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने भी कहा कि डीएमके की राजनीति अलग है। कांग्रेस उनकी राजनीति से सहमत नहीं है। कांग्रेस 'सनातन धर्म' और 'गौमाता' में भी विश्वास करती है।' क्या कांग्रेस का यह विश्वास सच्चा विश्वास है या वोट हासिल करने का हथियार मात्र है। इंडिया गठबंधन से जुड़े एक खास दल ने सनातनी परंपरा एवं हिन्दू भाषी राज्यों का बहुत बड़ा निरादर किया है। सनातनी परंपरा, सनातनियों एवं हिन्दू राज्यों का इस तरह का अपमान देश कैसे बर्दाश्त करेगा? निश्चित ही देश की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले दलों एवं नेताओं को जनता मुंहतोड़ जवाब देती है और देती रहेगी। आखिर सवाल यह भी है कि हिंदी या हिंदी भाषी राज्यों के विरोध में डीएमके पार्टी एवं उसके नेता किस हद तक गिरेंगे। हिंदी भाषी राज्यों को लेकर मन में यह दुराग्रह से आखिर क्या हासिल होने वाला है। इससे फायदे की जगह नुकसान ही होता है। डीएमके नेता सीधे-सीधे हिंदी भाषी प्रांतों में रहने वाले लोगों का अपमान कर रहे हैं। भाजपा की जीत जनभावनाओं की जीत है और जीत का यह विजय रथ हिन्दी भाषी राज्यों के साथ-साथ दक्षिण भारत में भी विजय-पताका फहराते हुए आगे बढ़ रहा है। तेलगांना में भाजपा एक सीट से 8 तक आगे बढ़ी है, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भाजपा अपने होने का अहसास करा रही है, कोई आश्चर्य नहीं कि वहां पैर जमाते हुए भाजपा की सरकारें भी बनने लगें। कर्नाटक में तो उसने लम्बे समय तक शासन किया है। तीन राज्यों की ऐतिहासिक जीत से भाजपा का मनोबल जहां बढ़ा है वहीं इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस का मनोबल गिरा है। भाजपा एवं मोदी की सोच, नीतियां, योजनाएं एवं दृष्टिकोण की जीत पर विपक्षी दलों की ये ओछी प्रतिक्रियाएं उसे अधिक बलशाली ही बनायेगी। आदिवासी विकास का संकल्प, महिलाओं की भूमिका और 33 प्रतिशत आरक्षण का आश्वासन, समान नागरिक संहिता, सांस्कृतिक मूल्यों का विकास, युवाओं के लिये रोजगार, विश्वगुरु बनाने की कार्ययोजना, देश की सुरक्षा एवं साख जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक उपक्रम का मोदी ही दम रखते जान पड़ते हैं। देश को आगे बढ़ाना है तो तुष्टीकरण, धर्म एवं संस्कृति को आहत करने की विकृत मानसिकता और भ्रष्टाचार से मुक्त होना आवश्यक है। मोदी ही गारण्टी की गारण्टी है, लेकिन इसमें अहंकार नहीं है, मोदी ने अपनी जगह पार्टी एवं देश की जनता को ही प्रमुखता दी, देश की जनता को हमेशा आगे रखा है। उन्होंने चुनावी सभाओं में साफ कहा कि पार्टी का चेहरा कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि कमल का फूल है, साफ-सुथरी नीतियां हैं, देश को सशक्त बनाने का संकल्प है। निश्चित ही इस बार के चुनाव परिणाम सनातन भारत को मजबूती देने वाले हैं, सनातन का अर्थ सच्चा भारत, सच्ची मानवीयता एवं उदात्त जीवन मूल्य। यही कारण है कि इसी सनातन के शिखर गौमाता को आधार बनाकर डीएमके पार्टी ने अपनी बौखलाहट को उजागर कर राजनीतिक अपरिपक्वता को दर्शाया है। भारतीय न्याय व्यवस्था ने भी समय-समय पर ऐसे विवादास्पद एवं आपत्तिजनक मामलों में कहा है कि जब धर्म एवं आस्था को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता घृणित भाषण नहीं हो सकती। यदि इसे नजरंदाज किया जाता है तो किसी भी बहस की दिशा पटरी से उतर जाएगी और इसके पीछे का उद्देश्य अपना महत्व खो देगा। अभियव्यक्ति की स्वतंत्रता निष्पक्ष और स्वस्थ सार्वजनिक बहसों को प्रोत्साहित करती है तो इससे समाज को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। गौमाता एवं सनातन धर्म पर विवाद निरर्थक है।

भाजपा ने सेंथिलकुमार के इस बयान का विरोध किया तो सांसद ने माफी मांग ली और लोकसभा की कार्यवाही से उनका बयान अब हटा दिया गया है। साथ ही कांग्रेस ने भी उनके इस बयान से पल्ला झाड़ लिया है। राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड्यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। गाय न केवल भारत की सनातन परम्परा बल्कि आम जनजीवन में आस्था का सर्वोच्च केन्द्र है।

दृष्टि कोण

## जनसंख्या : समस्या अथवा वरदान

**जनसंख्या** के लिहाज से भारतवर्ष विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है। आबादी के आकार की बात करें तो हमारा देश अमरीका, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान, बांग्लादेश और जापान की सम्मिलित आबादी के बराबर है और पिछले 10 वर्षों में हमारे देश की जनसंख्या में एक पूरे देश ब्राजील की जनसंख्या और जुड़ गई है। जनसंख्या बढने का मतलब है कि हमें ज्यादा लोगों के शिक्षा के साधन, रोजगार, खाना और रहने के लिए मकान चाहिएं। हमारे देश में बहुत सी समस्याएं हैं, जनसंख्या की समस्या उनमें से बहुतों का मूल है, पर यह भी सच है कि ज्यादा आबादी के कारण आज हम लाभ की स्थिति में भी हैं। भारतवर्ष में 15 वर्ष से 59 वर्ष के लोगों की वृद्धि का अनुपात आबादी की वृद्धि के अनुपात से अधिक है और यह स्थिति 2030 तक बने रहने की उम्मीद है। यह वह आबादी है जो काम में लगी है अथवा काम में लगाई जा सकती है। ऐसी जनसंख्या वाला भारत एकमात्र विकासशील देश है। आज हमारे सामने सवाल



यह है कि जनसंख्या के इस वर्ग को काम में लगाकर हम इसे अपने लिए वरदान बना लेंगे या फिर राजनेताओं की थोथी बयानबाजी और अपनी खुद की लापरवाही, अकर्मण्यता तथा अज्ञान के कारण बढ़ती आबादी को अपने लिए अभिशाप बना लेंगे तथा वर्तमान से भी ज्यादा गरीबी तथा साधनहीनता की स्थिति में पहुंच जाएंगे। हमारे सामने यह एक बड़ी चुनौती है, और यही एक बड़ा अवसर भी है। फ्रेंच पोलिटिकल साइंटिस्ट क्रिस्टोफर ज़ैरफरेलो दक्षिण-पश्चिम एशिया मामलों के विशेषज्ञ हैं और भारत-पाकिस्तान पर उनकी खास पकड़ है। उनकी संपादित पुस्तक 'इंडिया सिंस 1950 : सोसाइटी, पॉलिटिक्स, इकोनोमी एंड कल्चर' में भारत का राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विश्लेषण किया गया है। इसी पुस्तक के अध्याय 'इंडिया 2025' के अनुसार भारतवर्ष उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक संभावनाओं वाला देश है। यहां न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता है, बल्कि यहां लोकतंत्र के साथ बाजार आधारित अर्थव्यवस्था भी है। हालांकि भारत की विकास दर यदा-कदा ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी है, लेकिन पिछले दस वर्षों से यह 7-8 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। जीडीपी के लिहाज से 2025 तक हमारा देश अमरीका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा देश बन जाएगा। बचत और निवेश की अच्छी दर का भी भारत को लाभ मिलेगा और सन 2030 तक देश की उत्पादकता भी बढ़ती रहने के संकेत हैं। विद्वानों का मानना है कि उत्पादकता बढने के पांच मुख्य कारण हैं। एक, अर्थव्यवस्था में कृषि की जगह उद्योग और सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी में बढ़ोत्तरी, दो विश्व अर्थव्यवस्था में भारतीय कंपनियों की बढ़ती हिस्सेदारी, तीन बैंकिंग सेक्टर का आधुनिकीकरण, चार आईटी टूल्स का बढ़ता इस्तेमाल और पांच, संचार व परिवहन के साधनों का विकास। क्या भारतीय अर्थव्यवस्था इसी रफ्तार से आगे बढ़ सकती है? अगर हां, तो आने वाले वर्षों में इसके क्या सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक परिणाम होंगे? एक चुनौती तो स्पष्ट रूप से बढ़ती असमानता है। यह असमानता सिर्फ सामाजिक स्तर पर नहीं, बल्कि भौगोलिक स्तर पर भी है। ग्रामीण भारत आगे नहीं बढ़ रहा है। इससे ग्रामवासियों में शहरी मध्यवर्ग के मुकाबले गहरी हताशा पैठ सकती है और यह असंतोष माओवादियों अथवा ऐसे ही अन्य संगठनों के पक्ष में जा सकता है। हमारी चुनौती यह है कि आबादी को हम बोझ न बनने दें, बल्कि उसे परिसंपत्ति में परिवर्तित कर दें। माना जाता है कि भारत की आबादी इक्कीसवीं सदी के मध्य तक चीन को पार कर डेढ़ अरब हो जाएगी।

कुछ अलग

## ईवीएम और 'गौमूत्र' राजनीति

**ये** कुंठित और घिसे-पिटे आरोप हैं। चुनावी जनादेश के बाद मतदान की ईवीएम को कोसना विपक्ष की फितरत रही है। उसके आरोप रहे हैं कि ईवीएम में चिप का इस्तेमाल किया जाता है, लिहाजा उसे 'हैक' किया जा सकता है। ऐसी दलीलें दी जाती रही हैं मानो देश भर की ईवीएम में भाजपा घुस कर बैठी है और वह जनादेश को पलट देती है। यह हमारे लोकतंत्र और करोड़ों मतदाताओं का अपमान भी है। दिसंबर, 1998 में 'जनप्रतिनिधित्व कानून' में संशोधन किया गया था और बैलेट पेपर के स्थान पर ईवीएम के जरिए मतदान करने की व्यवस्था लागू की गई थी। उसके बाद 2004 का लोकसभा चुनाव सबसे महत्वपूर्ण था, जिसमें करीब 17.5 लाख ईवीएम का इस्तेमाल किया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 'भारत उदय' नारे के बावजूद भाजपा चुनाव हार गई और कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष का गठबंधन बना-यूपीए। मई, 2014 तक उसने दो सत्ता-काल देखे। उस दौरान ईवीएम से ही मतदान कराए गए। कहीं विपक्ष जीता, तो कहीं भाजपा की सत्ता आई। आज भी देश के 18 राज्यों में भाजपा-एनडीए और 13 राज्यों में कांग्रेस, वाममोर्चा और साथी दलों की सरकारें हैं। हाल ही में तेलंगाना में कांग्रेस को जनादेश ईवीएम के जरिए ही प्राप्त हुआ है। राज्य के नए, कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी बने हैं। इसके पहले कर्नाटक और हिमाचल में कांग्रेस जीती थी और वहां उसकी सरकारें काम कर रही हैं। जिन राज्यों-मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान-में कांग्रेस अब पराजित हुई है, वहां 2018 में उसे ही, ईवीएम के जरिए, जनादेश हासिल हुए थे। अब कांग्रेस नेताओं के अलावा, सपा, बसपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस आदि विपक्षी दलों ने भी ईवीएम में 'भाजपा के भूत' होने की कुंठित दलीलें दी हैं। विरोध सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि द्रमुक सांसद सेंथिल कुमार ने लोकसभा में ही बयान देकर जनादेश को 'उत्तर बनाम दक्षिण' करने की मंशा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदी पट्टी के 'गौमूत्र' वाले राज्यों में ही चुनाव जीतती है। हालांकि इस कथन को लोकसभा की कार्यवाही के रिकॉर्ड से बाहर कर दिया गया है, लेकिन यह अपमान कौन सहेगा? द्रमुक के नेताओं ने ही 'सनातन' के समूल नाश की बात कही थी और उसकी तुलना एड्स और कोढ़ जैसी बीमारियों से की थी। क्या ऐसी गालियां देना राजनीति के लिए जरूरी है? द्रमुक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का ही घटक-दल है। कांग्रेस के कई नेताओं ने द्रमुक सांसद के ऐसे बयान की भर्त्सना की है। माफी मांगने के आग्रह भी किए गए। अंततः सांसद को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन ऐसा भाजपा-विरोध देश की 'विविधता में एकता' संस्कृति का अपमान और उल्लंघन है। सवाल है कि क्या ऐसी विभाजक राजनीति के जरिए ही 2024 का आम चुनाव जीता जा सकता है? क्या यह विभाजनकारी मानसिकता ही विपक्ष का नया राजनीतिक एजेंडा है? क्या देश में गौ, गंगा, गायत्री, गीता का अपमान बर्दाश्त किया जा सकता है? लोकतंत्र में जनादेश ही अंतिम निर्णय है। वह जनता का निर्णायक रुख है। उसी के आधार पर देश में, राज्यों में, उत्तर-दक्षिण-पूर्व-पश्चिम में सत्ताएं तय होती रही हैं। जहां तक ईवीएम का प्रश्न है, तो उससे जुड़े विवाद सर्वोच्च अदालत तक जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने भी सर्वदलीय निमंत्रण दिया था और मशीन में गड़बड़ी निकालने की चुनौती दी थी। उसे विपक्ष ने स्वीकार क्यों नहीं किया? अब भी संशय में डूबा विपक्ष या उनका कोई भी प्रतिनिधि उचित मंच में ईवीएम को चुनौती दे सकता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, लिहाजा विपक्ष की गुत्थियों को सुलझाया जाएगा।

देश दुनीया से

## सोशल मीडिया में अश्लीलता का दुष्प्रभाव



आप यूट्यूब और गूगल सर्च इंजन से कैसी भी जानकारी तत्काल हासिल कर अपनी ज्ञान सुधा तृप्त कर सकते हैं। लेकिन इन्हीं माध्यमों पर उपलब्ध अश्लील सामग्री का आप क्या करेंगे? फेसबुक की वीडियो वाली रील्स सेक्शन में गंदे और अश्लील वीडियो की भरमार है, उस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। सोशल मीडिया ने इसके उपयोगकर्ताओं को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया है। इस माध्यम द्वारा आप लेखन कार्य, पारिवारिक गतिविधियों, अपनी उपलब्धियों, विशेष पारिवारिक समारोह के चित्रों/वीडियो को व्यक्तिगत रूप से सांझा कर सकते हैं और सार्वजनिक रूप से आम लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

**भारतीय** संस्कृति में सदाचरण, चरित्र निर्माण, विनम्रता, प्रेम, दया, त्याग और आदर-सम्मान जैसे सद्गुणों को प्रमुखता दी जाती रही है। इसके बावजूद हमें कुपथगामी एवं दुराचारी लोगों के किस्सों की कथाएं आए दिन प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पढने, देखने और सुनने को मिलती रहती हैं, जिससे कहीं न कहीं यह भावना बलवती होती है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में संस्कारों, आदर्शों, मूल्यों और नैतिक आचरण को लेकर भरपूर मार्गदर्शन होने के बावजूद क्यों समाज के कुछ लोग पथभ्रष्ट होकर गलत कार्यों में संलग्न रहकर सामाजिक ताने-बाने को दूषित करने का प्रयास करते हैं? यह सच है कि इंटरनेट, गूगल और सोशल मीडिया के लाभों को आज नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। आप यूट्यूब और गूगल सर्च इंजन से कैसी भी जानकारी तत्काल हासिल कर अपनी ज्ञान सुधा तृप्त कर सकते हैं। लेकिन इन्हीं माध्यमों पर उपलब्ध अश्लील सामग्री का आप क्या करेंगे? फेसबुक की वीडियो वाली रील्स सेक्शन में गंदे और अश्लील वीडियो की भरमार है, उस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। सोशल मीडिया ने इसके उपयोगकर्ताओं को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया है। इस माध्यम द्वारा आप लेखन कार्य, पारिवारिक गतिविधियों, अपनी उपलब्धियों, विशेष पारिवारिक समारोह के चित्रों/वीडियो को व्यक्तिगत रूप से सांझा कर सकते हैं और सार्वजनिक रूप से आम लोगों तक पहुंचा सकते हैं। लेकिन सिक्के के दो पहलुओं की माफिक आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के अच्छे बुरे दोनों रूपों के इस्तेमाल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इन प्लेटफॉम्र्स को जहां आप अपनी रुचियों के परिमार्जन और आपसी मेल मिलाप आदि के दृष्टिकोण से सदुपयोग कर सकते हैं तो वहीं कुछ दुष्ट प्रवृत्ति के लोग इन प्लेटफॉम्र्स को रुपया कमाने और हमारी युवा शक्ति को बिगाड़ कर सामाजिक माहौल को दूषित करने में दिन-रात लगे हुए हैं। लिहाजा इन माध्यमों पर परोसी जा रही अश्लीलता पर कानूनी तौर पर रोक लगाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। सबसे पहले 1997 में पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सिक्सडिग्री लॉन्च किया गया था। इसकी स्थापना एंड्रयू वेनरिच ने की थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते एक साल में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 7.6 फीसदी बढ़ी है और यह 4.72 अरब तक पहुंच गई है। भारत में फेसबुक पर एक महीने में लगभग 200 करोड़, यूट्यूब पर 100 करोड़, इंस्टाग्राम पर 70 करोड़, रेड्डिट के 25 करोड़, पिनट्रेस्ट के 15 करोड़, आस्क एफएम के 16 करोड़ उपयोगकर्ताओं सहित करोड़ों भारतीय अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर विजिट्स करते हैं। आज दुनिया की कुल आबादी के 60 प्रतिशत से अधिक के बराबर जनता सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रही है। आज की तारीख में गलत सूचनाएं और उम्र छुपा कर 9-10 साल के छोटे-छोटे बच्चों ने भी फेसबुक पर अपने अकाउंट खोल रखे हैं और धड़ल्ले से सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। ऑनलाइन शिक्षण के नाम पर बच्चों को स्मार्टफोन देना या उपलब्ध करवाना और उसे हर वक्त डाटा उपलब्ध करवाना मां-बाप की मजबूरी बन चुकी है। अब अभिभावक शिक्षित हो या अशिक्षित, प्रत्येक क्षण अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने से रहे, ऐसे में भारत में बढ़ता स्मार्टफोन्स का बाजार मां-बाप के समक्ष नई चुनौतियां भी खड़ी कर रहा है। ऊपर से फेसबुक, यूट्यूब और पोर्न साइट्स पर परोसी जा रही अश्लीलता से परिस्थितियां गंभीर होती जा रही हैं। जितने ज्यादा मोबाइल यूजर्स होंगे, उतना ही डाटा का इस्तेमाल बढ़ेगा और टेली कंपनियों के वारे न्यारे होंगे। इसलिए उनकी तरफ से हमारी किशोरवय एवं युवापीढ़ी गलत दिशा में जाती है तो भाड़ में जाए, उन्हें तो अपनी मोटी कमाई से मतलब है। इन सोशल नेटवर्किंग साइट्स के कुछ लाभ भी हैं तो कुछ हानियां भी हैं। जैसे सोशल मीडिया के इस्तेमाल से आप अकेलेपन का शिकार होने से बचते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स से आप हमेशा व्यस्त रह सकते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स आपके बिजनेस को भी फायदा पहुंचा सकती हैं और इन्हीं साइट्स पर आपको ठगा भी जा सकता है। वस्तुतः सोशल नेटवर्किंग एक प्रकार की लत है और आप इसके आदी होते चले जाते हैं। कई बार सोशल नेटवर्किंग साइट्स से आपका डाटा और फोटो भी चोरी कर लिए जाता है जिसका प्रयोग गलत कार्यों के लिए किया जा सकता है। सोशल नेटवर्किंग का इस्तेमाल करते समय आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिएं, जैसे सोशल साइट्स पर हमेशा अपनी पूरी जानकारी अपलोड न करें। सोशल साइट्स के द्वारा बने दोस्तों को आप अपनी पर्सनल जानकारी न दें। यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स नए लोगों से मिलने और उनसे जुडने का बस एक माध्यम भर है, अतएव इसे आप अपनी जिंदगी का हिस्सा न बनाएं। वर्तमान समय में ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्डइन, स्नैपचैट, व्हाट्सएप और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म व्यापक रूप से सूचना के स्रोत के रूप में उपयोग किए जाते हैं।

आप का नजरीया

## नया युग है कि प्रवंचना युग?

**आजकल** इस देश की धरा वीरों से वंचित हो गई लगती है। लेकिन आजकल कुछ नए वीरों का पैदा हो जाना एक ऐसे बदलाव की ओर इशारा कर रहा है, कि जिसके कारण यह ऊर्जाहीन होती धरा सनसनीखेज खबरों से भर जाती है। गोदी मीडिया को पुचकार मिलती है। पहले वीरता के अभाव ने पूरे देश में अवसाद और बेचारगी को जन्म दे दिया था। अब लोग मास्क, नकाब पहनने की बात बहुत पीछे छोड़ आए हैं। वायरस के भय से कमरों में बंद होकर जीने की मजबूरी खत्म हुई। फिर भी बेकारी बढ़ रही है, महंगाई ने बंटाधार करना शुरू कर दिया। एक समय लगा था महामारी की विदाई बेला में लोग भी सच, हक और ईमानदारी के लिए अपनी खोई हुई वीरता को पुनः प्राप्त कर लेंगे। अपनी नागरिकता के अधिकार के साथ समय की सरकार से काम देने के अधिकार की मांग करेंगे। मृत्यु भय से छुटकारा पाना शुरू करने के बाद उत्पादन न होने पर भी चोर बाजारियों द्वारा पैदा की गई महंगाई का मुंह नोच लेंगे, और भ्रष्टाचार को आज के समाज से बहिष्कृत करके नैतिकता और आदर्शों को जिंदा करने की वीरता दिखाएंगे। लेकिन गंभीरता से समाज टटोला तो पाया कि ऐसा नया समाज बना सकने वालों की वीरता कब से दिवंगत हो गई। अब काम का अधिकार मांगने वाले राहतों, रियायतों और सस्ती साझी रसोइयों से निबटा दिए गए हैं। जरूरत महामारी से खंडित हो गए समाज को श्रम वीरता का अर्थ बड़बोलापन हो गया। जो जितनी दूर की हांक सके, उतना ही बड़ा इस देश का नवनिर्माता। यूं दया धर्म का मूल है, दोहराने वाले बहुत से वाक्यवीर पैदा हो गए। कार्य संस्कृति की जगह राहत और रियायत उद्घोषक संस्कृति ने कुछ इस प्रकार जन्म लिया, कि पेट भरने के लिए भूखे, बेकार और बीमारी से उठे लोगों की कतारें दानवीरों के मुफ्त और रियायती जलपान गृहों के बाहर लगनी शुरू हो गईं। देश की सरकार की ओर किसी नयी कार्य संस्कृति की रूपरेखा के लिए देखा जा सकता है। महामारी का दबाव हटने के साथ इस नए सामान्य होते माहौल में उससे यह उम्मीद रखना बेजा भी नहीं था, लेकिन कार्य संस्कृति के साथ उद्यम और मेहनत की परेशानी जुड़ी होती है। इसके नतीजे भी हथेली पर सरसों जमने की तरह तत्काल नहीं आते। इसलिए ऐसा कंटकपूर्ण राह अपनाने के स्थान पर अब सरकारी दरीचों से घोषणावीरों की जमात पैदा हो गयी। अब सत्ता के मीनारों पर तो हर कोई कब्जा करना चाहता है। जो वहां जम कर बैठे हैं, वे सत्ता पक्ष हैं, जिसका लक्ष्य है जब तक जीवन, तब तक भोगो। और जब जीवन क्षीण हो, झुठलाने लगे तो अपनी कुर्सियों के सर्वाधिकार नाती-पोतों के नाम सुरक्षित करवा जाओ। लेकिन बाहर सडक पर ट्रैफिक जाम लगा मोर्चाबंद होता विपक्ष भी तो है। वह सत्ता पर पुश्तैनी अधिकार मानने वाले इन महामानवों के नीचे से कुर्सी खींचने की फिराक में लगा रहता है। आजकल मुकाबला, संघर्ष की वीरता, महंगाई नियंत्रण, भ्रष्टाचार उन्मूलन या बेकार कांपते हाथों को काम देने में नहीं दिखाई जाती, बल्कि घोषणा संस्कृति का अभिषेक करते हुए और भी शेखचिल्ली होने में दिखाई जाती है।

**संक्षिप्त खबरें**

## सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के समीप कोने ग्राम में शुक्रवार शाम तकरीबन 3ः00श्चद्ब बजे चटकपुर से लातेहार भाया महुआडांड़ जा रही भगत सुपर बस जेएच-02ए एच 5480 ने एक बच्चे को अपने चपेट में ले लिया जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान रंजन परहिया पिता सरोज परहिया उम्र लगभग 8वर्ष के रूप में की गई है। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि मृतक अपने घर के पास में ही खेल रहा था और सड़क पार करने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही सुपर बस ने मृतक को अपने चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। इधर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं इसकी सूचना सदर थाना को मिलते ही सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में घटना स्थल पर पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## एंबुलेंस से शराब ले जाते तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मनिका पुलिस ने कल दिन गुरुवार की रात्रि लगभग 6:30 बजे मटलौंग मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान लातेहार कि तरफ से मनिका कि ओर से एक एंबुलेंस को आते हुए देखा गया। पुलिस को संदेह होने पर एंबुलेंस कि जांच कि गई जिसमें अंग्रेजी शराब की दारू पाई गई गाड़ी संख्या बीआर 21 7349 है। एम्बुलेंस में ऊपर और नीचे शराब रखने का जगह बनाई हुई थी। जिसमें 500 बोतल बिना पेटी का कुल 750 प्लास्टिक बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जप्त की गई। एवं मैगडोल नंबर वन की शराब 375 इमेल का कुल 750 कांच बोतल पाई गई तीनों गिरफ्तार युवक का नाम मोहम्मद अफसर उम्र 30 वर्ष मोहम्मद आजाद अंसारी उर्फ फेकुआ उम्र करीब 40 वर्ष मोहम्मद हाशिम अंसारी उर्फ खलासी उम्र 50 वर्ष तीनों आरोपी कांके रोड मीठ बस्ती पोस्ट गांधीनगर थाना गेंदा जिला रांची का निवासी है। इस छापेमारी अभियान में मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह राजकुमार तिग्गा मिश्रा मांझी मनोज कुमार दुबे धर्मेंद्र नाथ राय समेत मनिका पुलिस बल के जवान मौजूद थे। आपको बताते चलें कि मनिका पुलिस के द्वारा लगातार अवैध अंग्रेजी शराब ले जाने वाले लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।


## हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन के गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ हथियार बंद अपराधी अव्वल मुहल्ला के पास शादी समारोह में किसी किसी बड़ी घटना का अंजाम देने वाले हैं। इस संदर्भ में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा सूचना के सत्यापन में त्वरित कार्रवाई करते हुए काली मंदिर के पास एक देशी कट्टा एवं 20 राउण्ड जिंदा गोली के साथ एक अपराधी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा। पुलिस ने एक देशी कट्टा, 8 एम एम का बीस राउण्ड जिंदा गोली, एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने वशिष्टनगर (जोरी) थाना क्षेत्र के जटाधारी यादव उर्फ मोदी उर्फ रोहित को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, निर्मल कुमार सिंह, सच्चिदानन्द सिंह, विकाश पासवान सहित थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## 11 हजार वोल्ट का तार टूट कर गिर जाने से बाल बाल बचे लोग, कई इलेक्ट्रॉनिक्स समान जल कर राख



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के डाड़ी गांव के बड़की बागी में बीते शाम 7 बजे अचानक 11 हजार तार टूट कर एलटी तार में लटक गया। जिससे आग का गोला उठना शुरू हो गया। साथ हीं अनिल राम एवं अन्य के घर में लगे कई इलेक्ट्रॉनिक समान धू धू कर जल गया। वहीं मवेशी और इंशान करंट के चपेट में आने से बाल बाल बचे। इधर घरों में लगे बिजली बोर्ड में आग के गोले उठने लगे। आनन फानन में किसी तरह फोन कर बिजली लाइन को कटवाया गया तब लोगों ने राहत की सांस लिया। बता दें कि जितने भी ग्रामीण क्षेत्र है सभी गांवों में तार और पोल की जर्जर स्थिति है। जिससे आए दिन बिजली से कुछ ना कुछ घटना होना आम है। बताते चले कि डाड़ी गांव में पूर्व में तीन व्यक्ति की बिजली के चपेट में आने से मौत हो चुकी है परंतु अभी तक उनके परिजनों को मुआवजा मुयशर नहीं हुआ है। हाल हीं में बकचौमा में 11 हजार तार टूट कर गिर जाने से बीरेंद्र कुमार के खेत में लगा धान धू धू कर जल गया। हैरत वाली बात है कि ग्रामीण इलाके में प्लास्टिक कवर वाला तार के माध्यम से बिजली आपूर्ति करना है। किंतु प्लास्टिक कवर तार छोड़ नंगा पतला तार के सहारे ग्रामीण इलाके में बिजली जैसे तैसे आपूर्ति की जा रही है। वैसे में खतरा हमेशा बना हुआ है। दुशरी ओर बिजली विभाग केवल बिजली बिल लेने के प्रति काफी अग्रसर है। परंतु तारो के जखिरा यानी कई जगह जोड़ पर जोड़ को हटाने में सक्षम नहीं है। सभी तारों में इतना जोड़ है कि कभी भी ज्यादा बिजली प्रवाहित होने पर या हल्की हवा चलने पर टूट कर जमीन पर गिर जाता है। जिसका कोपभाजन आम ग्रामीण होते है। यदि समय रहते इसे सुदृढ़ नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

## बीडीओ ने किया मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत् उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगडा :** प्रखण्ड क्षेत्र के प्रसिद्ध उमाकांत पाठक खेल मैदान में शुक्रवार को आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल बालक- बालिका प्रतियोगिता का विधिवत् उद्घाटन बीडीओ सह अंचलाधिकारी मोनी कुमारी, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, मेराल मुखिया नीतू देवी, नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा व नावाडीह के पूर्व मुखिया मेघन दांगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काट कर तथा किक मारकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बताते चलें कि बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में सिंघानी एवं मेराल के बीच खेला गया जिसमें मेराल ने सिंघानी को प्लेंटी सूट में हरा कर मेराल ने जीत हासिल की। वहीं बालक प्रतियोगिता में नावाडीह बनाम बरवाडीह के बीच खेला गया जिसमें बरवाडीह ने पेलंटी सूट में 5-3 जीत हासिल किया। वहीं सिंघानी बनाम नोनगांव के बीच खेला गया जिसमें नोनगांव ने 2-0 से जीत हासिल की है। जबकि मेराल बनाम बरवाडीह के बीच खेला गया जिसमें मेराल ने 1- 0 से जीत हासिल किया। वहीं फाइनल मुकाबले में मेराल बनाम नोनगांव के बीच खेला गया। मेराल ने 2- 1 से जीत हासिल किया,जिसे जिले में खेलने का मौका मिलेगा। इस दौरान खेल शारीरिक शिक्षिका कुसुम कुमारी एवं शारीरिक शिक्षक राकेश कुमार, भाजपा नेता सह समाजसेवी मौलाना महफूज रहमान सहित प्रखण्ड क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे

## चतरा प्रखंड के देवरिया, सिमरिया प्रखंड के सबानो व टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत पहुंचे डीसी अबु इमरान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** डीसी अबु इमरान ने सदर प्रखंड के देवरिया, सिमरिया प्रखंड के सबानो व टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात कल्याण मंच से उन्होने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। वहीं असहाय, गरीब व वृद्ध लोगों के बीच कम्बल का भी वितरण किया साथ ही कार्यक्रम में आये आमजनों को पौधा देकर उनको पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। वहीं जेएसएलपीएस के सखी दीदीयों के बीच चेक व लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण किया। उन्होने कल्याण मंच से सभी को संबोधित करते हुए कहा यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। सभी आम जनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने अपने पंचायतों में होने वाले कार्यक्रम में पहुंच सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ ले। साथ ही मौके पर उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेश देते हुए कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ मिले। यह कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम व सुदूरवर्ती क्षेत्र से जो लाभुक मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है उन्हे लाभान्वित करने का है।

## मो. फारूक को बनाया गया अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा चतरा जिला के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में मो. फारूक को बनाया गया है। मो फारूक को अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मनोनयन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। वहीं लोगों ने बधाई दिया है। नव चयनित कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो फारूक ने बताया कि पार्टी ने जो मुझे दायित्व दिया है वह मैं बखूबी निष्ठापूर्वक निभाउंगा साथ हीं पार्टी के उत्थान के लिए हर संभव ततपर रहूँगा। बधाई देने वालों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, हाजी साबिर हुसैन, कामाख्या नारायण सिंह, परवेज आलम, बाल गोविन्द बैठा, ओमप्रकाश पाठक, रकीबुल अंसारी, नशरुद्दीन अंसारी, रुस्तम अंसारी सुबेस राम, मेराज अंसारी, उस्मान अंसारी, मोहम्मद ऐनुल, धर्मेंद्र यादव, अरुण यादव, महेन्द्र साव, असरार अंसारी, कासिम अंसारी, इकबाल अंसारी, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद कुदुस, यशवंत यादव, वली हकीम, खय्याम कोसर, अब्दुला अंसारी, मोहमद इरफान, इदरीस अंसारी के अलावे आबिद अंसारी का नाम शामिल है।

## कस्तूरबा विद्यालय में 239 बच्चियों का किया गया हीमोग्लोबिन जांच



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर के प्रभारी सुमित जायसवाल के निर्देश अनुसार बच्चियों का हीमोग्लोबिन जांच किया गया जहां कुल 239 बच्चियों का जांच किया गया?। जीएनएम रिंकु कुमारी बोधनाथ वर्मा बिरेन्द्र कुमार दांगी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत किया गया कार्यशाला का आयोजन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के मायाडिह गांव में क्रिया एवं इब्तदा नेटवर्क के द्वारा जेन्डर आधारित हिंसा के खिलाफ को लेकर 16 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां आजीविका एवं पिआरआइ महिला सदस्य भी उपस्थित थीं।बैठक में मुख्य रूप से जेंडर भेदभाव घरेलू हिंसा सामाजिक हिंसा आधारित दुर्व्यवहार जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नीली कुमारी ने बताया कि आज के दौर में महिलाएं किशोरियों विकलांग के प्रति सामाजिक हिंसा हो रही है इसलिए हम सभी को एकजुट होकर आगे आने की जरूरत है। इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर हिंसा के खिलाफ सबको आवाज उठाने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में गीता देवी नीलम देवी अरूणाती देवी आशा देवी कंचन देवी सुषमा देवी सुमन बाला शांति देवी ललिता देवी गीत देवी शहीत दर्जनों महिला उपस्थित थी।

## दशकर्म के लिये उपलब्ध कराया खाद्य सामग्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** खरवार भोक्ता समाज विकास संघ के पदाधिकारीयों ने गोनिया पंचायत के नवाडीह ग्राम स्थित डकबंदी टोला निवासी विकास गंझू पिता बुधन गंझु के परिजनों को ढाढस बंधाते हुवे दशकर्म के लिए एक बोरा चावल, आलु, दाल, तेल, नमक दिया। बताते चलें की डकबंधी निवासी बुधन गंझु के 15 वर्षीय पुत्र विकास गंझू का बीते 26 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। एवं मृतक के पिता मजदूरी करने बाहर गये थे। और माता का भी एक वर्ष पूर्व निधन हो गया है। मृतक चार भाईयों में सबसे बड़ा था। मृतक के परिवार अत्यंत गरीब व बेसहारा परिवार है। जिसे देखते हुए खरवा भोगता विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर गंझू, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र गंझु व गोनिया पंचायत अध्यक्ष विनोद गंझू ने संयुक्त रूप से मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुवे एक बोरा चावल, आलु, दाल, तेल, नमक मुहय्या कराया गया। मौके पर कृष्णा गंझु, रूप लाल गंझु, दिलीप गंझु, जमूना गंझु, प्रमोद, जगदेव, सुकरी, मीना, रमोध, कवीता, रविता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## उत्तम कुमार को पुनः सौंपा गया प्रदेश कार्यकारिणी का दायित्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पांडवों की नगरी इंद्रप्रस्थ में हो रहे अभाविप के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड प्रांत का 24 वां प्रांत अधिवेशन 07 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ। जिसमें सत्र 2023–2024 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका के उर्जावान छात्र नेता उत्तम कुमार को प्रांतीय अधिवेशन में पुनः प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया।ज्ञात हो कि उत्तम कुमार मूलतः मनिका के निवासी है उनकी शिक्षा डिग्री महाविद्यालय मनिका से राजनीति विज्ञान विषय से स्नातक तक पूरी हुई है, उत्तम 2019 से ही विद्यार्थी परिषद के संपर्क में है, वह 2019 से ही छात्रों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं, उन्होंने डिग्री महाविद्यालय में शिक्षा की क्रांति के लिए हर संभव प्रयास किया है, प्रखंड में छात्रों को कहीं भी दिक्कत हो तो उत्तम कुमार हर संभव उनकी मदद करने को तत्पर रहते हैं। उन्हें बधाई देने वालों में नगर अध्यक्ष रंजित रंजन, नगर उपाध्यक्ष गोविंद पासवान व दीपक कुमार, नगर मंत्री सौरभ भारती, सह मंत्री अभिषेक कुमार यादव, कॉलेज अध्यक्ष नीलम कुमारी उपाध्यक्ष चंदन, मंत्री विशाल समेत नगर इकाई एवं कॉलेज इकाई के कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## संगठन मजबूती पर रहेगा विशेष फोकस : नसीम अंसारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी उमैर खान द्वारा लातेहार जिले के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर मुहर लगाते नसीम अंसारी को उनके पार्टी और संगठन के प्रति सक्रियता को देखते हुए जवाबदेही तय कर दी गई है। जहां नसीम अंसारी को अध्यक्ष पद के लिए अधिसूचना जारी होते ही कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के बधाईयों का तांता लगना शुरू हो गया है। बधाई देने वालों में क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह, हाजी मुमताज अंसारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल कुमार सिंह, रविन्द्र राम, दीपू तिवारी, निजाम अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य यादव, सुरेश मिश्रा, दुखन सिंह, हेसामुल अंसारी झामुमो नेता शशिभूषण तिवारी सईद अंसारी, एनामूल अंसारी, अजय चंद्रवंशी समेत अन्य दलों के कार्यकर्ता शामिल हैं। अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास होगा, साथ ही चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती पर हमारा विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के संगठन की मजबूती के लिए नवयुवकों के साथ पुराने बुजुर्ग लोगों को जोड़ने की हमारी पुरी कोशिश होगी। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष पदाधिकारियों को आभार व्यक्त किया है।

## अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे मजदूर नेता की बिगड़ी तबीयत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में ओबी कोयला रेजिंग का कार्य कर रही पीएनएम कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों को नौकरी से हटाकर बाहरी लोगों को काम पर रख लिए जाने के बाद सभी लोग विस्थापित नेता गिरधारी यादव के नेतृत्व में विगत 28 दिनों से धरना पर बैठे थे। वही बीते गुरुवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किया गया। जिसमें शुक्रवार को विस्थपित नेता गिरधारी यादव की तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद उन्हें स्लाइन चढ़ाया जा रहा है ।मौके पर जानकारी देते विस्थपित नेता गिरधारी यादव ने कहा कि धरने के बीच बीते 4 नवम्बर को पीएनएम कंपनी के मैनेजर शम्भू सिन्हा, सीसीएल पदाधिकारी के समक्ष वार्ता हुआ। लेकिन कंपनी मैनेजर बिना समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए हुए बैठक से उठकर चले गए। इसके अलावा बीते 27 नवंबर को जीएम कार्यालय राजहरा चंदवा के सभागार में जीएम की अध्यक्षता में क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई ।इस बैठक में प्रबंधन और मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस बैठक में भी मजदूरों को नौकरी से हटा दिये जाने को लेकर चर्चा हुई। लेकिन फिर भी बात नहीं बन पाई। अंततः विस्थापित नेता गिरधारी यादव के द्वारा गुरुवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का निर्णय लिया गया। जिसके दूसरे दिन तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। आगे उन्होंने बताया की पीएनएम कंपनी द्वारा नियमों को ताक पर रखकर कई कार्य किया जा रहे हैं। पीएनएम कंपनी को कोयला रेजीग देने एवं ओबी का जिम्मा मिला है। वही कंपनी बालूमाथ साइडिंग तक माल ढुलाई का भी कार्य कर रही है। एकरारनामा के अनुसार बालूमाथ साइडिंग में पुराना रेजिंग का कोयला ढुलाई होना था ।लेकिन कंपनी अपनी मनमर्जी दिखाते हुए नया रेजिंग कोयला को ढुलाई कर रही है ।जिससे सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है। वही स्थानीय विधायक, एसडीओ की उपस्थिति में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के हुए फैसला को भी कंपनी ने नकारते हुए स्थानीय लोगों को काम से हटा दिया। जब तक कंपनी के मलिक स्वयं आकर धरना स्थल पर वार्ता नहीं करेंगे तब तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगा। वही दिए जा रहे धरना का समर्थन करते हुए बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव सिन्हा के निर्देश पर सभी सदस्य धरना स्थल पहुंचे और मजदूरों की मांगों का समर्थन किया। मौके पर बसिया मुखिया विमला देवी, दिलमनी यादव, संतोष यादव, भुनेश्वर यादव, कमलेश सिंह, संजय गुप्ता, अर्जुन साव, नासिर, अजित मंत्री, पंकज सिन्हा, मुकेश, दीपक, गोविंद, जुनैद, सरवर, दीपू गुप्ता, मो0सिकन्दर समेत कई लोग उपस्थित थे।


## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में सबानों पहुंचे उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** उपायुक्त अबु इमरान सिमरिया प्रखंड के सबानों पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का बारीकी से निरीक्षण किया वहीं द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात कल्याण मंच से उन्होने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। साथ हीं असहाय, गरीब व वृद्ध लोगों के बीच कम्बल का भी वितरण किया। जेएसएलपीएस के सखी दीदीयों के बीच चेक व लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण किया।मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। सभी आम जनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने अपने पंचायतों में होने वाले कार्यक्रम में पहुंच सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ ले। साथ ही मौके पर उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ मिले। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह के अलावे प्रखण्ड कर्मी शामिल थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का टंडवा प्रखंड के गाड़ीलौंग पंचायत से आज होगा शुभारंभ



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएम नरेन्द्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर कल टंडवा प्रखंड अन्तर्गत गाड़ीलौंग पंचायत भवन परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। पीएम एडवाइजर नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट टंडवा एवम मगध कोल परियोजना का निरीक्षण व निर्देशन करेंगे साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे हवाई मार्ग से दिल्ली रवाना हो जाएंगे। पीएम सलाहकार के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ को देखते हुए जहां एक ओर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा सुंदर व सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाया जा रहा है तो वहीं भाजपा के कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसको लेकर चतरा सांसद और सिमरिया विधायक अपने निर्देशन व मार्गदर्शन से सभी कार्यकर्ताओं को सफल करने के लिए उत्साहित किए हैं।

## वाहन चेकिंग अभियान के तहत 13 मोटरसाइकिल से 42000 रु का काटा चलान

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गेट के समीप पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्य गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में की गई। जहां दोपहिया वाहन के चालकों से हेलमेट जूता जरूरती कागजातों की जांच की गई। जिस गाड़ी में त्रुटि पाया गया। उन सभी दो पहिए वाहन से कुल 13 गाड़ीयों से 42000रु की चलान काट वसूली की गई है। यह कार्य में थाना से हिमांशु शेखर रामदेव वर्मा अशोक कुमार पांडेय एवं जिला बल के जवान उपस्थित थे।

# स्कूल वाहन और यात्री बस में भीषण टक्कर 14 बच्चे घायल, चालक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के कटकमसांडी में सुबह-सुबह स्कूल वाहन और यात्री बस के बीच भीषण टक्कर हो गयी। इस हादसे में 14 बच्चे बुरी तरह घायल हो गए, जबकि स्कूली वैन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक ओमनी वाहन में लगभग 15 बच्चे सवार होकर चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के नॉनगांव गांव से हजारीबाग के संत अगस्टिन स्कूल के लिए चले थें।इस जोरदार टक्कर में ओमनी वाहन के परखच्चे उड़ गए और चालक की मौत हो गयी। आनन फलन में स्थानीय लोगों के द्वारा सभी घायल स्कूली बच्चों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग लाया गया । जहां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि स्कूल वाहन चालक रामप्रवेश यादव अपने गांव से ही स्कूली बच्चों को मारुति वैन से छड़वा हजारीबाग संत अगस्टिन स्कूल लेकर जा रहा था। तभी कटकमसांडी पेट्रोल पंप के पास बस से टक्कर हो गई जिससे घटनास्थल पर ही रामप्रवेश की मौत हो गई। घटना से उग्र ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया।

## समाजसेवी ने सड़क दुर्घटना पर गहरी संवेदना प्रकट की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय के पौत्र समाजसेवी आशीष सहाय ने कटकमसांडी में सड़क दुर्घटना पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दुर्घटना बहुत ही दुखद है। उन्होंने कहा की सवारी बस एंव स्कूल वाहन मारुति वेन के आमने सामने टक्कर में स्कूल वाहन के चालक कि घटना स्थल पर मौत हो गई है ,इस दुर्घटना में करीब एक दर्जन से अधिक स्कूली बच्चे घायल हो गए है। जिनको लेकर मैं अपनी संवेदना प्रकट करता हूं, और मितंक ड्राइवर की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना करता हूं । मृतक के परिजन को भगवान सहन शक्ति प्रदान करे ये कामना करता हु।

## सॉफ्टेक में मनाया गया 26वां स्थापना दिवस समारोह



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग रोड स्थित आरसीएसएम की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के 26वें स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत की गई। जिसका शुभारंभ केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने केक काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर केंद्र के कई विद्यार्थी और कर्मी मौजूद थे. निदेशक ने बताया कि केंद्र के 25 वर्षों के इतिहास को शब्दो मे बता पाना असम्भव है। उन्होंने कहा कि सॉफ्टेक ने बरही मे कंप्यूटर का चिराग जलाया है और आज डिजिटल क्रांति के लिए अग्रसर है। डिजिटल पेमेंट या डिजिटल फोटोग्राफी अथवा प्रिंटिंग्स इसी केंद्र ने बरही में सर्वप्रथम सिखाने का काम किया है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रज्ञा केंद्र को भी बरही में स्थापित करने में इसी केंद्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. गर्व की बात है कि इस केंद्र से जुड़े हजारों बेरोजगार आज स्वनियोजित है. जिनमे कुछ सरकारी सेवा तो कुछ निजी व्यवसाय कर धनोपार्जन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस वर्ष केंद्र की ओर से साइबर फ्रॉड से संबंधित जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. जो सोमवार से प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जाकर साइबर फ्रॉड से संबंधित युवाओं को जागरूक करने का काम करेगा. इसके लिए टीम गठित किए जा चुके है. इसके साथ ही स्थापना दिवस के मौके पर विभिन्न प्रकार के क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एकांकी आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जायेगा. सभी विजेताओं को आगामी 24 दिसंबर के समापन समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा. कार्यक्रम आगाज़ के अवसर पर शुक्रवार को केंद्र परिसर में ही क्विज और अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजा किया गया. मौके पर केंद्र की ओर से कंप्यूटर जागरूकता लक्की ड्रा कूपन लॉन्च और स्कॉलरशिप योजना की शुरुआत की गई. लक्की कूपन की मदद से कोई भी व्यक्ति सात दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण में शामिल हो सकते है. कार्यक्रम को पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो, सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, लैब इंचार्ज रोहित कुमार आदि ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में केंद्र की शोभा कुमारी, नूपुर कुमारी, मुस्कान प्रवीण, रिंकी कुमारी, नेहा कुमारी, सबिता कुमारी, पूजा कुमारी, मीना देवी, सन्नू रविदास, दिलीप भुईयां, सोनी कुमारी, मनीषा कुमारी, जुली कुमारी, सोनाली पांडेय आदि सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे. कार्यक्रम के अंत में क्विज और अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे केंद्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम संचालन में भोला कुमार, सोनू, रोहित, बैजनाथ, सबिता आदि ने सार्थक योगदान दिया।

## डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास अस्पताल ने दारू में लगाया निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के सहयोग से दारू में शुक्रवार को निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों का दंत, रक्त एवं वील एज़ गाइनिक परीक्षण किया गया। जिसमें 104 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने चिकित्सकों से निशुल्क उत्तम स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श भी प्राप्त किया। शिविर के आयोजन में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई ने अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर का नेतृत्व सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सौम्या राज ने किया। विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर में बुनियादी उपचार की काफी सरहाना की। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एंव श्रीनिवास अस्पताल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की देखभाल प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## सेवा में तत्पर हूं और रहूंगा : रंजन चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी के जमुनिया सोती के समीप एक भाषण सड़क दुर्घटना हुआ। जिसमें साथी बस व स्कूली वैन में जोरदार टक्कर हो गई। स्कूली वैन में बच्चे बैठे थे। इस भीषण सड़क दुर्घटना में स्कूली वैन के चालक का निधन हो गया और करीब एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। स्कूली बच्चे चतरा जिले के बताए जा रहें हैं और सभी छड़वा डैम के समीप स्थित संत अगस्टिन स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हैं ।इस घटना की जानकारी जैसे ही हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को मिली उन्होंने तत्काल मुझे अस्पताल पहुंचकर हरसंभव मदद का निर्देश दिया। जिसके बाद मैं तत्काल अस्पताल पहुंचा और यहां चिकित्सीय व्यवस्था की कमी देख सुप्रीटेंडेंट डॉ.विनोद कुमार से अविलंब चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी भेजने एवं एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का आग्रह किया। यहां से करीब आधा दर्जन घायलों को रांची रेफर कर दिया गया बाकी का इलाज अस्पताल में जारी है। रेफर गए बच्चों में कइयों की स्थिति बेहद नाजुक बताई जा रही है । इस दुखद घटना की जानकारी पाकर हजारीबाग और चतरा जिले से पीड़ितों के परिजनों का अस्पताल में पहुंचना और उनका रोना- बिलखना जारी है। घायल बच्चों के दर्द को देख अस्पताल में पहुंचे हरेक लोगों की आंखें डबडबा गई। पूरा अस्पताल घायल बच्चे के परिजनों के क्रंदन और चीत्कार से गूंज उठा । एक बार फिर इस घटना में हजारीबाग स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल की लचर व्यवस्था देखने को मिली।

## सीटू की वार्षिक बैठक बोले संचित,अपने उद्देश्यों से भटक गया है डीवीसी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीवीसी श्रमिक यूनियन, सीआईटीयू हजारीबाग यूनिट की वार्षिक बैठक श्रमिक यूनियन के कार्यालय डीवीसी में शुक्रवार को हुई।अध्यक्षता मजदूर नेत्री कविता सरकार और अर्द्धेन्दू द्वारी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक का उद्घाटन करते हुए यूनियन के संयुक्त महासचिव निचित मुखर्जी ने कहा कि प्रथम पंचवर्षीय योजना के तहत स्थापित डीवीसी आज अपने उद्देश्य से भटक गया है और सिर्फ व्यापार कर रहा है। डीवीसी की स्थापना के पीछे यह उद्देश्य था कि इस इलाके में बाढ़ को नियंत्रित करना, सिंचाई व्यवस्था किसानों को देना और दामोदर नदी के आसपास रहने वाले लोगों का आर्थिक,शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान करना था। इसके लिए डीवीसी ने सोशल इंटीग्रेशन प्रोग्राम बनाया था,लेकिन सब भूलकर डीवीसी अब सिर्फ बिजली बेचकर व्यापार कर रहा है और अपने सामाजिक दायित्व से भाग रहा है ।पहले डीवीसी बिजली दर खुद तय करता था लेकिन अब इसे केंद्र सरकार करने लगी है जिससे डीवीसी को नुकसान हो रहा है।यूनियन के केंद्रीय कमेटी सदस्य दीपा विश्वास ने कहा कि डीवीसी अपने कमांड एरिया में शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए जो स्कूल अस्पताल स्थापित किया था वो लगभग सभी बंद है जिससे उस क्षेत्र के लोगों को काफी नुकसान हो रहा है। सीआईटीयू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने कहा कि केंद्र सरकार न सिर्फ डीवीसी बल्कि केंद्र की तमाम सार्वजनिक कंपनियों को एक-एक करके बेच रही है जिससे देश की अर्थव्यवस्था कमजोर होते जा रही है और एंप्लॉयमेंट भी घट रहा है। बैठक में हजारीबाग यूनिट के सेक्रेटरी विजय कुमार चौधरी ने वार्षिक रिपोर्ट पेश किया जिस पर मैथन, गोला, कोनार, रामगढ़, बरही और कोडरमा से आए साथियों ने बहस कर वार्षिक रिपोर्ट को पास किया। इसके बाद कोषाध्यक्ष चंचल चटर्जी ने एक वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। बैठक में केंद्रीय कमेटी सदस्य धर्मदेव सिंह, हरेन सरकार, संतोष रजवार, लाल बहादुर शास्त्री, दिगंबर प्रसाद,आशा देवी, चांद दीदी, संजय कुमार सिंह राम सिंह डोंगो, वासुदेव मुखर्जी, धीरज कुमार, रवि उरांव, कमलेश कुमार सहित कई साथियों ने भाग लिया।

## बरही कृषि तकनीकी केंद्र में सरसों और मक्का बीच का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड परिसर स्थित कृषि तकनीकी केंद्र में जिला कृषि कार्यालय द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत मक्का और सरसों बीज का वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, बीटीएम राकेश कुमार, एटीएम नीलम सुजाता डुंगडुंग, प्रखंड कृषि पदाधिकारी समीरकांत रंजन आदि ने संयुक्त रूप से किया। बीज वितरण की जानकारी देते हुए बीटीएम राकेश कुमार ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2022- 23 का बीज वितरण पहले आव, पहले पाव कार्यक्रम के तहत मक्का और सरसों बीज का वितरण किया जा रहा है। जिसमें प्रखंड के चयनित 10 पंचायत को लिया गया है।जिसे शत प्रतिशत अनुदान पर मक्का बीज 1000 किलो और सरसों बीज 292 किलो वितरण किया जाना है।

## जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## कुसुम्भा फुटबॉल टीम मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में बनी विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ +2 हाई स्कूल फुटबॉल मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल पुरुष/महिला प्रतियोगिता 2023-2024 के तहत प्रखंडस्तरीय टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किकलगी कर फाइनल मुकाबले का शुभारम्भ किया।पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित कुसुम्भा और भेलवारा के बीच प्रखंड स्तरीय मुकाबले में मुकाबला काफी रोचक और दिलचस्प रहा, दोनो टीमो ने अपना 100त्न देते हुए मुकाबले को जानदार बनाया। निर्धारित समय मे दोनो के बीच मैच बराबरी का रहा। मुकाबले के निर्णय के लिए पेनाल्टी शूट-आउट किया गया जिसमें कुसुम्भा की टीम 5:4 से विजयी रही।

## चक्रवात मिचौंग किसानों के लिए अभिशाप

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने चक्रवात मिचौंग से हुई फसल बर्बादी को लेकर चिंता जाहिर किया है, उन्होंने बताया कि खरीफ के रोपाई के समय वर्षा ने धोखा दिया,जिसके परिणाम स्वरुप किसानों के कम पैदावार से वें पहले ही चिंतित थे, किसी तरह सिंचाई के माध्यम से उन्होंने कुछ हद तक फसलों को अपने खेतों में लगाए थे,फसल खेत में लगे हुए थे,कई किसान भाइयों ने तो फसल को काटना भी शुरू कर दिया था,मगर अचानक उठे मिचौंग चक्रवात ने सब बर्बाद कर दिया,फसल इस तेज बारिश की वजह से खेत खलिहान में ही पड़े रह गए,परिणाम स्वरूप सारा फ़सल सड़ गया,मिचौंग चक्रवात ने किसानों को संभलने का मौका ही नहीं दिया,एक तो किसानो ने कर्ज लेकर, खाद,बीज, कीटनाशक, इत्यादि का इंतजाम किया,फिर इस मिचौंग ने किसानो के चेहरे की खुशी छीन लीं,मुखिया मनोज कुमार ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों के हुए इस नुकसान को देखते हुए मुआवजा देना सुनिश्चित करें, ताकि इस मुआवजे से आगे किसान रवि की फसलों की बुवाई कर सके, क्योंकि किसान बार-बार प्राकृतिक मौसम की मार से हताश व निराशा हो चुके हैं, मुआवजा किसानो की खुशी कुछ हद तक वापस ला सकती है।



## वंचितों को लाभ मिले इसी उद्देश्य को पूरा करना हमारा लक्ष्य : बीडीओ अखिलेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत में 08 दिसम्बर 2023 को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलित कर किया गया। दीपप्रज्वलन में मुख्य रूप से प्रमुख जैबुन निशा, बीडीओ अखिलेश कुमार, सीओ रामबालक कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार, बीपीओ ममता सिंह, बीस सूत्री सदस्य विशेश्वर स्वर्णकार, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामजन्म राय ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड के नवादा पंचायत को लेकर आज आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार दस पंचायतों में हजारों लोगों की समस्याओं का सफलतापूर्वक समाधान किया गया।सरकार की योजना अंतिम व्यक्ति तक आसानी से पहुँचे और लाभ मिले इसके लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार पूरी तत्परता से जुटे है। शिविर में अक्सर बीडीओ अखिलेश कुमार सभी स्टॉलों में खुद जाकर निरीक्षण कर आम-जन की परेशानियों को दूर करते पाये जाते है, कोई वंचित छुटे नही इसका ध्यान रखते हुए अपने कर्मचारियों को सख्ती से निर्देश देते है।

## मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने धनवार पंचायत सचिवालय में समीक्षात्मक सह वार्षिक कार्ययोजना को लेकर किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत सचिवालय में पंचायत स्तर पर मासिक समीक्षात्मक बैठक सह विशेष ग्राम सभा का आयोजन मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने समीक्षा बैठक में पंचायत में चल रहे सभी विकास योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही ग्राम सभा कर सबकी योजना सबका विकास अभियान 2024- 25 के लिए वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। ग्राम सभा में एलएसडीजी अंतर्गत 9 थीम में से एक थीम को संकल्प के रूप में पारित किए जाने को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा बैठक में मुखिया ने आंगनबाड़ी केन्द्रों, मध्याह्न भोजन, पीडीएस दुकानों के संचालन की बारी-बारी से समीक्षा की इनके संचालन में पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। मुखिया ने पंचायत में चल रहे मनरेगा अन्य विकास योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में मुखिया ने बताया कि 23 दिसंबर को धनवार पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखंड की ओर से कई स्टॉल लगाए जाएंगे। गांव के विकास एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंदों को लाभान्वित कराए जाने को लेकर उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर लाभ लेने की अपील किया।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानो का किया निरीक्षण

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय व एसीएमओ डॉ शशि जयसवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी ने हजारीबाग शहरी क्षेत्र के कई प्रतिष्ठानों जैसे योलो कैफे एंड लाउंज, मेसर्स स्काई लाइट गार्डन रेस्टोरेंट और मेसर्स बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट सहित मेसर्स फेमस मेडिकल, मेसर्स न्यू रांची मेडिकल हॉल, मेसर्स ऑर्किड हेल्थप्लस का औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में मेसर्स स्काई लाइट गार्डन रेस्टुरेंट, फेमस मेडीकल स्टोर, न्यू रांची मेडीकल हॉल एवं मेसर्स ऑर्किड हेल्थ प्लस, पैगोडा चौक के पास फूड लाइसेंस नहीं होने पर चेतावनी देते हुए सात दिनों के अंदर लाइसेंस लेने का आदेश दिया। साथ ही उक्त वर्णित प्रतिष्ठानो पर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता की जांच को लेकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य प्रतिष्ठान जैसे मिठाई दुकान, होटल, रेस्तरां एवं खुदरा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिठाइयों के प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुपालन के साथ कारोबार करने का निर्देश दिया। उन्होंने खाना पकाने में साफ़ पानी का उपयोग करने, कर्मियों के स्वच्छता पर ध्यान देने, फूड सेफ्टी के अनुज्ञप्ति के साथ कारोबार करने वाले कारोबारियों से समान की खरीद करने सहित उचित लेबल के साथ खाद्य सामग्रियों को पैक करने को कहा। उन्होंने खाद्य सामग्रियों में अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया की खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार के मिलावटखोरी के विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री का संभावित हजारीबाग दौरा, जिला प्रशासन ने तैयारियों को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगामी 18 दिसंबर को हजारीबाग दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वें इचाक प्रखंड में जिला स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होगें। मुख्यमंत्री का जिला में आगमन एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे भी मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री, झारखंड द्वारा ईचाक प्रखंड में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाना है। बैठक में उपायुक्त ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीयों एवं संबंधितों को कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि इस कार्यक्रम में सभी 24म7 उपलब्ध रहकर तत्परता के साथ और पूरी लगन से कार्य करेंगे जिससे की यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। उन्होंने लाभुकों के बीच वितरित किए जाने वाले परिसंपत्तियों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबतक आयोजित शिविर में प्राप्त हुए विभिन्न योजनाओं के आवेदनो को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था, दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, अप्रोच रोड और बैरिकेडिंग समेत अन्य जरूरी व्यवस्था, लाभुकों के बैठने,सभा मैदान का प्रबंधन समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की और कार्यक्रम सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो उसके लिए उचित दिशा निर्देश दिए।

## नगर निगम हजारीबाग द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वार्ड संख्या 18 और 19 के लिए आरईओ कार्यालय इंद्रपुरी चौक में शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम में शहरी निवासियों के लिए सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंदों को रूबरू कराते हुए उन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जा रहा है ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न हो। नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र लाल ने लाभुकों के बीच कंबल, धोती सारी का वितरण किया।इस शिविर में नगर निगम से तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया।शिविर में होल्डिंग टैक्स से 9, ट्रेड लाइसेंस से 6, सावित्री योजना में 9,सर्वजन पेंशन योजना में 2 आवेदन प्राप्त हुआ। जरूरत मंदो के बीच 180 कंबल तथा 83 धोती साड़ी वितरण किया गया एवं 50 लोगो ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। अगला शिविर कदमा-2 नवाटर में दिनांक 12-12-2023 को वार्ड 23 एवं 24 के लिए लगाया जाएगा।

प्रभात मंत्र

झारखण्ड/रामगढ़

रांची, शनिवार, 9 दिसंबर 2023 | पेज 9

## 14 दिसंबर को संयुक्त मोर्चा सयाल डी परियोजना कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना देगी

**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल डी परियोजना में खुले लोकल सेल में सयाल के ग्रामीणो को दर किनार करने को लेकर तिनो पंचायत के मुखिया कि अगुवाई मे आज संयुक्त संघर्ष मोर्चा सयाल के द्वारा परियोजना पदाधिकारी सयाल के मनमाने रवैये के कारण सयाल के ग्रामीणों को रोड सेल मे सामिल नही करने के खिलाफ एंव आउटसोर्सिंग कम्पनी के द्वारा स्थानीय बेरोजगारो को प्राथमिकता नही देने के खिलाफ तिनो पंचायत सयाल उतरी दक्षिणी एंव के0 के0 के ग्रामीणों द्वारा 14 दिसंबर को सयाल परियोजना पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना देने के संबंध में सयाल परियोजना पदाधिकारी को पत्र सौपा गया एवं सुचना के रूप में पत्र की? छाया अंचलाधिकारी पतरातु महाप्रबंधक सयाल थाना प्रभारी भुरकुंडा विधायक बड़कागांव सुरक्षा पदाधिकारी सयाल को सौपा गया। वहीं पत्र सौंपने वालों में मुखिया जगदिश साव,पूर्व मुखिया सत्येन्द्र यादव,मुखिया रिता कुमारी, मोनु साव,जसीम अंसारी, रवी कुमार,सन्नी यादव,अमीत यादव,सागर शर्मा,अजय, बन्टी, अकाश,बिक्की राय,नौशाद,राजा कुमार,रामनारायणन रजक आदि लोग शामिल थे

## सोसो खुर्द टोल प्लाजा में फर्जी आधार कार्ड उपयोग करने वाले युवक को टोलकर्मियों ने पकड़ा

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ बोकारो मार्ग के एन एच 23 स्थित सोसो खुर्द टोल प्लाजा में गुरूवार की रात एक ऑल्टो वाहन चालक जो गोला से बोकारो की ओर जा रहा था। इसी दरमियान वह अपनी गाड़ी लेकर टोल प्लाजा में पहुँचा तो उसके वाहन पर फास्टैग नहीं लगा हुआ था। जब टोल कर्मियों ने टैक्स जमा करने को कहा तब उसने अपने आप को सोसो का स्थानीय निवासी मनोज कुमार नायक बताकर आधार कार्ड दिखाया। टोल कर्मीयों को शक होने पर उसके आधार कार्ड की जाँच की तब उसका आधार कार्ड फर्जी पाया गया। इस संबंध में टोल कर्मियों ने बताया कि वह आए दिन फर्जी आधार कार्ड दिखाकर टोल टैक्स बचाया करता था। पूछताछ करने के पश्चात उसने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की बात कही। टोलकर्मियों के द्वारा उक्त वाहन चालक को टोल टैक्स की राशि जमा करने के पश्चात छोड़ दिया गया।

## सीसीएल सिरका प्रबंधन ने कोयला उठाव के लिए 45 हजार का ई-ऑक्शन किया जारी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र के कोलयरी सिरका प्रबंधन ने खुली खदान से कोयला उठाव के लिए करीब 45 हजार टन का ई-आक्सन जारी कर दिया गया है। इसके आगामी दिसंबर माह के अंत अंतराल के बाद डीओ धारकों द्वारा लोकल सेल के माध्यम से पेलोडर लोडिंग कर कोयला उठेगा। इस सबंध में कोलयरी सिरका एसओएम राकेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि 25 हजार और 20 हजार कुल 45 हजार के अनुपात में नये व पुराने के तहत कोयला उठेगा. जो फिलहाल लोकल सेल में जाएगा। बताया जाता है कि ग्रेड जी 5/आरओएम, सीभी 5881-6100, एम.आरओ 2970 पत्र में जारी किया हैं।

## आईआईएम कोझिकोड के एमबीए प्रोग्राम को मिली बेहतर इंटरनेशनल रैंकिंग



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कोझिकोड (आईआईएमके) ने 2023 के लिए प्रतिष्ठित फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) और क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) रैंकिंग में प्रभावशाली रैंकिंग के साथ मैनेजमेंट एजुकेशन में एक वैश्विक प्रमुख के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग 2023ः आईआईएम कोझिकोड के प्रमुख एमबीए प्रोग्राम ने फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग 2023 में 77वां स्थान हासिल करके वैश्विक स्तर पर अपनी शुरुआत की। यह उपलब्धि आईआईएम कोझिकोड को दुनिया भर के शीर्ष 100 बी-स्कूलों में शामिल करवाने में सफल रही है। इसके अलावा, संस्थान अपने फुलटाइम एमबीए प्रोग्राम के लिए एशियाई बी-स्कूलों में 10वें और सभी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में चौथे स्थान पर है।

## पोको इंडिया ने 24 प्रतिशत बाजार अंश के साथ राँची में अपना दबदबा बनाया




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्मार्टफोन उद्योग में गेमचेंजर, पोको, अक्टूबर, 2023 में जीएफके की रिपोर्ट के मुताबिक़ राँची के बाजार में 24 प्रतिशत बाजार अंश के साथ नं. 1 स्मार्टफोन ब्रांड चुना गया है। लगातार ग्राहकों की अपेक्षाओं से बेहतर उत्पाद पेश करते हुए पोको राँची में ग्राहकों का भरोसा जीतकर यहाँ पर सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड बन गया है। इस बड़ी उपलब्धि ने देश में सबसे तेजी से विकसित होते हुए ब्रांड की पोको की स्थिति को और ज्यादा मजबूत बना दिया है। 2023 की दूसरी तिमाही के लिए आईडीसी की नई रिपोर्ट के अनुसार, पोको 76.5 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि दर के साथ भारत के सर्वोच्च दस ब्रांडों में से एक है, जिससे इसकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और बाजार में इसका दबदबा प्रदर्शित होता है। इसके अलावा, पोको फ्लिपकार्ट पर 2023 की पहली तिमाही और तीसरी तिमाही में नं.1 स्मार्टफोन ब्रांड बन गया।

## रेडमी 13सी 5जी लेकर आया सबसे उत्तम 5जी का अनुभव



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शाओमी इंडिया ने आज भारत में रेडमी 13सी सीरीज़ के साथ अपने स्मार्टफोन पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए रेडमी 13सी 5जी के वैश्विक लॉन्च की घोषणा की। इस साल रेडमी 12 5जी की अपार सफलता के बाद शाओमी 5जी स्पीड और कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरुआत कर रहा है, और देश में 5जी की उपलब्धता बढ़ा रहा है। रेडमी 13सी सीरीज़ केवल एक स्मार्टफोन ही नहीं, बल्कि एक परिवर्तन की शुरुआत है। इस स्मार्टफोन में अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी काफी किफायती मूल्य में पेश की गई है, जिसके कारण यह 5जी के साथ शानदार मोबाईल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए सबसे उत्तम विकल्प होगा। यह कोई आम स्मार्टफोन नहीं है - यह एक पॉवरहाउस है, जो चार अद्भुत तरीकों से बाजार के मानकों को बदल देगा।

## पतरातू सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया।तथा विधायक ने संबोधन में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। तथा विधायक के हाथो दर्जनों गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर सभी विभागों के स्टॉल लगे हुए थे। जहां पर योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। और योजनाओं के लाभ देने के लिए आवेदन पत्र स्वीकार किया जा रहे थे। मौके पर पेंशन के लिए 20 आवेदन,मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 15 आवेदन,सावित्रीबाई फुले के लिए 43 आवेदन,बाबा आवास के लाभ लेने के लिए ढाई सौ आवेदन, 150 जॉब कार्ड और पांच प्रवासी मजदूरों ने आवेदन दिए। वही दाखिल खारिज के लिए दो आवेदन और कई रसीद निर्गत किए गए। मौके पर मुखिया गिरगेश कुमा,सभी वार्ड सदस्य,प्रखंड व अंचल कर्मी,पंचायत समिति सदस्य ज्योति गुप्ता,प्रभाकर मिंज,संगीता देवी,विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह,बजरंगी कुमार,पप्पू सिंह,रंजीत ठाकुर,कपिल सिंह,प्रीतम सिंह,चितरंजन कुमार,आदित्य कुमार,फब्बू सिंह,तिलक चंद प्रसाद,बोधी महतो,सरजू महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आयकर विभाग की टीम 36 घंटो से झारखंड इस्पात हेसला फैक्ट्री में जमें हुए, अनुसंधान लगातार जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** हेसला के झारखंड इस्पात प्राईवेट लिमिटेड स्पंच फैक्ट्री के अंदर आयकर विभाग की टीम बीते 36 घंटो से छपामारी अभियान में जमी हुई हैं। बताया गया कि बीते रात्रि गुरूवार संध्या साढ़े सात बजे आईटी दल के चार गाड़ियों में से तीन गाड़ी झारखंड इस्पात फैक्ट्री से बाहर निकल कर नईसराय की ओर चले गए थे। जबकि एक वाहन कारखाने के अंदर निगरानी में मौजूद रहा। दूसरे दिन शुक्रवार दोपहर करीब 12:40 बजे तीन वाहनो में सवार होकर आईटी व सीआरपीएफ के जवान पहुंचे। इसके तुरंत बाद एक स्क्रापियो बाहर निकली। हांलाकि बीते दो दिनो से आईटी के चार पहिया वाहनो का आना जाना लगा रहा।

**कोयला, स्पंच उठाव टैक्स चोरी से जुड़ा मामला होनी की संभावना :** लोगो में चर्चा हैं कि झारखंड इस्पात समेत इनके छिन्नमस्ता फैक्ट्री हेहल, आलोक स्टील कुजू स्पंज फैक्ट्री में कोयला उठाव, स्पंच टैक्स से जुड़े मामले हो सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि छापामारी के दौरान आईटी के अधिकारियों ने ऑफिस के कागजातों कांटा कंप्यूटर समेत कारखाने का भी मुआयना किया था। हालांकि आईटी जांच एजेंसी अधिकारियों के द्वारा इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार किया जा रहा हैं। लेकिन क्षेत्र के चौक चौराहो पर लोगों दुकानदारों के बीच बड़ी गड़बड़ी होने की बातें बोली चाली सुनी जा रही हैं। जिसमें टैक्स नहीं चुंकाने पर कारखाने पर कार्रवाई की बात कही जा रही हैं।

**मजदूरों का आना-जाना रहा जारी, बड़े वाहन रहे बाहर खड़े :** छापामारी के दूसरे दिन शुक्रवार को झारखंड इस्पात फैक्ट्री के अंदर काम करने वाले मजदूरो का आना जाना शिफ्ट वाइस जारी रहा। लेकिन फैक्ट्री पहुंचे कोयला व स्पंच लेकर कई मालवाहक ट्रक बाहर खड़े दिखाई पड़े।

**रुंगटा की कोठी से एक की पकड़ने की खूब हो रही चर्चा :** सूत्र बताते हैं कि आईटी टीम के द्वारा कागजातो को खंगालने के क्रम में रूंगटा के रामगढ़ कार्यालय में काम करने वाले राय नामक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं। जिससे आईटी को कई सुराग हाथ लगे हैं। जिसके आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जा रही हैं।

## पोंटगा में झामुमो कमिटी गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के पोंटगा पंचायत स्थित नव प्राथमिक विद्यालय जोजोटोला के समीप झामुमो पंचायत कमिटी का गठन करने के लिए एक बैठक की गई। वहीं बैठक की अध्यक्षता सुरज बेसरा व संचालन जीतन मुंडा ने किया।वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी,पुर्व? जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, प्रखंड संयोजक मोहन सोरेन, रेशमी हंस्दा शामिल हुए ।इस दौरान झामुमो पोंटगा पंचायत कमिटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष रवींद्र सोरेन, उपाध्यक्ष राजेंद्र गंझू, बिरसा हेम्ब्रोम, दिनेश हेम्ब्रोम सचिव बिनोद हेम्ब्रोम को बनाया गया।वहीं केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि आज पोंटगा पंचायत कमिटी का गठन कर लिया गया है। जिसमें झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना से प्रेरित होकर लोग झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं ।वहीं सोनाराम ने सभी को झामुमो का पट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया।

## सीसीएल अरगड्डा सीएसआर वार्षिक बैठक में क्षेत्र के मुखिया पार्षदो ने लिया भाग, पार्क में हुआ पौधारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल सिरका अरगड्डा क्षेत्र के सभागार में वर्क 2024- 25 की वार्षिक बैठक आयोजित हुई। अवसर पर महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे उपस्थित थे। बैठक में अरगड्डा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पंचायत मुखिया, वार्ड पार्षदो के साथ सीएसआर की योजना सत्र 2024- 25 के लिए पेयजल भौतिक, सुविधा चिकित्सालय सुविधाओं आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। नये पार्क में अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने पौधरोपण किया। साथ ही जिन योजनाओं का सैंक्शन हुआ हैं, उसे धरातल पर उतरने पर भी बल दिया गया। अवसर पर बताया कि जो योजनाएं क्षेत्र में अपूर्ण हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**एनआईटी सं. एसटी–सीओएन–आरएनसी–एचटीई–ईआई दिनांक 07.12.2023,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण)/ राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम :** दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल के हटिया–राँची ऑटो सिग्नलिंग कार्य और हटिया स्टेशन के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के प्रावधान हेतु सिग्नलिंग व्यवस्थाएँ (इनडोर एवं आउटडोर दोनों)। **विज्ञापित निविदा लागतः** रु.23,70,94,513.48, **बयाना राशिः** रु. 13,35,500/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 02.01.2024 को 15.00 बजे। **निविदा की किस्मः** खुली। वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उक्त निविदा सूचना का विवरण उपलब्ध है। (PR-892)

## तीन स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराया गया 9 लाख रुपए का कैश क्रेडिट लिंकेज

**रामगढ़ :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे हैं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मांडू प्रखंड के उत्तरी कर्मा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान बेबी महिला समूह, अक्सा महिला समूह एवं समीरा महिला स्वयं सहायता समूह को कुल 9 लाख रुपए का कैश क्रेडिट लिंकेज का स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराया गया। मौके पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सरकार व जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के उपरांत न केवल वे रोजगार के नए अवसर से जुड़कर आत्मनिर्भर हो रही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अपने जैसी कई महिलाओं की जिंदगी को भी बदलने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही शिविर के दौरान सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया वहीं उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला परिषद सदस्य मुखिया वार्ड सदस्य प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी जेएसएलपीएस के जिला एवं प्रखंड स्तरीय कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## भारी बारिश से हुई फसल नुकसान का मुआवजा किसानों को मिले : करण

**रजरप्पा :** आजसू पार्टी रामगढ़ जिला के सोशल मीडिया प्रभारी करण कुमार महतो ने कहा है कि लगातार दो दिनों के बारिश से पूरे झारखंड सहित रामगढ़ में काफी नुकसान हुआ है खासकर किसानों का सभी तरह का सब्जी नष्ट हो गया किसानों का धान खेत पर ही रह गया बहुत सारे किसान अपना धान काट कर लाने ही वाले थे लेकिन अचानक दो दिनों के वर्षा होने से किसान का धानबीड़ा (धान) खेत पर ही रह गया इससे काफी नुकसान हुआ है मैं कृषि मंत्री एवं जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि किसानों को उचित मुआवजा दिया जाय एवं रोजगार के तहत कम अवधि में उपज होने वाले फसल निःशुल्क उपलब्ध किया जाए ताकि किसानों को कुछ हद तक फायदा पहुंचाया जाए, अगले वर्ष काफी कम उपज हुआ था ।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची।**

**आवश्यक सूचना**

इस कार्यालय द्वारा UPVC पाईप के निर्माताओं के Empanelment से संबंधित EOI for RFP No.02/CDO/Ranchi/Empanelment/2023-24 की सूचना, जिसका PR No.-312350 Drinking Water and Sanitation (23-24):D है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR 313034 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सिमडेगा**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 05/2022-23/RWD/SIMDEGA दिनांक 01-12-2023 जिसका PR No- PR 312501 (Simdega) 23 - 24 D में आंशिक संशोधन किया गया है जो निम्नवत है–

| क्र0स0 | पूर्व में निकाली गई निविदा की संख्या | संषोधित निविदा की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | 05/2022-23/RWD/SIMDEGA | 05/2023-24/RWD/SIMDEGA |

शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

PR.NO.312978 Rural Work Department(23-24):D

**झारखण्ड सरकार,**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**कार्यालय-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,सामाजिक वानिकी, योजना, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रमण्डल, राँची**

**सूचना**

श्री गणेश कुमार विश्वकर्मा, सेवा निवृत प्रधान लिपिक, को उनके दिनांक 31.03.2023 को सेवा निवृत होने के पूर्व एवं पश्चात इस कार्यालय के पत्रांक 38 दिनांक 27.02.2023, पत्रांक 56 दिनांक 14.03.2023, पत्रांक 67 दिनांक 27.03.2023, पत्रांक 91 दिनांक 24.04.2023, पत्रांक 92 दिनांक 08.05.2023, पत्रांक 119 दिनांक 05.06.2023 पत्रांक 130 दिनांक 04.07.2023, पत्रांक 161 दिनांक 23.08.2023 एवं पत्रांक 194 दिनांक 27.10.2023 द्वारा समय–समय पर निबंधित डाक एवं विशेष दूत द्वारा पेंशन कागजात, परिवारिक सूची तथा छायाचित्र समर्पित करने हेतु अनुरोध किया गया है। परन्तु उनके द्वारा अब तक वांछित अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः समाचार पत्र के माध्यम से श्री गणेश कुमार विश्वकर्मा, सेवा निवृत प्रधान लिपिक, मोहल्ला–सुभाष कॉलोनी, कडरू, थाना– डोरण्डा, पोस्ट–डोरण्डा, जिला–राँची से अनुरोध किया जाता है कि किसी भी कार्य दिवस में पेंशन कागजात, परिवारिक सूची (आधार कार्ड की छायाप्रति सहित) तथा पत्नी सहित छायाचित्र कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें।

विलम्ब की स्थिति में आप स्वयं उतरदायी होगें।

ह०/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
सामाजिक वानिकी, योजना, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रमण्डल, राँची।

PR.NO.313028 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

## दो दिवसीय डीएवी नेशनल गेम्स ऐंड स्पोर्ट्स 2023 का हुआ समापन



**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता)::** 7 और 8 दिसंबर 2023 को आयोजित दो दिवसीय डीएवी नेशनल गेम्स एंड स्पोर्ट्स 2023 के अंतर्गत, क्लस्टर लेवल टूर्नामेंट, क्लस्टर 4 का समापन हुआ। इस खेलकूद प्रतियोगिता में लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल रजरप्पा महाप्रबंधक पीएन यादव ने विजेता व उपविजेता टीम और खिलाड़ियों को मेडल्स एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्यायाम एवं खेलकूद का बहुत बड़ा महत्व है। खेलकूद व्यक्ति को पैसा के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान सम्मान दिलाता है। इससे व्यक्ति की विशिष्ट पहचान बनती है।

## 500 घन फिट बालू व 300 घन फिट स्टोन चिप्स किया गया जब्त



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध माइनिंग पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के उद्देश्य से उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार खनन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार एवं पुलिस बल द्वारा रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौजा कैथा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय के पश्चिम में लगभग 50 मीटर की दूरी पर परती जमीन पर अवैध रूप से भंडारीत लगभग 1500 घन फिट बालू एवं 300 घन फिट स्टोन चिप्स जप्त किया गया। जप्त किए गए बालू एवं स्टोन चिप्स को रामगढ़ थाना को सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

## अयोध्या से आए कलश का नगर भ्रमण कराया गया



**भुरकुंडा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या से आए हुए कलश का भुरकुंडा में शुक्रवार को नगर भ्रमण कराया गया।वही नगर भ्रमण कार्यक्रम भुरकुंडा के विरसा चौक से शुरू हुई जो मैन रोड होते हुए भुरकुंडा ओपी के समीप काली मंदिर के पास संपन्न हुई। वही इस नगर भ्रमण में दर्जनो लोग शामिल हुए। इस मौके पर आए हुए कलश और पवित्र अक्षत को महिलाएं पारंपरिक तरीके से सर में रखकर काली मंदिर प्रांगण पहुंची।वही कलश यात्रा में शामिल इस्कॉन गुरुकुल मुरी से पहुंचे सदस्यों ने हरी कीर्तन करते काली मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां पर धार्मिक अनुष्ठान किया गया। वही मौके पर दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव , विश्व रंजन सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, सतीश मोहन मिश्र, योगेश दांगी, अजय कुमार पासवान,अमित शर्मा, विनय सिंह, अंजू देवी, राकेश सिन्हा, सुनीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, रामगढ़**

**"अप्रेन्टिसशिप मेला" दिनांक 11.12.2023**
**आवश्यक सूचना**

DGT, Ministry of Skill Development & Entrepreneurship, Govt. of India के निदेशानुसार MSDE भारत सरकार द्वारा राधागोविंद विश्वविधालय, ललकी घाटी, रामगढ़ परिसर में दिनांकः– 11.12.2023 को **"PM National Apprenticeship Mela – PMNAM"** का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सभी इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं फोटोग्राफ के साथ स–समय पूर्वाहन 10 बजे उपरोक्त वर्णित स्थल पर आयोजित अप्रेंटिसशिप मेला मे भाग लेना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त संदर्भ में राज्य अवस्थित सभी औद्योगिक ईकाईयों से अनुरोध है कि अपनी प्रविशिट जिला नियोजनालय, रामगढ़ अथवा (**https://www.apprenticeshipindia.gov.in/candidate-login**) में दर्ज करते हुए उक्त आयोजित मेला में भाग लेने की कृपा करें।

जिला नियोजन पदाधिकारी
रामगढ़

PR313026 (Labour Employment and Traning)23-24*D

**समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची**
(कल्याण शाखा)
(ब्लॉक–ए, कमरा संख्या– 112, ईमेल– dwo-ranchi@jharkhandmail.gov.in):0651.2213348

**पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से संबंधित आवश्यक सूचना**

**छात्र–छात्राओं के लिएः– वित्तीय वर्ष 2022–23** में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत राँची जिला में सूचीबद्ध सभी महाविद्यालयों/शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा छात्रवृति की राशि उनके खाता में **PFMS के माध्यम से भुगतान किया जाता है।** जिसके लिए छात्र–छात्राओं का बैंक खाता के साथ आधार **SEEDING/MAPPING** होना अनिवार्य है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति राशि का लाभ लेने हेतु सभी योग्य छात्रों/अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर बैंक खाता संख्या को आधार के साथ **SEEDING/MAPPING** कराना **एक सप्ताह के अन्दर** सुनिश्चित करेंगें। छात्रों का बैंक खाता आधार के साथ **SEEDING/MAPPING** नहीं होने एवं किसी प्रकार की त्रुटि होने पर छात्रवृति का भुगतान नहीं किया जा सकेगा, जिसकी पूर्ण जवाबदेही छात्रों की होगी। **आधार Mapping/Inactive होने या लिंक नहीं होने की जानकारी UIDAI के बेबसाईट https://resident.uidai.gov.in/check-aadhaar-linking-status** पर भी प्राप्त की जा सकती है।

अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति की राशि सरकार द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में 40% झारखण्ड राज्य सरकार द्वारा भुगतान किया गया है एवं शेष 60% भारत सरकार द्वारा किया जाना है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पिछड़ी जाति के छात्रों का DLC Approve आवेदकों का भुगतान सरकार द्वारा आवंटन उपलब्ध होने के पश्चात् भुगतान की जायेगी।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
राँची।

PR 313040 (Welfare) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी**

**ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**
**(2nd Call)**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– PMAAGY/$F_2$-5/2023-24 दिनांक–05.12.2023

कार्य का नामः–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | ग्राम | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 |
| 01 | Construction of Boulder Masonry Drain 225.4 Feet | Urikel | तोरपा | 9.99387 | 0.20 | 0.0125 | 45 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 225.4 Feet | Urikel | | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 225.4 Feet | Urikel | | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 225.4 Feet | Urikel | | | | | |
| 02 | Construction of Boulder Masonry Drain 280.8 Feet | Okra | तोरपा | 9.00 | 0.18 | 0.0125 | 45 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 275.07 Feet | Pyra | | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 278.8 Feet | Raisimla | | | | | |
| 03 | Construction of Boulder Masonry Drain 271 Feet | Lohajimi | तोरपा | 9.00 | 0.18 | 0.0125 | 45 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 270 Feet | Phatka | | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 270 Feet | Phatka | | | | | |
| 04 | Construction of Boulder Masonry Drain 274 Feet | Manmani | तोरपा | 8.50 | 0.17 | 0.0125 | 45 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 271 Feet | Nichitpur | | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 226 Feet | Balakhel | रनियाँ | | | | |
| 05 | Construction of Boulder Masonry Drain 196.7 Feet | Bamraza | कर्रा | 7.08 | 0.15 | 0.0125 | 45 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 288.84 Feet | Sarwadag | | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 214 Feet | Sarwadag | | | | | |
| 06 | Construction of Boulder Masonry Drain 357 Feet | Hethgoa | मुरहू | 9.60 | 0.20 | 0.0125 | 45 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet | Jamri | खूँटी | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet | Poseya | | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet | Saridkel | | | | | |

**नोट**–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–12.12.2023 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–18.12.2023 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समयः–18.12.2023 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथिः–20.12.2023 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.–मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी/7320969093/email:- midivkhunti@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा/राशि घट–बढ सकती है। तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन जमा करना होगा एवं इस संवंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा ।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.312988 Minor Irrigation(23-24):D

## मुखिया व पंचायत समिति सदस्य के द्वारा किया गया कम्बल वितरण



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र के पेशम पंचायत में शुक्रवार को पंचायत भवन में स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा एंव पंचायत समिति सदस्य शीतल तर्वे के द्वारा ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त कंबल का वितरण गरीब, असहाय वृद्ध महिला पुरुषों तथा दिव्यांग लोगों के बीच किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गुड्डु सिन्हा, पंसस प्रतिनिधि विक्रम कुमार तर्वे, वार्ड सदस्य कारू यादव, लालजीत चौधरी, मुकेश वर्मा, रामरतन सिंह, रंजीत चौधरी, दयानंद मण्डल, सुरेंद्र पांडेय, गौतम सिंह इत्यादि सैकड़ों लाभुक एंव कई समाजसेवी उपस्थित थे।

## भुवनेश्वर- धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन की अवधि में विस्तार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर निम्नलिखित विशेष ट्रेनों की अवधि में विस्तार किया गया है :- 1. 02832 भुवनेश्वर- धनबाद स्पेशल 31.12.23 से 29.04.24 तक, 2. 02831 धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल 01.01.24 से 30.04.24 तक।

उपरोक्त विशेष ट्रेनों का समय और ठहराव वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनें 02832/02831, भुवनेश्वर- धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेनों के मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा। उपरोक्त सभी जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## लोयाबाद में आसवी मोबाइल शॉप का हुआ उद्घाटन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोयाबाद थाना के नजदीक शक्ति मेडिकल के बगल में आसवी मोबाइल नामक दुकान का उद्घाटन इलाके के प्रतिष्ठित शिक्षक सह हिंदी-उर्दू भाषा के प्रसिद्ध कवि व शायर गुलाम गौस ने किया। इस मौके पर लोयाबाद के गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही। इस दुकान के संचालक मुन्तज़िर ने बताया कि आसवी मोबाइल में सभी प्रकार के मोबाइल आधुनिक मशीन द्वारा बनाए जाते हैं। खासकर, यहां पर आई सी लेवल का काम होता है। यहां पर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, लॉक को अनलॉक करने के काम के साथ-साथ डिस्प्ले, टच स्क्रीन, फोल्डर और स्पेयर पार्ट्स भी मिलेंगे। इस मौके पर मुस्तकीम राशिदी, मो जावेद अंसारी, मो निसार, मो नईम, गुलाम हसन, अबुल हसन, तासीन आसवी, अज़ीजुल, तबरेज़ आलम आदि मौजूद थे।

## रन फॉर क्लीन एयर को लेकर विद्यालयों में चला जागरुकता अभियान

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रन फॉर क्लीन एयर को लेकर बालिका विद्या मंदिर झरिया एवं इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग झरिया में जागरूकता अभियान चलाया गया। वर्ग दशम एवम एकादश के छात्र छात्राओं के बीच झरिया का प्रदूषण एवं स्वच्छ हवा पर चर्चा की गई। छात्र छात्राओं में रन फ़ॉर क्लीन एयर में शामिल होने को ले कर उत्साह देखा गया। बच्चों ने कहा कि हम सब मिल कर सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान को बल देंगे।

## तालाबंदी की जीत मांगों की स्वीकृति पर, प्रभारी कुलपति से मुलाकात



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को एनएसयूआई के द्वारा की गई तालाबंदी के दौरान जिन मांगों को रखा गया था उसमें आधी मांगो की स्वीकृति तत्काल कर दी गई थी बाकी बचे मांगो मे 1 .जिन कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई बंद कर दी गई थी उनमें फिर से पीजी की पढ़ाई शुरू की जानी चाहिए। 2. जूलॉजी एवं बॉटनी में नामांकन लेने की स्वीकृति। 3. दूसरी जेनेरिक पेपर की परीक्षा होनी चाहिए। 4. केवल दो बार पीजी करने की बाध्यता खत्म हो। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के बैठक में इन सभी मांगों पर सहमति बनने के बाद एनएसयूआई की टीम ने विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति से मुलाकात कर उनको पुष्पगुच्छ देते हुए उनका धन्यवाद किया गया। जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने आभार प्रकट करते हुए कहा पूर्व कुलपति तानाशाह एवं भ्रष्टाचार की मानसिकता को त्याग कर छात्रहित की मानसिकता रखते तो छात्रों के हक की लड़ाई इतनी लंबी ना चलती पर अंततः छात्रों की जीत हुई है। मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान, जय प्रकाश यादव, सौरम कुमार, मोहित कुमार आदि मौजुद थे।

## एयरपोर्ट सेफ्टी लाइजन के मानकों के तहत

# उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर वायुसेना के 3 हेलिकॉप्टर के लैंडिंग का हुआ रिहर्सल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डे पर आज भारतीय वायु सेवा के तीन हेलीकॉप्टर का एयरपोर्ट सेफ्टी लाइजन (ए.एस.एल.) के मानकों के तहत लैंडिंग का रिहर्सल हुआ। इसकी जानकारी देते हुए डीसीएलआर सतीश चंद्रा ने बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ रविवार, 10 दिसंबर को आईआईटी आईएसएम के 43 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने आज धनबाद हवाई अड्डे पर विंग कमांडर कैप्टन नंबर 1 एम. पालीवाल के नेतृत्व में एयरपोर्ट सेफ्टी लाइजन (ए.एस.एल.) (हवाईअड्डा सुरक्षा संपर्क) के मानकों के तहत भारतीय वायुसेना के तीन हेलीकॉप्टर का हवाई अड्डे पर लैंडिंग का रिहर्सल किया। इसके बाद जिला प्रशासन ने वायु सेना के अधिकारियों के साथ हवाई अड्डे के सभाकक्ष में बैठक की। बैठक में हवाई अड्डे की सुरक्षा, हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग, पार्किंग, चिकित्सकों की टीम, एंबुलेंस एवं टेक ऑफ इत्यादि को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं भारतीय वायुसेना के अक्षत शर्मा के साथ चार सदस्यीय टीम आज से उपराष्ट्रपति के आगमन से लेकर उनके प्रस्थान तक धनबाद में ही मौजूद रहेंगी। टीम प्रतिदिन हवाई अड्डे में सिक्योरिटी चेक, स्कैनिंग तथा अन्य सुरक्षा मानकों के तहत अपना कार्य करेगी। मौके पर डीसीएलआर सतीश चंद्रा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था)कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, एयरपोर्ट डेस्क ऑफिसर मिक्की सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।





## कई छात्राओं को साइकिल खरीदने के लिए मिला 4500 रुपये का चेक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज बाघमारा प्रखंड के डालुडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आई कई छात्राओं को साइकिल खरीदने के लिए डीआरडीए डायरेक्टर मुमताज अली अहमद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर सुषमा आनंद द्वारा 4500 रुपए का चेक प्रदान किया गया चेक मिलने के बाद सभी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि अब उन्हें अपने घर से स्कूल आने-जाने में आसानी होगी और पढ़ाई में अधिक समय दे सकेंगे।

## मंडरो पंचायत में लगा आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर

### गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने किया उद्घाटन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के पीरटांड प्रखंड अंतर्गत मण्डरो पंचायत में आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम का गिरिडीह सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू के द्वारा उद्घाटन किया गया। वही स्थानीय लाभुकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करवाया गया। साथ ही सभी को सरकार के ज़न उद्देश्य से अवगत कराया गया।

## सक्सेस स्टोरी : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

# कैम्प में ऑन द स्पॉट मिला 6 महीने का बकाया पेंशन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत सुदूरवर्ती अनुसूचित जनजाति बहुल ग्राम पंचायत कंचनपुर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कैंप के बारे में फूलायरडीह के आदिवासी वृद्ध महिला मंगली मंझियाईन को सूचना प्राप्त हुआ तो वह पेंशन के स्टाल में गई उसने बताया कि उसे 6 महीने से पेंशन प्राप्त नहीं हो रहा है।

उनके आधार से जांच करने पर पता चला कि उनको डीबीटी के माध्यम से नियमित रूप से बैंक ऑफ़ इंडिया में भुगतान किया जा रहा है।

कैम्प में मौजूद सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद ने कैंप में स्थित कॉमन सर्विस सेंटर में उस महिला को ले जाकर आधार के माध्यम से पेंशन का भुगतान कराया गया।

वह महिला पेंशन पाकर जिला प्रशासन और राज्य सरकार को बहुत धन्यवाद दी। उसने कहा कि अगर यह कैंप नहीं लगता तो मुझे पता भी नहीं चलता कि मेरा पैसा कहां जा रहा है।

आज कैंप के माध्यम से मेरा पेंशन का भुगतान प्राप्त हुआ है। इसके लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को बहुत बहुत धन्यवाद।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

# 11 दिसंबर को समिति के द्वारा रांची राज भवन में धरना दिया जाएगा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने गांधी सेवा सदन हीरापुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए समिति के सदस्यों ने कहा कि आज झारखंड राज्य में इतने बड़े तादाद में बांग्ला भाषा - भाषी के लोग रहते हैं। इसके बावजूद पूर्व सरकार एवं वर्तमान सरकार बांग्ला भाषा के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। आखिर क्यों बांग्ला भाषा को उपेक्षित किया जाता है ? जहां झारखंड के तमाम स्कूलों में बांग्ला पढ़ाया जाता था, आज वह पूरा पूरी बंद है। चुनाव के पहले बड़ी बड़ी घोषणाएं करती है, फिर सत्ता में आने के बाद यह लोग भूल जाते हैं। बांग्ला भाषा के प्रति अवहेलना का विरोध में और अपने हक और अधिकार के लिए आगामी 11 दिसंबर को झारखंड राज्य के वृहद संख्या में बांग्ला भाषा-भाषी के लोग रांची राज्यपाल भवन घेराव करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल, जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी, आशीष मंडल, राणा चट्टराज, सुरजीत चंद्रा, बादल सरकार, शिबू चक्रवर्ती, पप्पू सूत्रधार, सपन चटर्जी, अमिताभ बैनर्जी, नारायण चंद्र पाल आदि लोग मौजुद थे।

## 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जा रही 05 जोड़ी स्पेषल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 08439 पुरी-पटना स्पेषल पुरी से 06.01.2024 से 27.04.2024तक प्रत्येक शनिवार को (कुल 17 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

2.गाड़ी संख्या 08440 पटना-पुरी स्पेषल पटना से 07.01.2024 से 28.04.2024 तक प्रत्येक रविवार को (कुल 17 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

3. गाड़ी संख्या 03230पटना-पुरी स्पेषल पटना से 14.12.2023 से 25.01.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को (कुल 07 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

4. गाड़ी संख्या 03229 पुरी-पटना स्पेषल पुरी से 15.12.2023 से 26.01.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को (कुल 07 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

5. गाड़ी संख्या 02832 भुवनेष्वर-धनबाद स्पेषल भुवनेष्वर से31.12.2023 से 29.04.2024 तक प्रतिदिन (कुल 121 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

6. गाड़ी संख्या 02831 धनबाद-भुवनेष्वर स्पेषल धनबाद से 01.01.2024 से 30.04.2024 तक प्रतिदिन (कुल 121 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

7. गाड़ी संख्या 02024 पटना-हावड़ा स्पेषल पटना से 17.12.2023 से 31.12.2023 तक प्रत्येक रविवार को (कुल 03 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

8. गाड़ी संख्या 02023 हावड़ा-पटना स्पेषल हावड़ा से 17.12.2023 से 31.12.2023 तक प्रत्येक रविवार को (कुल 03 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

9. गाड़ी संख्या 05553 पाटलिपुत्र-गया स्पेषल पाटलिपुत्र से 16.12.2023 से 31.12.2023 तक प्रतिदिन (कुल 16 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

10. गाड़ी संख्या 05554 गया-पाटलिपुत्र स्पेषल गया से 16.12.2023 से 31.12.2023 तक प्रतिदिन (कुल 16 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी आवेदकों की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के कमारडीह पंचायत भवन के बगल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोजूडीह के प्रागंण में आज शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला परिषद सदस्या दिव्या बास्की ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। आज के इस शिविर में जनसमूहों का भीड़ उमड़ पड़ा। इस शिविर में उपस्थित सभी जनसमूहों को संबोधित करते टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का जनता भरपूर लाभ उठावें खासकर अबुआ आवास जैसे सम्मानजनक योजना जिसमें एक साथ सभी लोग आराम से जीवन बसर कर सकते हैं का लाभ लें। इस शिविर के माध्यम से लोगों को धोती साड़ी, पेंशन, कम्बल, सरकारी परिसंपत्तियों, समेत कई तरह के योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा जे एस एल पी एस के तरफ़ से चार लाख पचास हजार सीसीएल ऋण का वितरण चार सौ बारह सदस्यों को आई डी का वितरण तथा नवासी आम के पौधों का? वितरण किया गया।

## 5 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जा रही 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है :- 1.गाड़ी संख्या 08439 पुरी-पटना स्पेशल पुरी से 06.01.2024 से 27.04.2024 तक प्रत्येक शनिवार को (कुल 17 फेरे और) परिचालित की जायेगी। 2.गाड़ी संख्या 08440 पटना-पुरी स्पेशल पटना से 07.01.2024 से 28.04.2024 तक प्रत्येक रविवार को (कुल 17 फेरे और) परिचालित की जायेगी।

3.गाड़ी संख्या 03230 पटना-पुरी स्पेशल पटना से 14.12.2023 से 25.01.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को (कुल 07 फेरे और) परिचालित की जायेगी।

4.गाड़ी संख्या 03229 पुरी-पटना स्पेशल पुरी से 15.12.2023 से 26.01.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को (कुल 07 फेरे और) परिचालित की जायेगी।

5.गाड़ी संख्या 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल भुवनेश्वर से 31.12.2023 से 29.04.2024 तक प्रतिदिन (कुल 121 फेरे और) परिचालित की जायेगी। 6.गाड़ी संख्या 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल धनबाद से 01.01.2024 से 30.04.2024 तक प्रतिदिन (कुल 121 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

7. गाड़ी संख्या 02024 पटना-हावड़ा स्पेशल पटना से 17.12.2023 से 31.12.2023 तक प्रत्येक रविवार को (कुल 03 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

## सिद्धो-कान्हू जन संघर्ष मंच का गठन कर जल-जंगल-जमीन पर अधिकार की लड़ाई शुरू करने का निर्णय



प्रभात मंत्र सवांददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड के शहरपुरा में ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई जिसमें जल-जंगल-जमीन पर आदिवासियों तथा स्थानीय गरीबों के अधिकार की लड़ाई शुरू करने के लिए 'सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच' का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, इस पूरे इलाके में बड़े पैमाने पर वन भूमि में बसे आदिवासियों व अन्य स्थानीय गरीबों को आज तक जमीन का पट्टा नहीं मिला है, उल्टे उन्हें उजाड़ने की साजिश यदा-कदा होते रहती है। कहा कि, सरकार कि गलत नीतियों के कारण आदिवासी अपने अधिकार से वंचित हैं, वहीं कंपनियों सहित बड़े-बड़े लोग धड़ल्ले से जल-जंगल-जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। यह सब बर्दाश्त के बाहर है। इसलिए व्यापक आदिवासियों तथा गरीबों को 'सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच' के बैनर तले इसकी लड़ाई शुरू करने की बात हो रही है। हम इसका पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने लोगों से 10 दिसंबर को शहरपुरा में होने वाली मीटिंग में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। साथ ही कहा कि, भाकपा माले द्वारा 18 दिसंबर को धनवार में आहूत 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' 'जन संकल्प सभा' में भी व्यापक भागेदारी को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।मोदी सरकार ने देश को बर्बाद करके रख दिया है। देश के मजदूर-किसान तबाही का जीवन जी रहे हैं। बेरोजगारी चरम पर और महंगाई बेलगाम हो गई है।

## पिण्डरसोत के पूर्व मुखिया सकीना ने बांटे तीन सौ कंबल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जुमआ :** जमुआ मानवता की सेवा सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है।हमें निरीह, बेबस व असहाय लोगों की सहायता करने में गुरेज नहीं करना चाहिए। उक्त बातें हीरोडीह के थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल ने कसियोटोल में पिंडरसोत के पूर्व मुखिया द्वारा आयोजित कम्बल वितरण शिविर में बतौर विशिष्ट अतिथि कही। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि इस ठंढ भरे मौसम में सरकारी कम्बल गोदामों की शोभा बढ़ा रहें हैं। कहा कि पंचायतों में मुखिया की अध्यक्षता में कम्बल वितरण होना चाहिए। इसकी व्यवस्था सरकार करें। शिविर में तीन सौ से अधिक महिलाओं एवं वृद्धजनों को कम्बल प्रदान किया गया।कुछ लाचार, बीमार व अपंग लोगों को भी कम्बल दिए गए। कम्बल पाकर गरीब मजदूर व बेवा औरतें काफी खुश दिखी। सामाजिक कार्यकर्ता अनवर एवं शोभराती व राहुल कुमार ने कहा कि पूर्व मुखिया के मानवता भरे इस कार्य से अन्य लोगों व जनप्रतिनिधियों को सीख लेनी चाहिए। मुस्लिम अंसारी ने कहा हर साल अपने पुत्र के जन्मदिन पर कम्बल वितरण कर मानवता की सेवा करते हैं। जीप सदस्य प्रभा वर्मा ने कहा कि पूर्व मुखिया सकीना खातून ने अपने पुत्र आजम के 9वें जन्मदिन के मुबारक मौके पर गरीबों के बीच कम्बल वितरण कर इस दिन को यादगार बनाने का कार्य किया है। बोली गरीबों की दुआएं करोड़ों की दवाओं पर भारी है। दुआएं कभी बेअसर नहीं होती। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सकीना खातून के पति एवं कद्दावर नेता मुस्लिम अंसारी ने किया। कार्यक्रम में सदर सेक्रेटरी के अलावे वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार सुधीर द्विवेदी अनवर अंसारी, सेक्रेटरी जलील, युवा सदर शरीफ अंसारी, शोभराती अंसारी, याकुफ, राहुल कुमार, राकेश वर्मा, पूर्व मुखिया सकीना खातून, पूर्व मुखिया के पति मुस्लिम अंसारी सहित कई लोग थे।

# झारखंड के विकास की गारंटी का सिर्फ एक नाम नरेंद्र मोदी : किसलय तिवारी

➲हेमंत सरकार में अराजकता का बोलबाला : लक्ष्मण बड़ाईक
➲महिला, किसान, युवा एवं गरीब के उत्थान के लिए राज्य में भाजपा की सरकार है जरूरी : अजय कुमार सिंह




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** गौरतलब है कि आज रामरेखा धाम की पावन भूमि, सिमडेगा जिला में भाजयुमो झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष किसलय तिवारी का आगमन हुआ। अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में कार्य समिति की बैठक एवं मंडल सशक्तिकरण के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए किसलय तिवारी ने भाजयुमो के समस्त कार्यकर्ताओं को राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में भाजपा के प्रचंड जीत की हार्दिक शुभकामनाएं दी और संबोधन में कहा कि झारखंड के विकास की गारंटी सिर्फ मोदी हैं। वर्तमान समय में हेमंत सरकार की कार्य व्यवस्था प्रदेश की सारी जनता देख रही है। इस सरकार के नेतृत्व में किस तरह महिला, गरीब, युवा एवं किसान को ठगने का कार्य किया जा रहा है, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। झारखंड प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए हमें पूरे जोश और उमंग के साथ जनता के बीच जाना है तथा मोदी जी के नेतृत्व में चल रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कराना है। इन सभी कार्यों के लिए कार्यकर्ता अभी से सेवा में लग जाए। कार्यकर्ता गण अपने-अपने मंडल एवं बूथ का शक्तिकरण कर लें। आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में बूथ शक्तिकरण ही जीत का द्वारा खोलेगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि हेमंत सरकार में अराजकता का बोलबाला है। इस सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में जनता आईना दिखाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि महिला, किसान, युवा एवं गरीब के उत्थान के लिए राज्य में भाजपा की सरकार अत्यंत जरूरी है। कार्यक्रम मुख्य रूप से पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, भाजपा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, भाजयुमो महामंत्री विद्या बड़ाईक एवं अनिरुद्ध सिंह दांगी, उपाध्यक्ष सुबास महतो, अमित अग्रवाल एवं रुपेश बड़ाईक, मनीष कुजूर, आलोक प्रसाद, सोमलाल बेसरा, कामेश्वर प्रधान, विवेक श्रीवास्तव, पंकज कुमार, अमित बड़ाईक, नितेश कुमार सिंह, अजय कुमार जायसवाल, भोला प्रसाद गुप्ता, राहुल मिश्रा, राहुल कैथवार, विनोद बड़ाईक, राम प्रसाद राम, नित्यानंद सिंह, किशोर कुमार सिंह, राजू महतो, विनोद सिंह, बलदेव साहू, लखपति बड़ाईक, मोहन साहू, पुलकित कुमार सिंह, अक्षय, गौरव कुमार, संदीप नाग, संजय कुमार एवं चंदन प्रसून उपस्थित रहे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें लोहरदगा जिला में पानी मे डूबने से मृत 10 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की अनुशंसा को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गयी। इसी प्रकार सड़क दुर्घटना से मृत 04 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति दी गयी। अतिवृष्टि से आंशिक/पूर्ण मकान क्षति के 25 लाभुकों को मुआवजा हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। वज्रपात से मृत 02 व्यक्तियों और 10 पशुओं के आश्रितों को मुआवजा हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। अग्निकाण्ड के आश्रितों को भुगतान के मामलों में सत्यापन का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त वन एवं पर्यावरण विषय पर आवश्यक चर्चा की गई। आज की बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, डीएसपी मुख्यालय प्रमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह,जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार व अन्य उपस्थित थे।

# हॉकी इंडिया ने 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए 22 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 22 सदस्यीय टीम में सिमडेगा जिला की तीन सहित झारखंड के 04 खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग भी शामिल । हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले आगामी 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए 22 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। भारत टूर्नामेंट में आयरलैंड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम के खिलाफ खेलेगा जो 13 जनवरी 2024 से शुरू होने वाले सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से पहले तैयारी कार्य के रूप में काम करेगा। शीर्ष गोलकीपर सविता को कप्तान और अनुभवी प्रचारक वंदना कटारिया को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में गोलकीपर के रूप में सविता के साथ बिचू देवी खारीबाम को शामिल किया गया है, जबकि बैकलाइन में गुरजीत कौर के साथ-साथ डिफेंडरों की सूची में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और अक्षता अबासो ढेकाले की वापसी होगी। मिडफील्ड में निशा, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति और बलजीत कौर शामिल हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में ज्योति छत्री, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया, ब्यूटी डुंगडुंग और शर्मिला देवी हैं। 22सदस्यीय टीम में हमारे सिमडेगा जिला के तीन सहित झारखंड के 04 खिलाड़ी निक्की प्रधान,सलीमा टेटे,संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग भी सामिल है, निक्की प्रधान खूंटी जिला की रहने वाली है नन्ही सलीमा टेटे,संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग सिमडेगा जिला के रहने वाली है। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक साथ भारतीय महिला टीम में हमारे सिमडेगा जिला के तीन सहित झारखंड के चार खिलाड़ियों का चयन होना बड़ी उपलब्धि है, अभी विश्व कप खेलने गई भारतीय जूनियर महिला टीम में भी सिमडेगा की तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी खेल रही है और अपना अच्छा प्रदर्शन कर रही है दीपिका अभी तक 04 गोल और रोपनी कुमारी 03गोल कर चुकी है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक की मौत

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सदर थाना क्षेत्र के ईरगांव रेलवे स्टेशन के समीप बाजार टांड के पास की है जहां गुरुवार शाम 5 बजे के आस पास मालगाड़ी के चपेट में आने से एक लगभग 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई है,तत्काल स्थिति में मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी, स्थानीय लोगों ने बताया है की युवक बिहार का रहने वाला है जो की अपने ससुराल कैरो प्रखंड स्थित गुड़ी गांव आया था। मृतक के ससुर का नाम बिरसा उरांव बताया जा रहा है,हालांकि इस घटना मामले में स्थानीय लोगों द्वारा शाम को ही सदर थाना को सूचित कर दिया गया था।रात्रि करीब 9 बजे पुलिस ने आकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# गन्ना चोरी करना पड़ा महंगा खेत से गन्ना चोरी करते देख खेत मालिक ने युवक को कुल्हाड़ी से मार किया घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा थाना के सीमांत पुसो थाना क्षेत्र अंतर्गत अरको पतरा टोली के समीप खेत से युवक को गन्ना चोरी करना महंगा पड़ गया है। खेत से गन्ना चोरी करते देख खेत मालिक ने युवक को कुल्हाड़ी से मार घायल कर दिया। इससे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा व पुसो थाना को दी। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने तत्काल घटनास्थल पहुंच घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां डाक्टर ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया है। घायल युवक की पहचान गुमला जिले घाघरा थाना क्षेत्र के सिरकोट गांव निवासी तपेश्वर सिंह के पुत्र शिव कुमार सिंह (30 वर्ष) के रुप में हुई है। जो फिलहाल अपनी पत्नी के साथ भंडरा के नौडीहा चौक में किराए के मकान में रहता है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि शिवकुमार सिंह अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से सिसई-मलंगटोली मुख्य पथ होते हुए भंडरा आ रहा था। तभी खेत में गन्ना लगा हुआ देख गन्ना तोड़ने लगा। इसी दौरान खेत मालिक भंडरा थाना क्षेत्र के बुची टोली गांव निवासी गौरी शंकर उरांव की नजर पड़ी। इसी पर गौरी शंकर ने गन्ना चोर कहते हुए कुल्हाड़ी से उसके सिर में वार कर दिया। इससे युवक शिवकुमार सिंह की हालत गंभीर हो गई है।

# आदिवासी समाज की धरोहर के साथ छेड़छाड, ग्रामीणों में आक्रोश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के ग्राम प्रधान सुखनाथ उरांव तथा पहान के लिखित आवेदन के द्वारा बताया गया है की ग्राम जोरी लोहरदगा में कब्रिस्तान के घेरा के अंदर अवस्थित आदिवासियों का आराध्य देव करम वृक्ष को नुकसान पहुचाने और शाति भंग करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक तथा अनुमंडल पदाधिकारी को आदिवासी समाज ने लिखित शिकायत कर कहा है कि ग्राम जोरी स्थित मुस्लिम समुदाय का कब्रिस्तान का घेरा के अंदर एक करम का वृक्ष है, जिसका मोटाई करीब 13-14 फिट है। इस करम वृक्ष का पूजा पाट आदिवासियों द्वारा पुरखो से किया जा रहा है। 2005 के आस-पास मुस्लिम समुदाय के द्वारा कब्रिस्तान का घेरा बंदी के समय इस आराध्य देव करम पेड़ को जबरदस्ती घेरा के अंदर कर दिया गया था जबकि पूजा-पाठ के लिए अलग से एक गेट देने की बात थी तब से अब तक यह एक विवाद का विषय हो गया है। वही दिनांक 07.12.2023 दिन बृहस्पतिवार को सवेरे घेरा से झाँककर देखने से दिखाई दिया कि करम पेड़ के चारों ओर करीब 2 फीट के आस-पास का पेड का छाल को टांगी से छीलकर अलग कर दिया गया है। इससे साफ है कि यह कार्य पेड़ को मार देने के ख्याल से किया गया है ताकि यह पेड़ धीरे-धीरे सुख जाए और मर जाए। इस अदम्य-देव को छति करने से आदिवासी समुदाय के धर्मावलम्बियों में काफी आक्रोश है एवं धार्मिक उन्माद की फैलने की आशका भी जताई गई है। चूंकि कब्रिस्तान में एक गेट है जिसपर हमेशा ताला लगा रहता है। यह गेट की जिम्मेवार व्यक्ति जो अंजूमन इस्लामिया जोरी के अध्यक्ष-सचिव एवं अन्य लोगो के मिली भगत से हुआ है। जिसपर त्वरित कानुनी कार्रवाई करने की मांग की गई है,उक्त गेट का ताला की चाभी अंजूमन इस्लामिया,जोरी के सदर एवं सचिव के पास रहता है। उक्त भूमि का मापी नया नक्शा के आधार पर करने की एवं करम देवता को घेरा बंदी से मुक्त कराने कि भी मांग की गई है तथा इस मामले में घटना की जांच कर त्वरित कानुनी कार्यवाही करने की भी मांग की गई है।

## सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति पहुंचना ही मुख्य उद्देश्य : गीता



**पड़वा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को कजरी पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख गीता मेहता, अंचलाधिकारी हलधर सेठी, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ऊर्फ मंटू सिंह, मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे. इस अवसर पर प्रमुख गीता देवी ने कहा की सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचना ही शिविर का उद्देश्य है. मुखिया रंजना कुमारी ने कहा की समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ मिले इसे लेकर आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जा रहा है. इसके माध्यम से योजनाओं की जानकारी भी मिलता है। शिविर में जेएसएसपीएल के तरफ से समूह की महिलाओं को लॉन के लिए चेक दिया गया। शिक्षा विभाग के द्वारा सायकल वितरण के लिए चेक दिया गया। बाल विकास परियोजना के तरफ से छोटे बच्चे का अनप्राशन कराया गया। आपूर्ति विभाग से धोती साड़ी व कंबल का भी वितरण किया गया. मौके पर वीपीओ स्वीटी सिंह, उप मुखिया रीमा देवी, समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह सहित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आलावे ग्रामीण मौजूद थे।

# झामुमो में सदस्यता ग्रहण के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को करें जागरूक : तिवारी भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉक बंगला परिषद में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के निर्देशानुसार झामुमो प्रखंड समिति की एक बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप से जिला उपाध्यक्ष तिवारी भगत मौजूद रहे। मौके पर झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीम टोप्पो, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी, संगठन सचिव तैयब खान, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्यामनंदन लोहरा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड समिति के अध्यक्ष परवेज अंसारी ने की एवं संचालन का कार्यभार अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नसीम मिरदाहा ने संभाला। सभी अतिथियों को प्रखंड समिति की ओर से पुरजोर स्वागत किया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ने सभी पंचायत अध्यक्ष एवं सचिव को संबोधित करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए कि सदस्यता ग्रहण के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा चलाई जा रही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का का प्रचार-प्रसार करें और जनसंपर्क कर सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाए, साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान करने का निर्देश दिया गया ताकि आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन पहले से और ज्यादा बेहतर हो। बैठक में मुख्य रूप से बीस सूत्री सदस्य अमरेश रथे, अब्दुल कुद्दुस, प्रखंड कोषाध्यक्ष साजिद अंसारी, प्रखंड संगठन सचिव तबरेज अंसारी, उदरंगी पंचायत अध्यक्ष खुर्सिद अंसारी, भिट्ठा पंचायत अध्यक्ष मनोज उरांव, मसमानो पंचायत अध्यक्ष रामबृक्ष उरांव, अकाशी पंचायत अध्यक्ष सैफुल्ला अंसारी, भंडरा पंचायत सचिव रेहान अंसारी, किस्को अल्पसंख्यक के प्रखंड अध्यक्ष निझर कुजूर, नीरज चोपड़ा, रामबिलास उरांव, देवथान महली, सादिक अंसारी, हबीब अंसारी एवं प्रखंड व पंचायत स्तर के सभी नेतागण मौजूद थे।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का किया गया आयोजन। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अब्बू इमरान ने कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। उसके उपरांत उपायुक्त ने लगाए गए शिविर के विभिन्न विभागो में जाकर के बारीकी से निरीक्षण किया। इस शिविर कार्यक्रम के तहत कोयद पंचायत के ग्रामीणों की मूल भूत समस्याओं का निराकरण किया गया। गरीब और असहाय व्यक्तियों के बीच उपायुक्त के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। वही शिविर के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुए सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन योजना, राशन कार्ड, अबुवा आवास योजना इत्यादि कई प्रकार के योजनाओं का त्वरित कार्यवाही किया गया। इस मौके पर अनुमंडल अधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव, अंचल अधिकारी राजेंद्र राम, कोयद पंचायत के मुखिया किशुन राम, सचिव मोहम्मद इमरान सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। शिविर में पूरी तरह से अबुआ आवास को लेकर भीड़ बना रहा।

# कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन लोहरदगा में मनाई गई स्वर्गीय कार्तिक उरांव की पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** शुक्रवार को राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय लोहरदगा में स्वर्गीय कार्तिक उरांव जी की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि विषम परिस्थितियों में जंगल से निकलकर लंदन तक का सफर कार्तिक बाबा ने अपनी बुद्धि एवं कौशल के बल पर तय किया। उन्होंने सामाजिक उत्थान में अपना बहुमूल्य योगदान दिया लेकिन अपनी मातृभूमि झारखंड को नहीं भूले। जवाहर लाल नेहरू के आह्वान पर वापस अपनी मातृभूमि की सेवा करने झारखंड लौट आए। यहां आकर निरीह व कमजोर आदिवासियों की सशक्त आवाज बने। उनके ही प्रयासों से आदिवासियों पर होनेवाले अन्याय पर अंकुश लगा तथा भूमि वापसी, आरक्षण, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना ट्राइबल्स ऑफ प्लान एवं आदिवासियों के धार्मिक पहचान को स्थापित किया जा सका। युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा की आदिवासी विकास परिषद के माध्यम से एकजुट कर राष्ट्र के मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विचारधारा के प्रतीक कार्तिक पुराण आम लोगों के हितों के लिए बराबर संघर्ष करते रहे कार्तिक बाबू महान व्यक्तित्व के धनी थे जो झारखंड की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते थे और उनकी समस्याओं का निराकरण करते थे उनमें किसी प्रकार की विदेश की भावना नहीं थी वे सभी का सम्मान करते थे। इस मौके पर प्रदेश सेवादल सचिव प्रदीप विश्वकर्मा, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव सोहारात अंसारी, रौनक इकबाल, जिला महासचिव दीपक महतो, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव, प्रखंड अध्यक्ष सत्यदेव भगत, 20 सूत्री अध्यक्ष पेशरार रविंदर सिंह, युवा कांग्रेस महासचिव असलम अंसारी, फारुख हुसैन, मुशर्रफ रजा, सद्दाब अंसारी, एजाज अंसारी, असलम अंसारी मुनव्वर आलम, इम्तियाज अंसारी, मदन प्रसाद, सुबोध भगत, कालेश्वर उरांव, विकास भगत, बीसराम उरांव, एवं अन्य पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनायें चला रही है जिसका लाभ उठायें ग्रामीण जनता : पलटू महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित पंचायत भवन के समीप मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार तृतीय चरण का कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिप सदस्य राधा तिर्की, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातुन, मुखिया बसंती देवी एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ कराया गया। वहीं आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम स्थल में अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणककरी योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठायें और स्वरोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बने राज्य की जनता का विकास के लिये सरकार द्वारा विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है। जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने कहा कि सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है। जिसमें विधवा, वृद्धा, सर्वजन पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, पशुधन योजना, छात्र छात्राएँ के लिये छात्रवृत्ति का और सावित्री बाई फुले योजना,महिलाएँ फूलों झानो योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद व्यक्ति लें और आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों का अलग अलग स्टॉल लगा हुआ है। आप सभी जनता को जो भी चीज की आवश्यकता है उसके लिये आवेदन प्रपत्र भर कर सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारी के पास आवेदन जमा कर दें। जिस पर त्वरित करवाई करते हुए लाभ दिलाया जायेगा। जिसे गरीब असहाय व्यक्तियों को प्रखंड या अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना नही पड़ेगा। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का जानकारी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान भारत,सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,पशुधन योजना,कृषि योजना,मनरेगा योजना के लाभुकों के बीच लगभग 30 लाख रुपये तक का परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। साथ ही छात्र छात्रओं को साइकिल खरीदने के लिये 4500 रु. का चेक प्रदान किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातुन, पंचायत सचिव सुजीत उराँव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, सगीर अंसारी के अलावे सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का उद्घाटन आज करेंगे सांसद



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़वा प्रखंड के ग्राम पंचायत लोहड़ा मध्य विद्यालय के प्रांगण में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का उद्घाटन आज सांसद पलामू विष्णु दयाल राम करेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है जिसमें आप सभी अपना स्वास्थ्य का चेकअप करा सकते हैं। साथ ही साथ हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,किसान सम्मान निधि योजना,केसीसी,पोषण अभियान, जनधन योजना,सुरक्षा बीमा योजना,जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना। उनके बीच सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार करना तथा उन्हें लाभान्वित करना है। इस अवसर पर आप सभी से आग्रह है कि भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर उक्त योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और लाभान्वित हो।

### राजस्व शाखा एवं जलापूर्ति शाखा की समीक्षात्मक बैठक में प्रशासक ने दिये निर्देश

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रशासक अमीत कुमार, भाप्रसे की अध्यक्षता में राजस्व शाखा एवं जलापूर्ति शाखा की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई, जिसमें प्रशासक के द्वारा कहा गया कि इस वित्तीय वर्ष के राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों को एक कार्य योजना बनाकर कार्य करना होगा ताकि वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में शत् प्रतिशत होल्डिंग टैक्स एवं वाटर यूजर चार्ज प्राप्त किया जा सके। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रशासक के द्वारा निम्नांकित निदेश दिये गए वार्डवार बड़े बकायदारों की सूची तैयार कर नोटिस निर्गत करना प्रारंभ करें। एजेंसी के प्रतिनिधि निगम क्षेत्रांर्तगत सभी अपार्टमेंट के सभी फलैटों का Assessment कराना सुनिश्चित करें। अगर आवश्यकता हो तो अपार्टमेंटों में कैंप के माध्यम से होल्डिंग प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्त करें।जिन-जिन सरकारी भवनों से होल्डिंग टैक्स प्राप्त नहीं की गई है उन सभी को डिमांड नोटिस प्रेषित करने की कार्रवाई करें। शहर के अंदर जितने भी नव-निर्माण संरचना हो रहे है, उन सभी संरचनाओं का ह्यह्यद्गह्यह्यद्वद्गठ्ठह्ल कराते हुए होल्डिंग टैक्स प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावा जलापूर्ति शाखा के समीक्षा के दौरान उन्होंने टैक्स कलेक्शन एजेंसी के प्रतिनिधियों को निदेश दिया कि निगम क्षेत्रांतर्गत सभी उपभोक्ताओं को जल कर प्रपत्र शत प्रतिशत देना तथा टैक्स की वसूली करना सुनिश्चित करे। इसके अलावा जुडको के साथ समन्वय बनाते हुए सभी नॉन मीटर कनेक्शन को मीटर्ड करना सुनिश्चित करें।बैठक में उप प्रशासक रजनीश कुमार, उप प्रशासक रवीन्द्र कुमार, नगर प्रबंधक, तथा टैक्स कलेक्शन एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना से युवाओं के सपने हुए सच

# थैंक यू सीएम सर

**आदिवासी छात्र ने लंदन के यूनिवर्सिटी से डिस्टींक्शन के साथ प्राप्त की डिग्री, कहा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड के वंचित और शोषित समाज के मेहनती और होनहार आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक बच्चों की प्रतिभा दुनिया के सामने लाने का जो सपना मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने देखा था, आज वह हकीकत में बदल रहा है। झारखण्ड के युवा अब शिक्षा के क्षेत्र में विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहें हैं। ऐसी ही प्रतिभा का प्रदर्शन पूर्वी सिंहभूम के पोटका प्रखंड स्थित भाटिन गांव निवासी अजय हेंब्रम ने दिखाई है। अजय ने लंदन के यूनिवर्सिटी में डिस्टींक्शन के साथ डिग्री प्राप्त की। अजय खुश है। कहते हैं भले ही डिग्री के लिए मैंने पढ़ाई की लेकिन इसका श्रेय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मंत्री चंपई सोरेन को जाता है, जिन्होंने हम जैसे युवाओं को वैश्विक मंच पर छा जाने का अवसर मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के जरिए दिया। अब हमलोग यहां के लोगों के बीच अपने समाज, राज्य और देश की और भी बेहतर छवि बनाने का प्रयास करेंगे।

**मुख्यमंत्री ने बढ़ाया हौसला:** मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर अजय से कहा आदरणीय बाबा दिशोम गुरुजी कहा करते हैं कि गरीब और वंचित समाज के युवाओं को शिक्षा के अवसर मिलते हैं तो सिर्फ वो ही नहीं, उनका घर, गांव और समाज भी आगे बढ़ता है। आप सदैव अपनी मेहनत और लगन से सफलता की बुलंदियों को छूते रहें। मुख्यमंत्री ने अजय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा झारखण्ड के युवाओं के साथ उनका यह भाई हमेशा खड़ा है और रहेगा।

**सरकारी खर्चे पर वंचित वर्ग से 50 युवा विदेश में प्राप्त कर रहे उच्च शिक्षा:** मालूम हो कि मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत अब तक राज्य के 50 युवक-युवती ब्रिटेन के विभिन्न यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, या कर रहें हैं। जिन्होंने पढ़ाई पूरी कर ली है उनमें से कुछ विदेश में ही नौकरी कर रहे हैं और कुछ देश में ही उच्च संस्थानों में नौकरी कर रहे हैं। इनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र - छात्राएं शामिल हैं। इन सभी को राज्य सरकार शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है।

देश भर में पहली बार मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में इस तरह की छात्रवृत्ति योजना झारखण्ड में लागू की गई है।

### मुख्य सचिव से मिला झाप्रसे संघ का प्रतिनिधिमंडल



**रांची :** राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते से शुक्रवार को झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार के नेतृत्व में प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने संघ के सदस्यों के समक्ष आ रही प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रीमियर सर्विस, चाइल्ड केयर लीव, डीपीसी की बैठक एवं समयबद्ध प्रमोशन तथा प्रोन्नत पदाधिकारी के पद को उत्क्रमित करने की परिपाटी को समाप्त करना शामिल था।

### प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से सम्बंधित समस्याओं के सुगम निस्तारण हेतु स्कालरशिप हेल्पलाइन शुरू

**आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय द्वारा शुरू की गई है स्कालरशिप हेल्पलाइन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से संबंधित समस्याओं से अब झारखण्ड के छात्रों को निजात मिलेगी। छात्रवृति से सम्बंधित समस्याओं के सुगम निस्तारण हेतु झारखण्ड सरकार के आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय ने इसके लिए स्कालरशिप हेल्पलाइन शुरू की है।

**इस नयी व्यवस्था के अंतर्गत किए गए हैं तीन प्रावधान**

इस नयी व्यवस्था के अंतर्गत छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन प्रावधान किए गए हैं। छात्र अपनी समस्या के समाधान हेतु टोल फ्री नंबर 1800-599-1289 पर प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्हाट्सप्प नंबर 9440256299 चौबीस घंटे छात्रों की समस्या ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से पंजीकृत करने हेतु चालू रहेगा। साथ ही ङ्क (ट्विटर) अ क ा उ ट @TWC_Office_Jhar पर भी छात्र अपनी समस्या प्रेषित कर सकते हैं। उपरोक्त तीन माध्यमों से प्राप्त समस्याओं का प्रत्युत्तर/निराकरण/निस्तारण 48 घंटे में किया जायेगा।

इस नयी व्यवस्था के तहत छात्र अपनी समस्या के समयनिष्ठ निस्तारण के लिए अपनी छात्रवृति आवेदन संख्या, पूरा नाम, अकादमिक वर्ष, मोबाइल नंबर, एवं जिले के साथ अपनी समस्या का उल्लेख कर सकते हैं ।

## मंडल सशक्तिकरण को लेकर भाजयुमो ने जारी किया विस्तारकों की सूची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा:** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने मंडल सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम को लेकर विस्तारको की सुची की। उन्होंने कहा कि भाजयुमो विस्तारक मंडल में लगातार नौ दिनों तक मंडल सशक्तिकरण अभियान के दौरान युवाओं को जोड़कर संगठन मजबूत करेंगे। इस दौरान मंडल में अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। युवा सम्मेलन, नवमतदाता सम्मेलन लाभुक सम्मेलन सहित अन्य कई कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मंडल में सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो शक्ति केंद्र स्तर पर युवाओं को जोड़कर टीम गठित किया जाएगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर मुख्य रूप से विस्तारको का घोषणा किया जिसमें मुकेश चौबे को धुरकी, रुपेश अग्रवाल को सगमा, रत्नेश ठाकुर को श्रीबंशीधर ग्रामीण, हैप्पी प्रताप शाही को श्रीबंशीधर नगर मंडल, राजीव रंजन पासवान को भवनाथपुर, जयप्रकाश गुप्ता को खरौंधी, जीतेन्द्र दीक्षित को केतार, रामानुज सिंह को हरिहरपुर, कंचन रवि को विशुनपुरा, अनिमेष चौबे को रमना, अभिमन्यु गुप्ता को डंडई, डॉ लालमोहन मेराल उत्तरी, लक्ष्मीकांत पाण्डेय को मेराल दक्षिणी, अरुण तिवारी को गढ़वा ग्रामीण, जयंत पाण्डेय को गढ़वा नगर मंडल, अविनाश पासवान को गढ़वा गोवावल मंडल, पन्ना सिंह खरवार को चिनियां, सुमेर चौधरी को डंडा, विकास तिवारी को रंका उत्तरी, रीतेश चौबे को रंका दक्षिणी, जीतेन्द्र चौबे को रमकंडा, अनिमेष दुबे को भंडरीया, नवीन जायसवाल को बड़गड़, संजय जायसवाल को मझीआंव नगर मंडल मझीआंव ग्रामीण, शिवम भारद्वाज रामाशीष तिवारी को बरडीहा, संजय कमलापुरी को कांडी का विस्तारक बनाया गया है।



मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान जिला, मंत्री संजय जायसवाल, जिला मिडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री राम उनय तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रतिभागियों की संख्या एक करोड़ से अधिक हुई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा देश भर में नागरिकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने वाला एक परिवर्तनकारी अभियान बनकर उभरी है।इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विकसित किए गए कस्टमाइज्ड पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, 7 दिसंबर, 2023 तक यह यात्रा 36,000 से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी है और 1 करोड़ से अधिक नागरिकों की भागीदारी इसमें देखी गई है। भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश 37 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी के साथ इसमें सबसे आगे है। इसके बाद महाराष्ट्र में 12.07 लाख और गुजरात में 11.58 लाख लोगों ने भाग लिया। इस यात्रा को जम्मू-कश्मीर में भी जोश भरा स्वागत मिला है, जहां से अब तक 9 लाख से अधिक लोग भाग ले चुके हैं।हर गुजरते दिन के साथ लोगों की भागीदारी में और तेजी आई है। संकल्प यात्रा के पहले सप्ताह के दौरान 500,000 नागरिकों की भागीदारी देखी गई। पिछले 10 दिनों के दौरान देश भर से 77 लाख से अधिक लोगों ने इस यात्रा में भाग लिया। बहुत ही कम समय में, यह यात्रा शहरी क्षेत्र में 700 से अधिक स्थानों तक पहुंच गई है और कुल 79 लाख लोगों ने संकल्प लिया कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रयास करेंगे।एक अभूतपूर्व आउटरीच प्रयास में यह यात्रा सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) वैनों का उपयोग करके 2.60 से अधिक ग्राम पंचायतों और 3600 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करने की ओर बढ़ रही है।




इन वैनों के जरिए लोगों से आह्वान किया जाता है कि वे अपने लाभ के लिए सरकारी योजनाओं का उपयोग करें।इस यात्रा का एक केंद्रीय बिंदु महिला-केंद्रित योजनाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाना है जिसके चलते 46,000 से अधिक लाभार्थियों ने पीएम उज्ज्वला योजना के लिए नामांकन किया है। स्वास्थ्य शिविर भी एक बड़ा आकर्षण साबित हुए हैं और अब तक 22 लाख व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है।विकसित भारत संकल्प यात्रा के हिस्से के रूप में किसानों के लिए किए गए ड्रोन प्रदर्शनों ने काफी उत्सुकता पैदा की है। ड्रोन दीदी योजना के तहत 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे और दो महिला सदस्यों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके शुभारंभ के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं ड्रोन उड़ानों को देखने के लिए आगे आ रही हैं। ये समूह एक शुल्क लेकर ड्रोन सेवाओं को किराए पर देंगे, जो कि इन स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए राजस्व के एक और जरिए के रूप में काम करेगा।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर नौ को कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक



**रांची** : संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शनिवार को पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि पूर्वाह्न 10 बजे डालटेनगंज में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। इसके बाद 11 बजे गढ़वा में इंदिरागांधी चौक से निकाले जा रहे बाइक जुलूस में शिरकत करेंगे। इसके अलावा एक बजे भवनाथपुर विधानसभा के विशुनपुरा में प्रखंड, मंडल एवं पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक संगठन सशक्तिकरण अभियान पर चर्चा करेंगे।

## उपायुक्त ने वीआर युक्त एलईडी वाहन को हरीझंडी दिखाकर किया रवाना

**प्रभाता मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आमजनों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए वी0आर0 युक्त एलईडी वाहन को आज समाहरणालय स्थित परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला जनसंपर्क विभाग झारखंड सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए वीआर युक्त एलईडी वाहन जिले के विभिन्न पंचायतों एवं वार्डों में जाकर आमजनों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रति जागरूक करेगा।

विभिन्न योजनाओं की डॉक्युमेंट्री मूवी के माध्यम से काफी सरल तरीके से फूलो झानो आशीर्वाद योजना, श्रमदान योजना, केसीसी योजना, हर राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना समेत अन्य योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जाएगा।



जिससे आमजनों में सरकारी योजनाओं के प्रति जानकारी का अभाव न रहे और वह पूरी तरह से जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। मौके पर उपायुक्त समेत उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केसरी समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी द्वारा भी स्वयं वीआर ग्लासेज लगाकर योजनाओं की जानकारी और भी स्पष्टता पूर्वक आँखों के सामने देखी गई।

## झारखंड में पंचायतों के विकास के लिए भारत सरकार ने दिए 7123 करोड़ : सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की पंचायतों के विकास के लिए विगत 6 वर्ष में भारत सरकार ने 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड को 7071 करोड रुपए की राशि जारी की है। उपरोक्त आशय की जानकारी केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल पाटिल ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ को दी। सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में यह पूछा था की पंचायती राज मंत्रालय के द्वारा विगत 5 वर्षों में देशभर की पंचायत के विकास के लिए कितनी राशि दी गई है। उसका कितनी योजनाओं के तहत कार्यान्वयन किया जाना है। पंचायती राज प्रणाली के अंतर्गत पंचायत के विकास के लिए और क्या प्रावधान है। इसी सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया कि पंचायती राज मंत्रालय निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारी के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण और ग्राम पंचायत भवन और कंप्यूटर कारण जैसी आधारभूत सहायता के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को मजबूती प्रदान करता है। इसके साथ ही ग्राम स्वराज अभियान पंचायत का प्रोत्साहनीकरण भारत सरकार की योजना है। इसके तहत पंचायत में सेवा प्रदायगी और सार्वजनिक सुधार हेतु उनके सर्वश्रेष्ठ काम की मान्यता में काम करने वाले पंचायत को पुरस्कार प्रदान किया जाता है। भारत सरकार ई-पंचायत पर मिशन मोड परियोजना को लागू कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि प्रतिनिधियों के कामकाज में दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता लाने और इसके समग्र परिवर्तन के लिए योजनाएं लागू की जा रही हैं। इसके साथ ही केंद्रीय वित्त आयोग अवार्ड के तहत प्रतिनिधियों को उनके बेहतर कार्य निष्पादन के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। जिससे पंचायत का विकास सुनिश्चित हो सके। राशि जारी करने को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2018-19 से 2023-24 तक 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायत के विकास के लिए विभिन्न राज्यों को बड़े पैमाने पर राशि जारी की गई है, जिसमें झारखंड को 7000 करोड रुपए से अधिक की राशि जारी हुई है। वर्ष 2018-19 में 1208 करोड़, 19 - 20 में 1632 करोड़, 20-21 में 1689 करोड़, 21-22 में 1249 करोड़ और 22-23 में 1293 करोड रुपए की राशि जारी की गई है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत झारखंड को विगत 5 वर्षों में 45 करोड रुपए की राशि प्रदान की गई है। वहीं पंचायत का प्रोत्साहनीकरण योजना के तहत पुरस्कार राशि के रूप में झारखंड को लगभग 7 करोड रुपए की राशि प्रदान की गई है, जिसके तहत पंचायत का विकास किया जाना है।

### राज्य में बारिश थमी और खिली धूप, कड़ाके की ठंड भी शुरू

**रांची :** राजधानी समेत पूरे राज्य के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। मंगलवार से शुरू हुई बारिश के बाद शुक्रवार को धूप निकली लेकिन इसके साथ कड़ाके की ठंड का दौर भी शुरू हो गया है। इससे रांची व आसपास के जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रांची में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से में उठे चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण राज्य के मौसम में बदलाव हुआ है।इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। नौ दिसंबर के बाद आसमान से बादल छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट के साथ कंपकंपी बढ़ेगी। कुहासा व धुंध का असर भी बढ़ने लगेगा। उन्होंने कहा कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से में उठे चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर के कारण ही राज्य के मौसम में बदलाव हुआ है।

## रेलवे कर्मचारियों के मतदाता निबंधन शिविर 9 व 10 को : के. रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत अपने कार्यालय सभागार में अनिवार्य सेवाओं से सम्बंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में के. रवि कुमार ने कहा कि एक भी मतदाता छूटे नहीं इस लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग काम कर रहा है। निर्वाचन के दौरान अनिवार्य सेवाओं जैसे रेलवे, स्वास्थ्य, अग्निशमन, विद्युत निगम, मीडिया आदि संस्थाओं में काम करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मी अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों, इस हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा न केवल इन संस्थाओं में एक-एक दिन का स्पेशल कैम्प लगाकर सभी कर्मियों के मतदाता पहचान पत्र संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान किया जाएगा बल्कि इसके साथ साथ वैसे मतदाता जो अनिवार्य सेवाओं से जुड़े होने के कारण मतदान के दिन बूथ पर संभव न हो उनके लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था कराई जाएगी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकरी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, स्वास्थ्य सेवा के उप निदेशक डॉ. अनिल कुमार, अग्निशमन के कमिश्नर अमित कुमार सिंह, जेवीएनएल के जेनरल मैनेजर सुनिल कुमार, बीएसएनएल के एजीएम आर.आर. तिवारी एवं बी सिंह, एडीआरए के एपीओ गौतम कुमार, दूरदर्शन से दिवाकर कुमार, पीआईबी की फील्ड पब्लिसिटी ऑफिसर महविश रहमान एवं आकाशवाणी से शिल्पी सहित मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

